सुप्रभात
रांची, शनिवार
07.10.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आश्विन, कृष्ण पक्ष, अष्टमी/नवमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 87



12 मेरा पिया घर आया 2.0 में नजर आयेंगी सनी लियोनी

## न्यूज डायरी

### भारत को झटका : गिल को डेंगू, खेलना संदिग्ध

**नयी दिल्ली।** टीम इंडिया के लिए एक बुरी खबर सामने आ रही है। खबरों के अनुसार स्टार खिलाड़ी शुभमन गिल का डेंगू टेस्ट पॉजिटिव आया है। ऐसे में रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले मैच में उनका खेलना संदिग्ध है।

### हाथियों ने पटक कर एक व्यक्ति की जान ले ली

**सिमडेगगा।** बांसजोर प्रखंड के कोमबाकेरा कादोपानी गांव में जंगली हाथियों ने एक व्यक्ति को पटक कर मार डाला। कोमबाकेरा कादोपानी क्षेत्र में गुरुवार की रात 18 की संख्या में जंगली हाथियों का झुंड आ पहुंचा। ग्रामीण मशाल, टॉर्च आदि के सहारे जंगली हाथियों को भगाने लगे। इसी दौरान 40 वर्षीय जुएल तोपनो को हाथियों ने पटक-पटक कर मार डाला।

### एसीबी ने 15 हजार घूस लेते हल्काकर्मी को पकड़ा

**चतरा।** एसीबी हजारीबाग की टीम ने शुक्रवार को 15 हजार रुपये घूस लेते हल्का कर्मचारी बिपिन चौबे को गिरफ्तार किया है। एसीबी गिरफ्तारी के बाद विपिन चौबे को हजारीबाग ले गयी। इस संबंध में एसीबी के डीएसपी विमलेश त्रिपाठी ने बताया कि गिरफ्तार कर्मचारी जोरी हल्का 11 में पदस्थापित था और उसने भूमि से संबंधित दस्तावेज के नाम पर घूस मांगी थी।

### घाटी में बोरी में बंद मिला महिला का शव

**रामगढ़।** चुट्टूपालु घाटी में बोरी में बंद एक महिला का शव बरामद हुआ। शुक्रवार को रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित महतो ने बताया कि कुछ लोगों ने बोरी में बंद लाश की सूचना दी। पुलिस के अनुसार महिला की मांग में सिंदूर भी लगा हुआ था। आशंका कि कही और हत्या कर शव को यहां फेंक दिया गया है। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

### सीएम नें महिलाओं को दी जितिया की शुभकामनाएं

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर कहा, संतान की सुख समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु के लिए निर्जला व्रत रखने वाली सभी माताओं, बहनों और उनके परिवारजनों को जितिया व्रत की शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा सभी स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रहें।

### अब एलओसी तक चलेगी रेल

**श्रीनगर।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि उत्तरी कश्मीर सीमावर्ती जिले को रेलवे लाइन से जोड़ने के लिए मंत्रालय तकनीकी सर्वेक्षण कर रहा है। नियंत्रण रेखा के करीब स्थित सीमावर्ती जिला कुपवाड़ा को भी रेलवे लाइन से जोड़ा जायेगा।

### संजय सिंह के तीन करीबियों को समन

**नयी दिल्ली।** आप सांसद संजय सिंह के तीन करीबियों विवेक त्यागी, सर्वेश मिश्रा और कंवरबीर सिंह को इडी ने पूछताछ के लिए बुलाया है। संभावना है कि तीनों करीबियों को संजय सिंह से आमना-सामना कराया जायेगा। इसकी रिकॉर्डिंग भी होगी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 53,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 70,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




गृह मंत्री की अध्यक्षता वाली बैठक में बोले सीएम हेमंत

# केंद्र सरकार की मदद से झारखंड होगा नक्सल मुक्त

## अर्द्धसैनिक बलों की प्रतिनियुक्ति रहे जारी पीएम आवास के वंचितों को शीघ्र मिले हक



खबर मन्त्र ब्यूरो

**नयी दिल्ली/रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित वामपंथ उग्रवाद पर राज्यों की समीक्षा बैठक में सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि अर्द्धसैनिक बलों की प्रतिनियुक्ति झारखंड में जारी रखें। शुक्रवार को नयी दिल्ली में हुई बैठक में उन्होंने कहा कि नक्सल विरोधी अभियान में राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार के बीच बेहतर समन्वय हमेशा बना रहेगा। केंद्र की मदद से उम्मीद है कि हम मिलकर उग्रवाद के खिलाफ जीत हासिल करेंगे। केंद्र तथा राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से उग्रवादी संगठनों के विरुद्ध कार्रवाई में अच्छी सफलता पायी है। उग्रवाद को समाप्त करने के लिए राज्य सरकार एक बहुआयामी कार्य योजना के तहत कार्य कर रही है।

वामपंथी उग्रवादी संगठनों के खिलाफ अभियान चलाये जा रहे हैं। इस अभियान में केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों के साथ झारखंड जगुआर और एसएटी जैसे विशेष दल का का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। शीर्ष वामपंथी नक्सली नेताओं को चिन्हित कर उनके विरुद्ध संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नक्सल विरोधी अभियान में राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार के बीच बेहतर समन्वय हमेशा बना रहेगा। (शेष पेज 11 पर)

### खनन कंपनियों पर बकाया 1.36 लाख करोड़ शीघ्र दिलाये केंद्र

**मुख्यमंत्री** ने कहा झारखंड का, भारत सरकार की खनन कंपनियों पर 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया है, जिसका भुगतान नहीं किया जा रहा है। मैं आपसे (अमित शाह) अनुरोध करता हूं कि वह खनन मंत्रालय को जल्द से जल्द इन बकाये का भुगतान करने का निर्देश दें। श्री सोरेन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में केंद्र सरकार से फिर आग्रह किया कि खनन मंत्रालय को यथाशीघ्र इस बकाया का भुगतान करने का निर्देश निर्गत कराने को कहा जाये। सोरेन ने केंद्रीय गृह मंत्री के समक्ष अपनी भी अपनी बात रखी और कहा, यह सुनिश्चित करने के लिए कि उग्रवाद की समस्या दोबारा न हो, यह आवश्यक है कि इन प्रभावित क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर विकासोन्मुख योजनाएं चलायी जाएं, जिसके लिए राज्य से संसाधनों की आवश्यकता होगी।

### नक्सलवाद मानवता के लिए अभिशाप : शाह

वामपंथी उग्रवाद पर समीक्षा बैठक में गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद की खत्म करने का संकल्प दोहराया। उन्होंने नक्सलवाद को 'मानवता के लिए अभिशाप' करार दिया। साथ ही कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार इसे जड़ से उखाड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

### बूढ़ा पहाड़ नक्सल मुक्त करने में हम सफल रहे

**सीएम** ने कहा कि बूढ़ा पहाड़ जैसे दुर्गम स्थान को नक्सलियों मुक्त कराने में हम सफल रहे। केंद्र के सहयोग से झारखंड ने ये सफलता हासिल की। सीएम ने कहा, 27 जनवरी 2023 को वह स्वयं बूढ़ा पहाड़ गये, लोगों से बातचीत की। सर्वेक्षण कराकर वहां विकास के लिए कार्य योजना तैयार की। नक्सली संगठनों के प्रभाव क्षेत्र में लगातार कमी हो रही है।

# भारत ने हाकी में रचा इतिहास जापान को हरा जीता स्वर्ण

**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** हांगझोउ में चल रहे एशियाई खेलों के 13वें दिन भारतीय हॉकी टीम ने कमाल कर दिखाया है। नौ साल बाद मेंस हॉकी में भारत को गोल्ड जीत लिया। फाइनल में शुक्रवार को जापान को 5-1 से हरा दिया। हॉकी टीम ने एशियाई खेलों में अपना चौथा स्वर्ण पदक जीता है। इसी के साथ भारत ने पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा भी हासिल कर लिया। भारत की ओर से हरमनप्रीत सिंह ने दो, मनप्रीत सिंह , अमित रोहिदास और अभिषेक ने एक-एक गोल दागा। टीम नें एशियाई खेलों में भारत को 22वां स्वर्ण पदक दिलाया। जापान पूरे मैच के दौरान एक ही गोल कर सका। जापान का ये गोल चौथे क्वाटर में पेनल्टी कॉर्नर से आया। (शेष पेज 11 पर)



# जेल में बंद ईरानी महिला नरगिस मोहम्मदी को नोबेल शांति पुरस्कार

## महिला उत्पीड़न के खिलाफ कर रहीं संघर्ष, कई बार जेल

एजेंसी

**स्टॉकहोम।** जेल में बंद ईरान की पत्रकार, प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता एवं एक मानवाधिकार संगठन की उपाध्यक्ष नरगिस मोहम्मदी (51) को इस वर्ष का नोबेल शांति पुरस्कार प्रदान किया गया है। नोबेल समिति ने ईरान में महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ लड़ाई और सभी के लिए मानवाधिकारों और स्वतंत्रता को बढ़ावा देने की उनकी लड़ाई के लिए नरगिस को 2023 का नोबेल शांति पुरस्कार देने का फैसला किया। नोबेल समिति के प्रमुख ने सुश्री मोहम्मदी की लड़ाई की सराहना करते हुए कहा कि वह एक स्वतंत्रता सेनानी हैं। वह वर्तमान में तेहरान की कुख्यात एविन जेल में लंबी सजा काट रही हैं। समिति ने कहा कि उसे उम्मीद है कि ईरान जल्द ही उसे रिहा कर देगा। यह पुरस्कार ईरान में महिलाओं के नेतृत्व में एक साल से अधिक समय तक चले विरोध प्रदर्शन के बाद दिया गया है। सुश्री मोहम्मदी के परिवार ने कहा कि यह पुरस्कार ईरान की आजादी की लड़ाई के लिए ऐतिहासिक और भावविभोर करने वाला है। (शेष पेज 11 पर)



# सीएम की याचिका पर अब 11 को सुनवाई

## कोर्ट ने इडी के खिलाफ रिट में त्रुटि सुधारने को कहा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन द्वारा इडी के समन को लेकर हाई कोर्ट में दाखिल क्रिमिनल रिट पिटीशन में त्रुटि रहने के कारण मामले की सुनवाई अब 11 अक्टूबर को होगी। शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हाइब्रिड मोड में मामले की सुनवाई हुई। अदालत में पिटीशन में डिफेक्ट का मामला उठा। इसपर कोर्ट ने सीएम के अधिवक्ता को कहा कि डिफेक्ट ठीक करके लायें। त्रुटि दूर करने के लिए कोर्ट से अधिवक्ता ने समय की मांग की।

अदालत ने 11 अक्टूबर को सुनवाई की अगली तारीख तय कर दी। प्रार्थी की ओर से कहा गया कि इस मामले में दिल्ली से सीनियर एडवोकेट पक्ष रखेंगे। दरअसल, इडी ने पांचवा समन जारी कर सीएम हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए 4 अक्टूबर को रांची स्थित जनरल कार्यालय में बुलाया था।

इडी को पत्र लिखकर बताया गया था यह मामला हाईकोर्ट में विचारणीय है, यह मामला जब तक हाई कोर्ट में डिसाइड नहीं होता है तब तक जारी समन पर कार्रवाई न की जाये। 23 सितंबर को सीएम की ओर से ईडी के समन के खिलाफ हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट याचिका दाखिल की गयी थी।



सीएम ने ईडी पर चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की साजिश करने सहित पीएमएलए 2002 की धारा 50 और 63 की वैधता को चुनौती दी है। ईडी को मिले शक्तियों के तहत बयान दर्ज कराने के दौरान किसी को गिरफ्तार करने का अधिकार ईडी के पास है। ऐसे में ईडी को तय करना है कि वह 11 अक्टूबर तक इंतजार करती है या अगला कोई कानूनी स्टेप उठाती है।

### पीएम पर जानलेवा हमले की धमकी मुंबई पुलिस सतर्क

**मुंबई (हिस)।** मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में पीएम नरेंद्र मोदी पर जानलेवा हमले संबंधी ई-मेल आने के बाद पुलिस सतर्क हो गयी है। इस धमकी भरे ई-मेल करने वाले के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में गुरुवार को एक धमकी भरा ई-मेल आया था। इस ई-मेल के जरिये सरकार से 500 करोड़ रुपये की मांग की गयी है। ऐसा नहीं करने पर पीएम मोदी और उनके नाम पर गुजरात में बने स्टेडियम पर हमला करने की धमकी दी गयी है।

ई-मेल में कहा गया है कि भारत में सब कुछ बिकता है, हमने भी कुछ खरीदा है। आगे मेल में कहा गया कि चाहे आप कितनी भी सुरक्षा बढ़ा लें, आप हमसे बच नहीं सकते। यदि आप चर्चा को आगे जारी रखना चाहते हैं, तो आपको इस मेल का उत्तर देने के लिए आमंत्रित किया जाता है। धमकी भरा ई-मेल आने के बाद इसकी सूचना संबंधितों को भेज दी गयी है। साथ ही, मुंबई पुलिस की टीम साइबर पुलिस टीम की मदद से आगे की जांच कर रही है।

# जातीय गणना रिपोर्ट पर रोक से इनकार

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा, निजी आंकड़े सार्वजनिक नहीं हो, बिहार सरकार से मांगा जवाब

एजेंसी



**नयी दिल ली।** बिहार में जारी जाति आधारित गणना की रिपोर्ट पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया। साथ ही कोर्ट ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने साफ तौर पर कहा कि अदालत किसी भी राज्य सरकार को फैसला लेने से रोक नहीं सकती। अगर ऐसा होता है तो यह गलत होगा। जस्टिस संजीव खन्ना और एसवीएन भट्टी की बेंच ने जाति आधारित जनगणना के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। अदालत ने साफ कहा, 'हम इस मामले में विस्तृत सुनवाई करेंगे। हम सरकार को नीति बनाने से रोक नहीं सकते। हालांकि, कास्ट सर्वे के दौरान लिये गये लोगों के निजी आंकड़े सरकार सार्वजनिक न करे। इस मामले अगली सुनवाई जनवरी में सुनवाई होगी। दरअसल, कुछ संगठनों की तरफ से जाति आधारित जनगणना की रिपोर्ट जारी होते ही सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी। कोर्ट से इसमें हस्तक्षेप की मांग की थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर दिया था। उस दौरान कोर्ट ने कहा कि अभी इस मामले में कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। 6 अक्टूबर को मामले की सुनवाई होगी और उसी समय याचिकाकर्ताओं की दलील सुनेंगे। शुक्रवार को इस मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार को नोटिस जारी किया है। (शेष पेज 11 पर)



## नयी दिल्ली में आयोजित समीक्षा बैठक में सीएम ने की शिरकत

# एसआरइ मद में बीमा राशि की प्रतिपूर्ति को जारी रखे केंद्र सरकार : हेमंत सोरेन

### नक्सली संगठनों की आय के स्रोत पर प्रभावी नियंत्रण की हो रही कार्रवाई

सीएम ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा केन्द्रीय एजेन्सियों के साथ समन्वय बनाकर नक्सली संगठनों के आय के स्रोत पर रोक लगाने के लिये लगातार प्रभावी ढंग से कार्रवाई की जा रही है। राज्य पुलिस के द्वारा कुल 28 नक्सली नेताओं की चल-अचल सम्पत्ति को जप्त किया गया है। उन्होंने कहा कि अवैध मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम के लिये एनसीबी के सहयोग से प्रभावकारी कदम उठाये गये हैं। इस वर्ष लगभग 5,500 एकड़ भूमि से अफीम की खेती नष्ट की गयी है। लेवी के स्रोत खनन, केन्दू पत्ता, विकास कार्यों पर पैनी नजर रखी जा रही है। संदिग्ध गतिविधि वाले संवेदकों पर भी नजर रखी जा रही है।



**कई नक्सली संगठन प्रतिबंधित :** सीएम ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भाकपा माओवाद के 05 संगठनों क्रांतिकारी किसान कमिटी, नारी मुक्ति संघ, झारखंड ए-वन ग्रुप, झारखंड सांस्कृतिक मंच, मजदूर संगठन समिति को प्रतिबंधित किया गया है। साथ ही ऐसी संस्थायें जो गुप्त रूप से उग्रवादियों का समर्थन कर रहें हैं एवं उग्रवाद उन्मूलन अथवा विकास में बाधा बन रही हैं, ऐसी संस्थाओं पर निगरानी रखी जा रही है। जनवरी 2020 से अभी तक अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र सरायकेला, चाईबासा, खूंटी, रांची के सीमावर्ती क्षेत्र, बुढ़ा पहाड़, कोल्हान एवं पारसनाथ क्षेत्र में 48 सुरक्षा कैम्पों की स्थापना की गई है। इससे उस क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों पर ब्रेक लगी है।

**फरार नक्सलियों की गिरफ्तारी पर इनाम :** सीएम ने कहा कि फरार नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिये 1 लाख रुपए से लेकर 1 करोड़ रुपए तक की आकर्षक पुरस्कार राशि की घोषणा की गयी है। वर्तमान में 91 फिरार नक्सलियों के विरूद्ध पुरस्कार घोषित है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2022 में 90 एवं वर्ष 2023 में अगस्त तक कुल 97 नक्सली हिंसा की घटनायें प्रतिवेदित हुई हैं। नक्सलियों के विरूद्ध प्रभावकारी अभियान के कारण वर्ष 2021 से थाना, पिकेट, पोस्ट पर नक्सलियों द्वारा आक्रमण की कोई घटना प्रतिवेदित नहीं हुई है। जमशेदपुर, दुमका, देवघर, जामताड़ा, गोड्डा, पाकुड़ एवं साहेबगंज में जनवरी 2022 से अभी तक नक्सल हिंसा की कोई घटना प्रतिवेदित नहीं हुई है।

### बैंकों का नहीं मिल रहा अपेक्षित सहयोग

सीएम ने कहा कि झारखंड में विकास के निमित बैंकों का अपेक्षित सहयोग भी प्राप्त नहीं हो रहा है, जो राज्य के सीडी रेश्यो 45 प्रतिशत होने से परिलक्षित होता है जबकि, राष्ट्रीय औसत करीब 67 प्रतिशत है। बैंकों के इस असहयोगात्मक रूप से राज्य लाखों करोड़ रुपये के निवेश के लाभ से वंचित हो रहा है। इसके विपरीत राज्य के अनुसूचित जनजाति समुदाय के अभ्यर्थियों को छोटे-छोटे ऋण की सुविधा भी बैंक के द्वारा उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। उन्होंने गृह मंत्री से सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम ने कहा कि एसआरई योजना से बीमा मद को हटा लिया गया है। सुरक्षा बलों के मनोबल को बनाये रखने के लिए पूर्व की भांति एसआरई मद में बीमा राशि की प्रतिपूर्ति को जारी रखा जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि झारखंड के कोडरमा, रामगढ़ और सिमडेगा जिला को एसआरई जिला की सूची से हटाया गया है लेकिन, इन जिलों में प्रतिनियुक्त केंद्रीय सैनिक बलों पर किये गये खर्च की प्रतिपूर्ति एसआरई योजना से करने की आवश्यकता है। यह भी कहा कि केंद्र की एसआरई गाइडलाइन के अनुसार भूतपूर्व सैनिकों, भूतपूर्व पुलिस कर्मियों को ही एसपीओ के रूप में नियुक्त किया जा सकता है। सुरक्षा कारणों से भूतपूर्व सैनिकों, भूतपूर्व पुलिस कर्मियों द्वारा एसपीओ नियुक्ति में रुचि नहीं ली जा रही है। ऐसे में ग्रामीणों को एसपीओ के रूप में नियुक्त करने के लिए अनुमति चाहिए। उन्होंने कहा कि एसआरई की राशि खर्च करने के निमित्त केंद्र सरकार मार्ग निर्देशिका में परिवर्तन करने जा रही है। जिससे झारखंड को व्यावहारिक परेशानियां होंगी। आपसे केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया कि खनन मंत्रालय को झारखंड सरकार की आपत्ति को संज्ञान में लेते में किसी भी प्रकार के परिवर्तन नहीं करने का निर्देश जारी करें।

# देवघर एम्स में सुविधाओं से संबंधित राज्य सरकार के जवाब पर हाइकोर्ट ने प्रार्थी से मांगा प्रतिउत्तर

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** देवघर एम्स में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को हुई। मामले में देवघर एम्स में दी जाने वाली सुविधाओं से संबंधित राज्य सरकार के जवाब पर प्रार्थी को प्रतिउत्तर देने का निर्देश हाईकोर्ट ने दिया है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। अगली सुनवाई 10 नवंबर को होगी। बता दें कि इस मामले में हुई पूर्व की सुनवाई में राज्य के मुख्य सचिव एवं एम्स देवघर के डायरेक्टर कोर्ट के समक्ष वर्चुअल रूप से उपस्थित हुए थे। प्रार्थी ने देवघर एम्स में इलेक्ट्रिक सबस्टेशन बनने, अप्रोचिंग रोड बनने, फ्लाईओवर बनने, आवश्यकतानुसार पानी की व्यवस्था होने, फायर सेफ्टी की पर्याप्त व्यवस्था आदि की सुविधा मुहैया कराने का आग्रह राज्य सरकार से किया गया है। याचिका में सांसद निशिकांत दुबे की ओर से कहा गया है कि देवघर एम्स में कई बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। उनकी ओर से कोर्ट से देवघर एम्स के लिए पर्याप्त बिजली, पानी, पहुंच सड़क, फायर ब्रिगेड वाहन आदि की सुविधा उपलब्ध कराने का आग्रह कोर्ट से किया गया है।

# गेंदा राम की अग्रिम जमानत याचिका के मामले में इडी ने जवाब दाखिल करने के लिए मांगा समय

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई हाइकोर्ट में हुई। मामले में ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की, जिसे हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शुभाशीष रसिक सोरेन ने पैरवी की।

पूर्व में ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने गेंदा राम की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने हाइकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। बता दें कि 21 अप्रैल को वीरेंद्र राम, उनके भाई आलोक रंजन, वीरेंद्र राम की पत्नी राजकुमारी देवी एवं पिता गेंदा राम के खिलाफ ईडी की अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। ईडी की टीम ने वीरेंद्र राम की 39.28 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की थी। जब्त की गयी संपत्ति वीरेंद्र द्वारा टेंडर में कमीशन से उगाही अर्जित की गई है।

# पेसा कानून को लागू करने के लिए कांग्रेस ने निकाली अधिकार यात्रा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य में पेसा एक्ट को उसके मूल रूप में शामिल करने की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने शुक्रवार को पेसा अधिकार यात्रा निकाली। इसमें पांच जिलों से कांग्रेस के जनजातीय समुदाय के लोग और टाना भगत भी शामिल हुए। इस अधिकार यात्रा में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की आदि लोग शामिल हुए। मौके पर अविनाश पांडे ने कहा कि कांग्रेस न केवल जनजातीय समुदाय बल्कि अनुसूचित जाति, दलितों, अन्य पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यकों के साथ ही सभी लोगों का सम्मान करती है। उन्होंने भरोसा जताया कि आज की पेसा अधिकार यात्रा के बाद न केवल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में काम कर रही सरकार और भी पुरजोर तरीके से पेसा कानून को जल्द से जल्द लागू करेगी। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की विचारधारा तेजी से आम लोगों के पास पहुंच रही है और इसका परिणाम आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में नजर आएगा।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि कांग्रेस शुरू से ही अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी के हक और अधिकार के लिए लड़ाई लड़ती रही है। कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि राज्य की सरकार नियमावली बनाकर राज्य में पेसा कानून लागू करने की ओर आगे बढ़ रही है।

कार्यक्रम में सुल्तान अहमद, अमुल्य नीरज खलखो, रवींद्र सिंह, जयशंकर पाठक, सतीश पॉल मुंजनी, बिरसा उरॉव, शिव कुमार भगत, बेलस तिर्की, राकेश किरण महतो, कुमार राजा, अमरिंदर सिंह, केदार पासवान, गजेंद्र सिंह, शिवा कच्छप, जमील मलिक, प्रो करमा उरांव, मंगा उरांव, पंचू मिंज, इस्तियाक अंसारी, जयंत बारला, एलविन लकड़ा, सेरोफिना मिंज, जिला परिषद बेरोनिका उरांव आदि उपस्थित थे।

# राहुल गांधी की तुलना रावण से करने पर कांग्रेस ने निकाला आक्रोश मार्च



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बीजेपी द्वारा सोशल मीडिया पर राहुल गांधी को रावण बताए जाने के खिलाफ झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने शुक्रवार को कांग्रेस भवन से राजभवन तक विरोध मार्च निकाला। पार्टी के प्रदेश मुख्यालय से राजभवन तक निकाले गए विरोध मार्च में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, मंत्री बादल पत्रलेख, महिला कांग्रेस की वर्तमान अध्यक्ष गुंजन सिंह, पूर्व अध्यक्ष आभा सिन्हा, ग्रामीण रांची अध्यक्ष राकेश किरण महतो आदि लोग शामिल थे।

दरअसल गुरुवार को सोशल मीडिया पर बीजेपी के ऑफिशियल हैंडल से एक तस्वीर पोस्ट की गई। जिसमें राहुल गांधी को रावण के रूप में दिखाया गया था। प्रदर्शन के बाद मीडिया से झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि हम समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचने और उनके दर्द और पीड़ा को समझने की कोशिश कर रहे हैं। इससे भाजपा और उसके नेता डरे हुए हैं। यही वजह है कि बीजेपी के नेता अनाप-शनाप पोस्ट कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कर्नाटक में बजरंगबली के गदे की मार से इतनी तीव्र थी कि पूरी भारतीय जनता पार्टी का दिमागी संतुलन बिगड़ गया। आज पूरी भाजपा हताश और निराश हो गई।

वहीं अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष लालजी देसाई, सुबोधकांत सहाय ने भी भाजपा के पोस्ट का विरोध किया।

# कोयला कामगारों के बोनस पर बैठक कल



| किस वर्ष कितना बोनस मिला | |
|---|---|
| 2007- 6,000 | 2015- 48,500 |
| 2008- 8,350 | 2016- 54,000 |
| 2009- 10,000 | 2017- 57,000 |
| 2010- 15,000 | 2018- 60,500 |
| 2011- 21,000 | 2019- 64,700 |
| 2012- 26,500 | 2020- 68,500 |
| 2013- 31,500 | 2021- 72,500 |
| 2014- 40,000 | 2022- 76,500 |

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कोयला कामगारों को बोनस पर निर्णय लेने के लिए बैठक की तिथि तय कर ली गई है। यह बैठक 8 अक्टूबर को नई दिल्ली में 11 बजे से होगी। सीआईएल प्रबंधन ने इस आशय का आदेश जारी कर दिया है। बैठक में बीएमएस से सुधीर घुरडे, मजरुल हक अंसारी, एचएमएस से नाथूलाल पांडेय, शिवकांत पांडेय, एटक से रमेन्द्र सिंह एवं सीटू से डीडी रामनंदन सम्मिलित होंगे। जबकि इंटक को नहीं बुलाया गया है।

इधर, 2023 में कितना बोनस मिलेगा, इसको लेकर कयासों का दौर चल रहा है। वर्ष 2022 में 76,500 रुपए बतौर बोनस भुगतान हुआ था। बीते वर्षों के भुगतान के लिहाज से माना जा रहा है कि इस साल 80 से 82 हजार के बीच बोनस मिलेगा। वहीं दूसरी ओर कोल सेक्टर के सबसे बड़े श्रमिक संगठन (एचएमएस) के नेता नाथूलाल पांडेय ने कहा कि इस साल एक लाख रुपए बोनस से कम में समझौता नहीं होगा। श्री पांडेय ने कहा कि कुछ भी हो जाए एक लाख रुपए बोनस लेकर रहेंगे।

## पूर्व मंत्री राजा पीटर की जमानत पर फैसला सुरक्षित



**रांची।** पूर्व मंत्री सह तमाड़ के तत्कालीन विधायक रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड में जेल में बंद राज्य के पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर शुक्रवार को एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया है। अदालत 19 अक्तूबर को फैसला सुनाएगी। राजा पीटर की ओर से 31 जुलाई को जमानत अर्जी दाखिल की गयी है। वह 10 अक्तूबर 2017 से ही लगातार जेल में हैं। मालूम हो कि रमेश सिंह मुंडा की हत्या नौ जुलाई 2008 को नक्सिलयों ने कर दी थी। हत्याकांड के लगभग नौ साल बाद एनआईए ने इस केस को टेक ओवर किया। कुछ दिनों बाद ही राजा पीटर को जेल भेज दिया गया था।

## मानव तस्करी से करोड़ों रुपये की मनी लांड्रिंग के अभियुक्त ने की जमानत अर्जी दाखिल

**रांची।** मानव तस्करी कर करोड़ों रुपए की मनी लांड्रिंग करने के मामले में किंगपिन पन्ना लाल महतो की पत्नी सुनीता कुमारी एवं भाई शिव शंकर गंझू उर्फ शिव शंकर महतो ने जमानत की गुहार लगाते हुए अर्जी दाखिल की है। दाखिल अर्जी पर ईडी कोर्ट में 17 अक्तूबर को सुनवाई होगी। इनलोगों पर मानव तस्कर पन्ना लाल और उसके सहयोगियों पर दिल्ली की प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से झारखंड के गरीब, कमजोर और नाबालिग को दिल्ली में नौकरी दिलाने के नाम पर तस्करी करने का आरोप है।

# राज्य में अब नहीं होगी पेयजल की समस्या, प्रत्येक पंचायत में लगेंगे 10-10 चापाकल : मिथिलेश ठाकुर

एजेंसी

**रांची।** पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि राज्य में कहीं भी पेयजल की समस्या नहीं होने दी जायेगी। झारखंड सरकार राज्य की जनता को पेयजलापूर्ति की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि राज्य में वर्तमान में चापाकलों पर निर्भरता 66 प्रतिशत एवं पाइप जलापूर्ति पर मात्र 34 प्रतिशत है। वर्ष 2024 तक राज्य के सभी 61.19 लाख घरों को नल से जल उपलब्ध कराना है लेकिन राज्य की भौगोलिक संरचना एवं दो वर्ष कोरोना काल के कारण पाइप जलापूर्ति योजना के पूर्ण होने में हो रहे विलंब को देखते हुए तत्काल राज्य की कुल 4351 पंचायतों में कुल 43510 चापानल लगाने का निर्णय लिया गया है।

मंत्री ने कहा कि गिरते भू-गर्भ जल स्तर को देखते हुए अब 70, 90 एवं 120 मीटर गहरा चापाकल लगाने का प्रावधान किया गया है, जो क्षेत्रों के जल स्तर के आधार पर निर्धारित होगा। इसके अतिरिक्त 60 मीटर गहरा जीपीटी (बजरी पैक ट्यूबवेल) का भी प्रावधान किया गया है। इसमें वैसे क्षेत्रों में चापाकल लगाने की प्राथमिकता दी जायेगी, जहां इसकी वास्तविक आवश्यकता है। स्थल की जियो टैगिंग की जायेगी।

श्री ठाकुर ने कहा कि राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों के कारण गर्मी के मौसम में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में जलस्तर औसत से नीचे चले जाने के कारण आमजनों को पेयजल की समस्या होती है। इसके निदान के लिए पूर्व से अधिष्ठापित चापाकलों एवं अन्य स्रोतों की मरम्मत आदि कराकर पेयजलापूर्ति की व्यवस्था की जाती है, जो पर्याप्त नहीं हो पाता है। वित्तीय वर्ष 2021-22 तक प्रति पंचायत पांच अदद चापाकलों के अधिष्ठापन का कार्य किया गया है। परिस्थिति के अनुसार अब और नये चापाकल लगाने की आवश्यकता है। बात दें कि इस प्रस्ताव पर कैबिनेट ने भी स्वीकृति दे दी है। इस योजना में चार अरब, 63 करोड़, 62 लाख, 54 हजार 626 रुपये व्यय होगा।

# अपने बचाव के लिए आदिवासी कार्ड खेल रहे हैं मुख्यमंत्री: समीर उरांव

**भाजपा एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा- झारखंड की अस्मिता खतरे में**




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आदिवासी कार्ड खेल रहे हैं। श्री उरांव शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गरीबों आदिवासियों को लूटने वाले हेमंत सोरेन अपने बचाव में भावनात्मक मुद्दा उठाकर आदिवासी कार्ड खेल रहे हैं जिसे राज्य का आदिवासी समझ चुका है। उन्होंने कहा कि आदिवासी का मतलब होता है स्वाभिमानी, परोपकारी, अन्याय-अत्याचार के खिलाफ लड़ने वाला। मुख्यमंत्री अपने सोरेन परिवार की विशेषताओं को आदिवासी समाज से जोड़ कर बता रहे हैं जिसे बंद करना चाहिये।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के परिवार का खरीद बिक्री को लेकर पुरानी आदत है। पहले इनलोगों ने झारखंड आंदोलन को ही बेच दिया। आज झारखंड की अस्मिता को बेच रहे और जमीन खरीद रहे हैं। अपने दलालों, बिचौलियों के माध्यम से पत्थर, बालू, कोयला, लोहा सब बेचकर अपनी तिजोरी भर रहे हैं। इनकी सरकार बनते ही चाईबासा में 7 आदिवासियों की नृशंस हत्या हुई। अमर शहीद सिदो कान्हू के वंशज रामेश्वर मुर्मू की हत्या हुई। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की होनहार बेटी दारोगा रूपा तिर्की की संदेहास्पद मौत, गौ तस्करों के द्वारा तुपुदाना में दारोगा संध्या टोपनो की ट्रक से कुचलकर हत्या हुई। उन्होंने कहा कि रुबिका पहाड़िया को टुकड़ों-टुकड़ों में काटा गया। राज्य में हजारों आदिवासी बहन बेटियों की इज्जत को तार-तार किया गया। होनहार आदिवासी युवक विकास मुंडा की हत्या हो गयी। इस अवसर पर बिंदेश्वर उरांव, रोशनी खलखो भी उपस्थित थे।

# कोयला उद्योग में हड़ताल नहीं करने को लेकर बीएमएस और एचएमएस करेंगे सुलह बैठक, सीएलसी के पत्र से हुआ खुलासा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** कोयला उद्योग में हड़ताल को लेकर मुख्य श्रमायुक्त कार्यालय में हुई त्रिपक्षीय वार्ता के मिनट्स सामने आए हैं, जो यह खुलासा करता है कि बीएमएस और एचएमएस सुलह के लिए तैयार हैं। ज्ञात हो कि जबलपुर हाईकोर्ट के फैसले के बाद वेतन संबंधी उपजी स्थिति को लेकर पांचों श्रमिक संगठन एचएमएस, बीएमएस, इंटक, सीटू, एटक ने 5, 6, 7 अक्टूबर को कोयला उद्योग में हड़ताल का ऐलान किया था। कोल इंडिया प्रबंधन ने हड़ताल टालने के लिए 27 सितम्बर को नई दिल्ली में पांचों यूनियन के प्रमुख नेताओं को वार्ता के लिए आमंत्रित किया था। इस वार्ता में 11 अक्टूबर तक हड़ताल को स्थगित किए जाने का निर्णय लिया गया था।

इसी दिन प्रस्तावित हड़ताल को लेकर मुख्य श्रमायुक्त कार्यालय द्वारा भी पांचों यूनियन और सीआईएल प्रबंधन के साथ त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित की गई थी, लेकिन सीएलसी के साथ आयोजित वार्ता में इंटक, सीटू, एटक के नेता सम्मिलित नहीं हुए थे। सीएलसी द्वारा बुलाई गई वार्ता में भारतीय मजदूर संघ से सुधीर घुरडे, अशीष मूर्ति तथा हिंद मजदूर सभा से नाथूलाल पांडेय, रामांशु पांडेय ने शिरकत की थी। बैठक में बताया गया कि कोल इंडिया प्रबंधन के साथ हुई बैठक में 11 अक्टूबर तक हड़ताल स्थगित करने पर सहमति बनाई गई है। मुख्य श्रमायुक्त कार्यालय ने भी हड़ताल पर नहीं जाने की सलाह दी।

इधर मुख्य श्रमायुक्त कार्यालय से त्रिपक्षीय वार्ता के मिनट्स सामने आए हैं। इस मिनट्स की अंतिम लाइन बीएमएस एवं एचएमएस पर सवाल खड़ी करती है। इस लाइन में लिखा है कि दोनों यूनियन (बीएमएस व एचएमएस) की आपसी सहमति से सुलह बैठक के लिए 10 अक्टूबर की तारीख तय की गई है।

अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या बीएमएस और एचएमएस हड़ताल पर नहीं जाने के लिए मुख्य श्रमायुक्त के साथ सुलह बैठक करेंगे। रांची की बैठक में जब तीन दिवसीय हड़ताल का निर्णय लेते हुए इसका ऐलान किया गया था, तब एचएमएस नेता नाथूलाल पांडेय ने हड़ताल से हटने की बात कही थी। श्री पांडेय ने कहा था कि हड़ताल की जरूरत क्या है। रांची की बैठक में श्री पांडेय मौजूद नहीं थे। उनके स्थान पर एचएमएस से दूसरे नेता बैठक में शामिल हुए थे। इसी तरह बीएमएस को लेकर भी शंका जाहिर की गई कि वो हड़ताल में सम्मिलित होगा या नहीं। एनसीडब्ल्यूए- 11 को लेकर डीपीई के 24 नम्बवर, 2017 के जिस कार्यालय ज्ञापन के कारण कोर्ट में पेंच फंसी है, उसे बीएमएस के कोल प्रभारी ने कभी मुद्दा नहीं माना है।

# बारिश के कारण कोयला उत्पादन में 61 फीसदी और ढुलाई में 12 फीसदी तक की आयी कमी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीसीएल के अनुषंगी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश से पिछले कुछ दिनों से सीसीएल के कोयला उत्पादन पर असर पड़ा है। जिससे सीसीएल के उत्पादन में कमी देखी जा रही है। अधिकारियों की मानें तो सीसीएल अपने निर्धारित लक्ष्य से तीस फीसदी तक कम कोयला उत्पादन कर रहा है। जिसकी प्रमुख वजह लगातार हुई बारिश रही है। जिसका असर कंपनी के प्रोडक्शन के साथ डिस्पैच पर भी देखा जा रहा है। कंपनी के 14 क्षेत्रों में तीन एरिया कथारा, कुजू और अरगडा को छोड़ दें तो अन्य सभी एरिया का ग्रोथ निगेटिव चल रहा है। सबसे खराब प्रदर्शन महत्वपूर्ण आम्रपाली चंद्रगुप्त, मगध संघमित्रा, बोकारो, करगली, एनके राजहरा व ढोरी एरिया का रहा है। इन क्षेत्रों का उत्पादन ग्रोथ निगेटिव में है जबकि कथारा का 79, कुजू 42 और अरगडा का 24 फीसदी पॉजिटिव ग्रोथ चल रहा है।

**चार एरिया का ग्रोथ पॉजिटिव :** सीसीएल की मानें तो क्षेत्र के चार एरिया में कोयला डिस्पैच में पॉजिटिव ग्रोथ है। इसमें सबसे अधिक ग्रोथ कथारा क्षेत्र का 246 फीसदी देखा जा रहा है। अन्य क्षेत्रों में ग्रोथ निगेटिव देखा जा रहा है। बता दें कि मगध संघमित्रा का दो फीसदी, हजारीबाग का 34 फीसदी, बोकारो और करगली का आठ फीसदी, रजरप्पा का 64 फीसदी, राजहरा का 61 फीसदी, एनके का 56 फीसदी, अरगड़ा का 51 फीसदी, पिपरवार का 47 फीसदी, और आम्रपाली चंद्रगुप्त का 40 फीसदी निगेटिव ग्रोथ चल रहा है।

**प्रोडक्शन और डिस्पैच में अंतर :** वर्तमान में कंपनी का उत्पादन ग्रोथ 61.82 फीसदी है। डिस्पैच ग्रोथ 12.24 फीसदी निगेटिव में चल रहा है। सीसीएल के आंकड़ों पर गौर करें, तो सितंबर महीने में एक से चार अक्तूबर तक कंपनी का 7.8 लाख टन उत्पादन और 8.7 लाख टन कोयला डिस्पैच का लक्ष्य है। जिसके मुकाबले कंपनी महज 2.10 लाख टन उत्पादन और 4.3 लाख टन कोयला डिस्पैच कर सकी है। वहीं, अक्तूबर के शुरूआती दिनों में लक्ष्य का 27.63 उत्पादन और 49.42 फीसदी कोयला डिस्पैच हुआ है।

# पंडालों के पास के ट्रांसफार्मर की होगी ब्रेकेटिंग, हर दिन होगा फूड टेस्ट

>> दुर्गापूजा की तैयारियों को लेकर पानी, बिजली और विसर्जन घाटों की सफाई पर फोकस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार जमशेदपुर में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर बैठक की गई। केन्द्रीय दुर्गा पूजा समिति, सेंट्रल दुर्गा पूजा समिति तथा थानावार आयोजित किए जा रहे शांति समिति की बैठक में विसर्जन घाटों की सफाई, विद्युतीकरण, निर्बाध बिजली एवं पेयजलापूर्ति तथा पूजा संबंधी अन्य महत्वपूर्ण बिदुओं पर चर्चा की गई। इस बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ऋषभ गर्ग, अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम पीयूष सिन्हा, एएसपी सिटी सुमित अग्रवाल, एडीएम ल एंड अर्डर दीपू कुमार समेत अन्य मौजूद रहे। उपायुक्त ने कहा कि विगत दिन जिला प्रशासन की टीम ने पंडालों का निरीक्षण किया जिसमें कुछ बिंदु पर कार्य किए जाने की आवश्कता समाने आई। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होगा इसलिए नगर निकाय खास ख्याल रखें कि उनके लिए चलंत शौचालय उपल्बध रहे। उन्होंने चलित शौचालय की संख्या और उनके लोकेशन को चिन्हित करने का निर्देश दिया। स्थान ऐसा रहे जो सब के लिए सुविधाजनक और सुरक्षित हो और साथ ही यातायात को भी प्रभावित न करती हो। जेएनएसी, मानगो नगर निगम, जुगसलाई नगर परिषद, चाकुलिया नगर पंचायत एवं जुस्को को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने इमरजेंसी सुविधाओं को क्रियाशील अवस्था में रखने का निर्देश दिया। उन्होंने अग्निशामक दल, चिकित्सक दल, और सुरक्षा दस्ते को हमेशा सजग रहने और किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक उपकरणों व सुविधाओं के साथ तैयार रहने का निर्देश दिया। उन्होंने प्राइवेट कंपनी के प्रतिनिधियों से अग्निशामक गाड़ियों को स्टैंडबाय मोड में रखने की बात कही। पेयजल विभाग के पदाधिकारी को पेयजल के लिए उचित व्यवस्था और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता करने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्युत अभियंता को पंडालों में बिजली सुरक्षा संबंधित सभी सावधानियां बरती गई हैं इसके नियमित जांच करते रहने का निर्देश दिया। साथ ही झूलते तार को ठीक करने का निर्देश दिया। पंडालों के निकट कोई ट्रांसफार्मर होल तो सुरक्षा के मद्देनजर बेरिकेडिंग कराने की बात कही। सभी नगर निकायों एवं कंपनी प्रतिनिधियों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए जहां भी पेड़ों को छंटाई की जरूरत है वहां छटनी किए जाने, सड़क में गड्ढे हो तो उसको भरने और ओपन ड्रेनेज न हो यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। विसर्जन घाटों की साफ सफाई, आवश्यकतानुसार टैंकर से जलापूर्ति कराने का निर्देश दिया गया। खाद्य सुरक्षा के अंतर्गत सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि नियमित फूड टेस्टिंग और छापामारी जारी रखा जाए। उपायुक्त ने सख्त निर्देश दिया कि दुर्गापूजा के अवसर पर किसी भी तरह का अश्लील गाना ना बजे और सांप्रदायिक तनाव फैलाने वाले गानों पर रोक लगाया जाए। वरीय पुलिस अधीक्षक ने भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग वयवस्था आगामी 19 तारीख तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पार्किंग व्यवस्था के लिए जगह चिन्हित कर जल्द कार्य पूर्ण किया जाए। शांति समिति की बैठक से पहले सभी पंडालों के आसपास के मार्ग चिन्हित कर ले और जहां भी अग्निशामक वाहन के आवागमन में परेशानी हो वैसे स्थानों में वैकल्पिक योजना तैयार रखने की बात कही। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि विसर्जन घाट क्षेत्र में कोई भी शैडो एरिया ना हो, हर जगह समुचित रोशनी रहे यह सुनिश्चत किया जाए। बैठक में डीटीओ धनंजय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, पुलिस उपाधीक्षक यातायात अनिमेष गुप्ता, नगर निकाय, विद्युत विभाग, अग्निशमन व अन्य विभागों के पदाधिकारी तथा विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## डीसी ने एसएसपी, डीडीसी, एसडीओ, निकायों व कंपनी प्रतिनिधियों के साथ की बैठक



बैठक में भाग लेते डीसी, एसएसपी, डीडीसी, एसडीओ व अन्य।

## जेसीएपीसीपीएल के सहयोग से नेत्र शिविर सात अक्टूबर से

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रास सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया सेवा संस्थान द्वारा द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया सेवा संस्थान, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से 695वां नेत्र शिविर टाटा स्टील एवं निप्पन स्टील की संयुक्त उपक्रम जेसीएपीसीपीएल के सहयोग से 7 से 9 अक्टूबर तक बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में आयोजित की जायेगी। 7 अक्टूबर को नेत्र रोगियों के आंखों की जांच की जायेगी तथा मोतियाबिन्द ग्रस्त नेत्र रोगियों का चयन किया जायेगा, 8 अक्टूबर को नेत्र रोगियों का अपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण चिकित्सकों की टीम द्वारा की जायेगी तथा 9 अक्टूबर को अपरेशन कराये मरीजों को विदा किया जायेगा। उपरोक्तजानकारी देते हुए रेड क्रस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव बिजय कुमार सिंह ने नेत्र शिविर में जरूरतमंद नेत्र रोगियों को पहुंचने में सामाजिक कार्यकर्ताओं से मदद का आग्रह किया है ताकि ऐसे लोग फिर से दुनिया देख सकें।

## गम्हरिया : आज कुछ क्षेत्रों में 3 घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**जमशेदपुर।** आज विद्युत आपूर्ति अवर-प्रमंडल आदित्यपुर2 के अंतर्गत विद्युत शक्ति उपकेंद्र आदित्यपुर गम्हारिया न्यू मे 33 केवी रामचंद्रपुर से गम्हारिया न्यू तक लाईन मरम्मती तथा रखरखाव करने के कारण विद्युत आपूर्ति सुबह 1000 बजे से 0100 बजे तक बाधित रहेंगी। प्रभावित क्षेत्रः-विद्युत शक्ति उपकेंद्र आदित्यपुर न्यू के सभी फीडर। अति आवश्यक होने के कारण यह कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा विधुत संबन्धित जानकारी या विशेष परिस्थिति में इन नंबरों पर भी संपर्क कर सकते हैं, सहायक विधुत अभियंता, अदीत्यपुर 2-9431135930, कनीय विधुत अभियंता, अदीत्यपुर-9431135956, नियंत्रण कक्ष-8434659965।

## राष्ट्रीय रक्तदान दिवस का पूरक रक्तदान शिविर आठ को

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा प्रत्येक माह की 8 तारीख को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है, इस कड़ी में इस माह 8 अक्टूबर को रक्तदान शिविर का आयोजन रेड क्रस भवन में प्रातः 9 से संध्या 4 बजे तक आयोजित किया जायेगा, जो कि 1 अक्टूबर राष्ट्रीय रक्तदान दिवस के रक्तदान महायज्ञ के पूरक रक्तदान शिविर के रूप में आयोजित होगा। 1 अक्टूबर को दिन भर बारिश होने के कारण अनेकों रक्तदाता रेड क्रस भवन में नहीं पहुंच पायें, जिस हेतु रक्तदाताओं को सूचित किया गया कि वे 8 अक्टूबर को पूरक रक्तदान शिविर में अपना रक्तदान कर सकेंगे। रक्तदान शिविर में लायंस क्लब की इकाइयां भी अपने सदस्यों के साथ भाग ले रही है। रेड क्रस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव बिजय कुमार सिंह ने वर्तमान समय के अनुसार रक्तदाताओं से रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया है।

# शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों की खैर नहीं

● ड्रेस पहन कर ऑटो चलायें चालक, वाहन का दाहिना साइड बंद रखने का निर्देश

## ड्रिंक एंड ड्राइव के मामलों में ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड करें, एफआइआर भी करें : उपायुक्त मंजूनाथ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार जमशेदपुर में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में यातायात एवं सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा, ब्लैक स्पट्स पर किए गए सुधारात्मक कार्य, सघन वाहन जांच, हिट एंड रन के मामले, विद्यालयों में सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आदि की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने ड्रिंक एंड ड्राइव तथा दो पहिया वाहनों में साइलेंसर मडिफिकेशन के मामले में सख्ती बरतने का निर्देश देते हुए कहा कि पकड़े जाने पर ऐसे वाहन चालकों का तत्काल ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड करने की कार्रवाई करें । ड्रिंक एंड ड्राइव में एफआईआर का भी निदेश दिया। सड़क दुर्घटना के घायलों को मदद के लिए आगे आने वाले गुड समारिटन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रत्येक माह की बैठक में प्रोत्साहन राशि प्रदान करने का निर्देश दिया गया। मोटरवाहन जनित सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की सहायता करने तथा गोल्डन अवर में अस्पताल पहुंचाने में सहायता करने वाले नेक व्यक्ति को प्रोत्साहित करने हेतु नगद पुरस्कार 2000 (दो हजार) रुपए मात्र तथा प्रशस्ति पत्र देने का प्रावधान है। बैठक में बताया गया कि अगस्त माह में जिले में कुल 29 सड़क दुर्घटनाएं हुईं जिनमें 20 लोगों की मृत्यु और 10 लोग घायल हुए। इन दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में तेज रफ्तार, हेलमेट का प्रयोग नहीं करना, ओवरलोडिंग, ड्राइविंग में लापरवाही, ड्रिंक एंड प्रमुख कारण थे। उपायुक्त ने डीटीओ एवं ट्रैफिक डीएसपी को सघन वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश देते हुए कहा कि दो पहिया वाहन चालक एवं पीलियन राइडर का हेल्मेट तथा चार पहिया वाहन सवारों में सीट बेल्ट की जांच सख्ती से करें। तेज गति तथा स्टंट करने वाले युवाओं पर भी सख्ती का निर्देश दिया गया। उन्होने कहा कि सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए साइन बोर्ड, बैरियर, रम्बलस्ट्रिप, स्पीड लिमिट का बोर्ड लगायें। हाइवे किनारे सूखे पेड़ों को गिराने तथा टहनियों की छंटाई कराने की बात कही गयी। बैठक में बताया गया कि अगस्त माह में सड़क सुरक्षा नियमों की अवहेलना पर कुल 164 लोगों का ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड किया गया। वाहनों जांच अभियान में बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चालकों और बिना सीटबेल्ट के चारपहिया वाहन चालकों समेत अन्य मामलों में करीब 19 लाख रू जुर्माना वसूला गया। स्कूल बसों एवं वैन में सुरक्षा मानकों का अनुपालन हो रहा है या नहीं इसकी जांच करने, स्कूल एवं कॉलेजों में सड़क सुरक्षा के प्रति नियमित जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाने का निर्देश दिया गया। मानगो बस स्टैंड के बाहर गोलचक्कर के पास बस रोककर सवारी बैठाने वाले बस संचालकों के विरूद्ध सख्ती का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि जाममुक्त रखने में प्रशासन के साथ-साथ बस संचालकों की भी जिम्मेदारी है। डीसी ने शहर में ऑटो चालकों की पहचान के लिए ड्रेस कोड का अनुपालन कराने का निर्देश पदाधिकारियों को दिया।

साथ ही ऑटो के दायीं साइड को बंद करने जिससे सवारी उधर से नहीं उतर सकें, इस निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित कराने की बात कही। बैठक में डीडीसी मनीष कुमार, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, सिविल सर्जन डा जुझार माझी, एसडीएम घाटशिला सत्यवीर रजक, डीटीओ धनंजय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, पुलिस उपाधीक्षक यातायात अनिमेष गुप्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक निशु कुमारी, बस एसोसिएशन के प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक करते मंजूनाथ भजन्त्री।

## 41 साल बाद पेंशन मिलने की खुशी में मिठाई का डिब्बा लेकर पहुंचे नौसैनिक रामजी दुबे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बिरसानगर निवासी रामजी दुबे नौ सेना से 1981 में 10 साल सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुऐ थे। उस समय बॉयज नेव्ही की भर्ती होती थी और लोग 10 साल में बिना पेंशन सेवानिवृत होकर देश की सिविल संस्थाओं या विदेश की संस्थाओं में आराम से नौकरी पा जाते थे। पेंशन बुढ़ापे का बहुत बड़ा सहारा होता है। जब दुबे सर का सिविल जॉब छूट गया तो धीरें धीरे सब पैसा खर्च होने के बाद सामान्य जीवन बिता रहे थे। एक दिन उनकी मुलाकात पूर्व सैनिक सी पी सिंह से हुई और उन्होंने रामजी दुबे को सेना के कर्मठ समाजसेवी सुशील कुमार सिंह से मिलने को कहा। रामजी दुबे की स्थिति जानने के बाद केंद्रीय सैनिक बोर्ड से चार हजार रुपया का पेनरी ग्रांट दिलाने के उद्देश्य से रामजी दुबे को जिला सैनिक बोर्ड चाईबासा लेकर सुशील सिंह गए। बात चीत के क्रम में नौ सेना के रिकार्ड अफिस से उनके सैनिक होने या न होने की जानकारी मांगी गयी और वहां से पेंशन फर्म प्राप्त हुआ। लगातार 18 महीने के कठिन प्रयास के बाद 30 सितम्बर 2023 उनका पहला पेंशन 24,233 रुपया प्रति माह शुरू हो गया।



## सोना देवी विवि में फार्मेसी दिवस पर पौधरोपण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखण्ड राज्य के उभरते हुए श्रेष्ठ विश्वविद्यालय सोना देवी युनिवर्सिटी घाटशिला के एस डी यु फार्मेसी महाविद्यालय में फार्मेसी दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों जैसे-वृक्षारोपण, रंगोली प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी आदि का आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं प्रध्यापकों, कुल सचिव डॉ गुलाब सिंह आजाद, कुलपति प्रो जे पी मिश्रा तथा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रभाकर सिंह ने उत्साह पूर्वक इस आयोजन में आगे बढ़कर हिस्सा लिया तथा विद्यार्थीयों के मनोबल को बढ़ाया विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रभाकर सिंह ने छात्र-छात्राओं को वृक्षारोपण के महत्व को बताया तथा सृजनात्मकता की अहमियत के बारे में भी अनेक बातें छात्र-छात्राओं को समझायी।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उन्होंने महाविद्यालय के प्रध्यापकों और सभी लोगों का आभार जताया।



कुलाधिपति प्रभाकर सिंह के साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं।

## तार कंपनी में 15500 से 54000 रुपये तक बोनस

यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय व एमडी ने टीम के साथ किया समझौता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शनिवार को इंडियन स्टील एंड वायर प्रोडक्टस प्रा लिमिटेड यानी तार कंपनी में बोनस समझौता का हस्ताक्षर किया गया जो लगभग 13. 32 प्रतिशत होगा और जिसके तहत कर्मचारियों के बीच एक करोड़ 92 लाख रुपया बांटा जाएगा। हालांकि फार्मूला के तहत एक करोड़ 57 लाख हो रहा था लेकिन अध्यक्ष के विशेष आग्रह पर कंपनी के प्रबंध निदेशक द्वारा 35 लाख रुपया एक्स्ट्रा दिया गया जो लगभग एक करोड़ 92 लाख हो रहा है। कर्मचारियों को अधिकतम 54 000 और न्यूनतम 15500 रुपया बोनस मिलेगा। बोनस राशि कंपनी के लगभग 540 कर्मचारियों के बीच बटेगा और बैंक में पैसा 10 अक्टूबर 2023 तक चला जाएगा। बोनस समझौते पर हस्ताक्षर करने वालों में प्रबंधन की तरफ से प्रबंध निदेशक अभिजीत ननोटी, जेके सिंह, विजयंत कुमार, उमा नाथ मिश्रा, शिल्पी शिवांगी और यूनियन के तरफ से अध्यक्ष राकेश्वर पांडे पंकज सिंह, श्रीकांत सिंह गुरविंदर सिंह अमरीक सिंह, मनजीत सिंह दानिश शंकर तिवारी मनजीत सिंह और जाम को यूनियन के तरफ से अमित सरकार, मनजीत सिंह, रविंद्र सिंह, मनोज कुमार, समीर महतो, रमेश कुमार उपस्थित थे।



समझौते पर हस्ताक्षर करते राकेश्वर पांडेय व एमडी अभिजीत ननोटी।

## अग्रसेन जयंती पर 8 से 15 अक्टूबर तक होंगे कई आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन द्वारा अग्रसेन जयंती का आठ दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। पुरस्कार वितरण 15 अक्टूबर को मुख्य समारोह में दामोदर जीवनी मोदी सभागार, धालभूम क्लब ग्राउंड, साकची में किया जाएगा जिसमें विशिष्ट अतिथि के रुप में समाजसेवी रमेश मेंगोतिया और दिनेश सोंथालिया की स्वीकृति प्राप्त हुई है। रांची से विनय सरावगी, बसंत मित्तल एवं प्रभाकर अग्रवाल भी अतिथि के रुप में शरीक होंगे। महालक्ष्मी मंदिर सभागार में आयोजित अग्रवाल सम्मेलन की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। 8 अक्टूबर, चिंतामणी हनुमान मंदिर, मैरीन ड्राइव के समक्ष ट्रेजर हंट प्रतियोगिता, 9 अक्टूबर, राजस्थान भवन, मानगो कांच की बटल सजाओ प्रतियोगिता व तोल मोल के बोल गेम आदि कई प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।



# गांधी एक नाम नहीं, बल्कि मूल्यों का प्रकाश पुंज है : प्रो अंजिला गुप्ता

## जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में मनायी गयी गांधी जयंती

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में गांधी जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मंगल कालिंदी, विधायक, जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही माननीय कुलपति प्रो(डॉ) अंजिला गुप्ता के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन तथा गांधी जी एवं शास्त्री जी की प्रतितियों पर माल्यार्पण के साथ हुआ। अपने अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुनः अपने जीवन में उतारने का आह्वान करते हुए कहा कि गांधी एक साधारण नाम नहीं है, बल्कि एक युग है, मूल्यों का प्रकाश पुंज है, जीवन जीने का तरीका है और सबसे बड़ी बात भारत के लिए वो एक ऐसे वरदान हैं अर्थशास्त्र के दृष्टिकोण से माननीय कुलपति ने गांधी जी के संबंध में कहा कि आवश्यकता जितनी हो उतना ही उपभोग करें। गांधी जी और शास्त्री जी के कई प्रसंगों का उल्लेख अध्यक्षीय संबोधन में किया गया। विधायक मंगल कालिंदी ने अपने वक्तव्य में कहा कि गांधी जी और शास्त्री जी जैसे महापुरुषों का जीवन एवं संदेश सभी के लिए अनुकरणीय है। मानव सेवा हमारे जीवन का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन महापुरुषों के बलिदानों के कारण हमें आजादी मिली हमें भी अपने मन में आत्म चिंतन करके उनके बताएं आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है, तथा उन्होंन सच्चाई के मार्ग पर चलकर राष्ट्र की सेवा करने की बात कही। अपने स्वागत भाषण एवं विषय प्रवेश में डॉ पुष्पा कुमारी अध्यक्ष, हिन्दी विभाग ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री वह महान विभूतियां थीं, जिन्होंने अपने विचारों से मानवता को प्रेरित किया। सत्य और अहिंसा तथा साद्गी का मार्ग युगों युगों तक हमारा मार्गदर्शन करेगा। कार्यक्रम के अंत में कुल सचिव डॉ राजेंद्र कुमार जायसवाल जी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर संगीत विभागाध्यक्ष डॉ सनातन दीप और छात्राओं ने गांधी जी के प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो तेने कहिए...' और 'रघुपति राघव राजा राम...' की मधुर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग से डॉ नूपुर अन्विता मिंज ने किया। इस कार्यक्रम में विवि के पदाधिकारी डीएसडब्ल्यू डॉ किश्वर आरा, वित्त पदाधिकारी डॉ जावेद अहमद, परीक्षा नियंत्रक डॉ रमा सुब्रमण्यम, प्रक्टर सुधीर कुमार साहू, सीवीसी डॉ अन्नपूर्णा झा, सभी डीन एवं सभी विभाग के विभागाध्यक्ष, डीन वाणिज्य संकाय डॉ दीपा शरण, ग्लोरिया पूर्ति, शिक्षक शिक्षिकाएं, कर्मचारी एवं



समारोह में विधायक मंगल कालिंदी को सम्मानित करतीं कुलपति डॉ प्रो अंजिला गुप्ता।

### इन छात्राओं को मिला पुरस्कार

इस कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय के एनएसएस विभाग, जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी यूनिट के द्वारा पोस्टर, स्वरचित कविता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिनका शीर्षक 'गांधी जी और स्वतंत्रता संग्राम' था। प्रतियोगिता में विजयी छात्राओं को कार्यक्रम के अंत में पुरस्त किया गया। पुरस्त छात्राओं में पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान – घात्री पाल, बीकम, द्वितीय स्थान मनीषा दास, बीबीए, तृतीय स्थान –आयुषी दास गुप्ता, बीकम, स्वरचित कविता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमारी निहारिका, एमकम ,द्वितीय स्थान उर्मिला मंडल, बीएससी,तृतीय स्थान मधुस्मिता महतो, बीकमनिबंध प्रतियोगिता (अंग्रेजी) में प्रथम स्थान– अनिमा कुमारी, बीए, द्वितीय स्थान– रीना मांझी, बीएससी, तृतीय स्थान– अशर तब्बुस्सम, बीएससी, निबंध प्रतियोगिता (हिंदी) में प्रथम स्थान– खुशी कुमारी, बीकम, द्वितीय स्थान – प्रज्ञा त्रिपाठी, बीबीए तृतीय स्थान– लक्ष्मी साव, बीएससी का रहा।

## खबर एक नजर में

### सरायकेला डीसी के साप्ताहिक जनता मिलन कार्यक्रम में पहुंचे कई लोग



**जमशेदपुर।** सरायकेला–समाहरणालय में आयोजित सप्ताहिक जनता मिलन कार्यक्रम में जन शिकायतों के निवारण हेतू जिले के विभिन्न क्षेत्र पहुंचे। सप्ताहिक जनता दरबार कार्यक्रम में आए लोगो से डीसी रवि शंकर शुक्ला क्रमवार मिल उनकी समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान जन कल्याणकारी योजनाओं से संबन्धित प्राप्त आवेदन का अन–द–स्पट निष्पादन किया गया वही अन्य मामलो के निष्पदान हेतु उपायुक्त नें संबन्धित विभागीय पदाधिकारी को आवेदन हस्तांत्रित कर यथोचित कार्रवाई के निदेश दिए। जनता मिलन कार्यकर्म में मुख्य रूप से भूमि संबंधित मामले, सड़को पर स्ट्रीट लाइट लगाने, चांडिल प्रखंड अंतर्गत मा दुर्गा जाग्रति समिति द्वारा राशन वितरण में अनियमितता बरतने, बैंक सखी के लंबित वेतन भुगतान, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, नाम सुधार करने समेत अन्य मामले से संबन्धित आवेदन प्राप्त हुए।

### इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम आयोजित



**जमशेदपुर।** इंस्टीट्यूट फर एजुकेशन, दुगनी–सरायकेला में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया गुरुवार को हुए इस आयोजन में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने अपने अपने घर से मिट्टी लाकर कलश में एकत्रित किया। साथ ही चावल भी उसे कलश में एकत्रित किया । इसके बाद पांच प्राण की प्रतिज्ञा लेकर एक रैली का आयोजन किया गया। रैली के आयोजन के बाद सभी में कॉलेज परिसर में आकर लगभग 100 पौधों का रोपण किया। समस्त कार्यक्रम एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर ओम प्रकाश की देखरेख में संपन्न किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की प्राचार्य डॉ स्वीटी सिंह, कॉलेज के कोषाध्यक्ष किंगसुख महंती सहित शिक्षक शिक्षिकाएं प्रो सुमन कुमारी, प्रो श्रावणी मुखर्जी, प्रो इंदु कुमारी,प्रो सिक्की कुमारी, प्रोफेसर बंदना कुमारी, प्रो माधुरी कुमारी, प्रो अंशु कुमारी आदि मौजूद रही। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पांच प्राण को याद कर राष्ट्रीय गान गाया।

### इनरव्हील क्लब ईस्ट ने एचएमएम स्कूल में लगायी सेनेटरी पैड वेंडिग मशीन



जमशेदपुर। तत्काल जरूरत मे सेनेटरी पैड के लिए सबसे अच्छा और सुरक्षित विकल्प है सेनेटरी पैड वेंडिग मशीन। इसके लिए इनरव्हील क्लब जमशेदपुर ईष्ट के तरफ से हिन्दुस्तान मित्र मंडल स्कूल मे पैड वेंडिग मशीन स्थापित किया गया, वहां पढने वाली 230 बालिका इस मशीन का फायदा ले सकती है। साथ ही उन्हे बताया गया कि उनके हाइजीन संबंधित स्वास्थ्य समस्याओ के निवारण को ध्यान मे रखते हुए स्कूल प्रांगन मे ये मशीन स्थापित किया गया है। सकूल के प्रधानाध्यापक के सहयोग से यह प्रोजेक्ट बहुत अच्छे से सम्पन्न हुआ। मौकेपर क्लब की अध्यक्ष और सदस्य मौजूद थी।

### बारीनगर मुख्य सड़क के पुनर्निर्माण के लिए सांसद को दिया ज्ञापन



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा के सांसद विद्युत वरण महतो से मुलाकात कर उनको बताया गया कि उत्तरी घोड़ाबांधा के बारीनगर पंचायत का मुख्य सड़क जो बहुत जर्जर स्थिति में है जिसके कारण आये दिन दुर्घटना होती है। ये मुख्य सड़क राधिकानगर, धुँवा बस्ती, और पंचायत भवन को जोड़ती है। इसके सम्बन्ध में एवं दूसरी मांग पूर्वी सिंहभूम मे मिथिला के रहने वालो के लिए टाटा से दरभंगा के लिए ट्रेन की मांग लेकर एक ज्ञापन आजसू के पूर्व जिला अध्यक्ष शकील सिद्दीकी एवं भारतीय मनावधिकार एसोसिएशन अफ इंडिया के कोल्हान प्रो.सचिव सैयद मुजफ्फरूल हक ने दिया । इससे पहले भी सांसद महोदय ने रेलवे मंत्री से बात कर जमशेदपुर वासिओ के लिए कई ट्रेन दिलवाई है। सांसद ने आश्वासन दिया कि इस काम को अंजाम तक पहुंचाने की पूरी कोशिस करेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्य राबिया हसन खान, पूर्व सैनिक सह समाजसेवी सोहैल अहमद खान, नौशाद खान, तुफैल खान आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस सेवा दल के महासम्मेलन में भाग लेकर लौटे आजाद व साथी



जमशेदपुर। झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस सेवादल के तत्वावधान में समागम महासम्मेलन का आयोजन पुराना विधान सभागार धुर्वा, रांची में प्रदेश मुख्य संगठक नेली नाथन के अध्यक्षता में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय मुख्य संगठक लालजी देसाई, प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री बादल पत्रलेख, सुबोध कांत सहाय का गर्मजोशी के साथ प्रदेश पदाधिकारी सेवादल संजय सिंह आजाद, पूर्वी सिंहभूम सेवादल मुख्य संगठक अरविंद साहू एवं जिला महामंत्री सेवादल सुरेंद्र शर्मा ने किया। लालजी देसाई ने अपने संबोधन में कहा कि सेवादल ही कांग्रेस पार्टी का रीढ है। सेवादल ही बुथ पर जब बैठेगी तब हम आर एस एस और भाजपा को मुकाबला देने का फौलादी ताकत है। सेवादल को जनता के आवाजों और समस्याओं को सरकार तक पहुँचाने का माध्यम बनना होगा। कांग्रेस पार्टी का हर पदाधिकारी प्रदेश स्तर और जिला स्तर का सेवादल बैकग्राउंड का होना चाहिए।

### भाजमो ने टेल्को, गोलमुरी एवं बारीडीह विद्यापतिनगर में चलाया सफाई अभियान




जमशेदपुर। शुक्रवार को भारतीय जनतंत्र मोर्चा जमशेदपुर महानगर द्वारा स्वच्छता श्रमदान अभियान के तहत आज बारीडीह विद्यापतिनगर,गोलमुरी एवं टेल्को के कई स्थानों पर सफाई की गई। सफाई अभियान विधायक सरयू राय के दिशानिर्देश पर चलाया जा रहा है। पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में बारिश से नालों में भरे मलवे एवं कूड़ा करकट को साफ करने का कार्य निरंतर जारी है। सफाई के क्रम में जनसुविधा प्रतिनिधि हरेराम सिंह,विजयनारायण सिंह,असीम पाठक,अभय सिंह, राजू सिन्हा,दुर्गा प्रसाद,निशांत कुमार,केशर निषाद एवं अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### अधिवक्ता पंकज किशोर का निधन

मेदिनीनगर। पांकी रोड श्री राम पथ निवासी एडवोकेट पंकज किशोर का निधन शुक्रवार की सुबह 3.30 बजे हो गया। वे करीब 60 वर्ष के थे। वे अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र एवं पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। एडवोकेट के असामयिक निधन से इस विपदा में उनकी पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है। स्व पंकज किशोर जीएलए कालेज के पूर्व प्राचार्य डॉ ब्रज किशोर पाठक के एकलौते पुत्र थे। इनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए झारखण्ड राज्य हिन्दू न्यास बोर्ड के सदस्य हृदयानंद मिश्र ने कहा कि पंकज किशोर की रुचि सामाजिक कार्यों में भी रहती थी। इनके निधन से अपूरणीय क्षति हुई है।

### मंदिर निर्माता परिवार के सदस्य के निधन पर शोक



मेदिनीनगर। श्री विष्णु मंदिर ट्रस्ट के आजीवन न्यासी और मंदिर निमार्ता परिवार सदस्य स्व उमेश अग्रवाल के निधन पर मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से शोक सभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में श्री विष्णु मंदिर ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने दिवंगत की आत्म की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए 2 मिनट का मौन रखा। शोक सभा में ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बबलू गुप्ता, सह सचिव श्रवण सोनी, कोषाध्यक्ष अभय कुमार, न्यासी विजय अग्रवाल, सतीश दुबे, नवीन गुप्ता, प्रदीप कुमार, महेंद्र अग्रवाल और पुजारी कमल किशोर उपस्थित थे।

### हत्यारोपी पति-पत्नी को उम्रकैद

मेदिनीनगर। पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के पंचम जिला व सत्र न्यायाधीश अभिमन्यु कुमार की अदालत ने हत्या के एक मामले में रामचंद्र घासी व फुलमतिया देवी को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वही 25 हजार रुपये का अर्थ दंड लगाया है। अर्थदंड की राशि नहीं जमा करने पर एक साल अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतानी पड़ेगी। इस मामले में मनातू थाना अंतर्गत तीलो ग्राम निवासी अजय कुमार ने मनातू थाना में अपने ही गांव के रामचंद्र घासी, फुलमतिया देवी, व बिगन कुमार के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया था। जो मनातू थाना कांड संख्या 4/19 तिथि 15 जनवरी 2019 को दर्ज किया गया था। मुदालय पर आरोप था कि 13 जनवरी 2019 को शाम 3:00 बजे सूचक के पिता शंकर घासी पुआल का गुच्छा अभियुक्त के घर के छत पर रख दिया था। इस बात को लेकर सूचक के पिता शंकर घासी के साथ मुदालय गण गाली गलौज किए थे। 14 जनवरी 2019 को सुबह 6:00 बजे मुदालय लोग मिलकर गाली गलौज करते हुए सूचक के दरवाजा पर आए और गाली गलौज करते हुए ईंट पत्थर चलाने लगे। उक्त घटना के दौरान जब सूचक तथा उसके पिता शंकर घासी घर से बाहर निकले तो शंकर घासी को पड़कर आलू के खेत में ले गए और रस्सी से उसका हाथ पैर बांधकर उसे टांगी से मारने लगे। सूचक अपने पिता को बचाने गया तो उसे भी रामचंद्र घासी टांगी से मार मारकर उसका बाया हाथ तोड़ दिया। इसके बाद मुदालय लोग घटनास्थल से भाग गए। सूचक पुलिस की सहायता से अपने पिता को लेकर सदर अस्पताल डाल्टनगंज गया। जहां उसके पिता शंकर घासी की मृत्यु हो गई। यह संबंध में अदालत ने रामचंद्र घासी व फुलमतिया देवी को साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कांड के अनुसंधान कर्ता पुलिस अवर निरीक्षक चंद्रशेखर कुमार थे।

### डीएमओ ने बगैर सीटीओ के संचालित तीन क्रशर को किया सील



मेदिनीनगर। जिले अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के रोकथाम को लेकर उपायुक्त शशि रंजन गंभीर हैं। इसी का असर है कि जिले में डीएमओ द्वारा लगातार जारी है। इसी क्रम में डीएमओ ने छत्तरपुर में बगैर सीटीओ के संचालित हो रहे तीन क्रशरों को सील कर दिया । सील किए गए क्रसरों में मेसर्स तिरुपति,बालाजी, कंट्रक्शन,पार्टनर,रूद्र कुमार पाण्डेय, उर्फ नंदजी पाण्डेय, थाना मोहनिया ,जिला कैमूर, बिहार मौजा मडवा, थाना पिपरा,खाता संख्या-20,प्लॉट संख्या-122 नया 62 पुराना, खाता संख्या 01-प्लॉट संख्या-129 नया, 62 पुराना, सर्वश्री एमसीसी महादेव कंट्रक्शन, कंपनी, पार्ट, अनिल कुमार सिंह,मौजा अर्जुनडीह,थाना छत्तरपुर,खाता संख्या-26प्लॉट संख्या-163 अशोक कुमार सिंह, मौजा बरहीहा, थाना छत्तरपुर, खाता संख्या-25, प्लॉट संख्या 600 शामिल है। इधर छत्तरपुर में तीन क्रशर सील किये जाने के संबंध में उपायुक्त रंजन ने कहा कि जिले में कहीं भी अवैध खनन को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अवैध खनन व परिवहन कार्य में कोई भी लोग संलिप्त पाए जाते हैं तो उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जायेगा। उन्होंने डीएमओ को सक्रीय होकर जिले के सभी क्षेत्रों में अभियान चलाकर इलीगल क्रशर,इट भट्टे, व अवैध परिवहन पर पूर्ण रूप से रोक लगाने के निर्देश दिये हैं।

### कई पंचायत प्रतिनिधि भाजपा में हुए शामिल



बिश्रामपुर (पलामू)। जनसंकल्प यात्रा के दौरान विश्रामपुर में आयोजित जनसभा में कई पंचायत प्रतिनिधि भाजपा में शामिल हुए। सभी पंचायत प्रतिनिधियों को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने माला पहनाकर पार्टी में शामिल किया। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि भाजपा के नीति सिद्धांतों से प्रभावित होकर और प्रधानमंत्री मोदी में विश्वास रखते हुए भाजपा में शामिल हुए है। इसके अलावा सांसद बीडी राम और विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के विकास कार्यों से भी हम सब प्रभावित हैं। भाजपा में शामिल होने वालों में सिगसिगी मुखिया किरण देवी, पिंटू चौधरी, पंसस बेलो शुक्ला, विनोद चौधरी, विनय चौधरी, इलायची सहित कई लोगों शामिल हैं।

### एंबुलेंसकर्मियों ने एंबुलेंस में ही कराया सुरक्षित प्रसव

मेदिनीनगर। हरिहरगंज प्रखंड के अकवनिया गांव निवासी दशरथ मेहता की पत्नी संजू देवी 24 वर्ष को प्रसव पीड़ा होने पर 108 एंबुलेंस को बुलाकर हरिहरगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया जा रहा था जो कि बीच रास्ते में ही उक्त महिला की प्रसव पीड़ा अत्यधिक होने लगा। इसे देखते हुए ईएमटी ओमप्रकाश एवं एंबुलेंसकर्मियों ने एनएच 75 पर एंबुलेंस को रोककर एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया गया। जिसमें जच्चा बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। इसकी जानकारी मिलने पर जिला समन्वयक अजय कुमार सिंह ने बताया कि एंबुलेंस चालक एवं ईएमटी के द्वारा इसकी सूचना दी गई तो उनलोगों दिशा निर्देश देते हुए कहा गया कि प्रसव के बाद दोनों जच्चा बच्चा का स्वास्थ्य जांच हरिहरगंज अस्पताल में कराने के लिए भर्ती करायें।

### आम आदमी पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का किया पुतला दहन



मेदिनीनगर। आम आदमी पार्टी पलामू के द्वारा राज्यसभा सांसद संजय सिंह के गिरफ्तारी के विरोध में छह मुहान चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। इसके पूर्व कार्यकर्ताओं ने जुलूस भी निकाला। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल थे। जायसवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी के बढ़ते लोकप्रियता को देखते देखकर भाजपा घबरा गई है और बारी-बारी से आम आदमी पार्टी के नेताओं को जबरन जेल भेजा जा रहा है। देश में अघोषित आपातकाल हो गया है विरोधी नेताओं को बेवजह ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग कर उन्हें फंसाया जा रहा है। कार्यकर्ता घबराने वाले नहीं हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चंद्रबली चौबे ने की और संचालन कार्यकारी सचिव सुधीर कुमार ने किया। पुतला दहन कार्यक्रम में संगठन मंत्री अरुण वर्मा, ओमप्रकाश दुबे, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, दीक्षित, संजय राम, किशोर सिन्हा, लालू प्रसाद यादव, मनोज, गणेश समेत कार्यकर्ता और नेता मौजूद थे।

# झारखंड में कानून व्यवस्था फेल, लूटने में व्यस्त है राज्य सरकार : बाबूलाल मरांडी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का जनसंकाल्प यात्रा पहुंचा विश्रामपुर,जनसभा में उमड़ी भीड़

जनसभा में राज्य सरकार पर जमकर बरसे मरांडी,केंद्र सरकार की गिनाई उपलब्धियां





जनसभा में बाबूलाल मरांडी व अन्य, बाबूलाल मरांडी का स्वागत करते भाजपा नेता और जनसभा में उमड़ी भीड़।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का जनसंपर्क यात्रा शुक्रवार को बिश्रामपुर पहुंचा। जहां उन्होंने जनता उच्च विद्यालय के खेल मैदान में भाजपा द्वारा आयोजित जनसभा को संबोधित किया। सभा की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक और संचालन जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने किया। मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार के संरक्षण में झारखंड में लूट मची हुई है। राज्य के खनिज संपदाओं को लूटा जा रहा है। जंगल व जमीन को बेचा जा रहा है। राज्य की विधि व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुका है। अपराधियों और उग्रवादियों को संरक्षण दिया जा रहा है। ऐसी निकम्मी और लुटेरी सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। मरांडी ने कहा कि जो लोग कहते थे कि हेमंत है तो हिम्मत है, वे लोग अब ईडी के डर से हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का दौड़ लगा रहे हैं। जब कोई गलती नहीं की तो भागे भागे क्यों फिर रहे हैं, डर क्यों रहे हो। अगर गड़बड़ी किए हो तो सजा भुगतना ही होगा। उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि केंद्र में गरीबों, गांवों और महिलाओं की सरकार है। मोदी सरकार सेवा, समर्पण, सुशाषण और गरीब कल्याण को समर्पित है। मरांडी ने कहा कि मोदी को हराने के नाम पर पैसा और परिवार बचाने के लिए फिर से एक नया गठबंधन बना है लेकिन जनता सब जानती है। राज्य और देश लुटने वालों को जनता फिर नकारेगी और तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ केंद्र में मोदी की सरकार बनेगी।

**मोदी के नेतृत्व में भारत विश्वगुरू बनने की ओर अग्रसर: बीडी राम**

पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि देश में भाजपा और मोदी का कोई विकल्प नहीं है। भाजपा देश को प्रगति के राह पर लेकर जा रही है। मोदी के नेतृत्व में भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने अपनी उपलब्धियां भी गिनाई। प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र में 1200 किमी रोड बना है। फोर लेन और बाईपास का निर्माण हो रहा है। राज्य का सबसे बड़ा पुल सोन नदी पार बन रहा है।

### बिश्रामपुर को बनाया शिक्षा का हब : रामचंद्र चंद्रवंशी



पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि जब 1995 में पहली बार विधायक बना तो विश्रामपुर विस क्षेत्र का विकास होना शुरू हुआ। हमने दो प्रखंड से सात प्रखंड बनवाया। दो नगर निकाय का गठन कराया। विकास को गांवों तक पहुंचाया। विश्रामपुर को शिक्षा का हब बनाया। क्षेत्र में सड़कों का जल विछाया। पुल पुलिया बनाकर गांवों को मुख्यालय से जोड़ा। चंद्रवंशी ने राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य के विकास से हेमंत सरकार का कुछ लेना देना नहीं है। उन्होंने बाबूलाल मरांडी की जमकर तारीफ की और कहा कि जमीन से जुड़े हुए और झारखंड के सर्वमान्य नेता हैं। केंद्र सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि मोदी व्यक्ति नही शक्ति का नाम है इसीलिए तो पूरा देश कहता है कि मोदी है तो मुमकिन है। इससे पहले भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम के दौरान रामचंद्र चंद्रवंशी ने मरांडी को गदा और तलवार भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर पूर्व सांसद ब्रजमोहन राम, बालमुकुंद सहाय, कृष्ण मिश्रा उर्फ दाऊ मिश्रा, विनय जयसवाल, ओमप्रकाश केशरी, विनोद सिंह, भोला चंद्रवंशी, शिवधारी राम, ममता भुइंया, टिकैत चौबे, विजय रविदास, धर्मदेव सिंह यादव, मिथलेश पांडेय, सी एस दुबे, राजन पांडेय, प्रभात भुइंया, अविनाश वर्मा, अजय दुबे, शंकर यादव, कृष्ण गुप्ता, पंकज तिवारी, पंकज लाल, जवाहर पासवान, कुश ओझा, सुनील पांडेय, शुशील शुक्ला, अनुज पांडेय, नरेंद्र पांडेय, विभाकर नारायण पांडेय, किशोर पांडेय, बबन राम, अमरेश तिवारी, शिवबंश मिश्रा, नरसिंह चौबे, दिलीप तिवारी सहित कई भाजपा नेता मौजूद थे।

# झारखंड को लूटने के लिए बना इंडिया गठबंधन : मरांडी

बाबूलाल मरांडी के प्रेरणा से पहली बार बना विधायक : आलोक चौरसिया

पानी के बिना मेधा डेयरी की कल्पना तथ्य से परे : अरूणा शंकर

## देश आजादी के बाद कांग्रेस ने गरीबी हटाओ के नाम पर ठगने का काम किया : बीडी राम







**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर पलामू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब पहली बार वर्ष 2014 में देश का कमान संभाले तब से उन्होंने सबसे ज्यादा अगर किसी पर ध्यान देने का काम किया तो वह है देश के गांव, घर, गरीब मां बहनों, किसान, मजदूरों की चिंता करते हुए इनके लिए कई जनकल्याणकारी योजनाओं को देशस्तर पर संचालित कर लाभांवित करने का काम किया है। उक्त बातें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संकल्प यात्रा के दौरान चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में सभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा क प्रधानमंत्री मां बहनों को सम्मान दिलाते हुए शौचालय योजना, आवास योजना, उज्वला योजना, स्वास्थ्य बीमा योजना समेत कई योजनाओं का लाभ दिलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि देश के 80 करोड़ जनता को निःशुल्क खाद्य योजना से लाभांवित करने का काम भाजपा की सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में कांग्रेस, राजद वाली गठबंधन सरकार अस्थिरता उत्पन्न करने का काम किया है, जिस कारण राज्यवासी अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पलामू सांसद बिष्णुदयाल राम ने कहा कि देश आजादी के बाद कांग्रेस लगभग 65 वर्षों तक शासन किया जो गरीबी हटाओ के नाम पर इंदिरा आवास लागू किया। यह आवास गांव के बाहर हरिजन, आदिवासी के लिए बनाया जाता था। ताकि ये जातियां गांव के अंदर न रहें। लेकिन यह आवास सुअर के बखोर वाला साबित हुआ। लेकिन जब वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनें तो उन्होंने सभी जाति, धर्म के लोगों के लिए जहां उनकी घर जमीन थी वहीं पर पक्का मकान, शौचालय देने का काम किया। विधायक आलोक चौरसिया ने सभा में उपस्थित लोगों को अभिवादन करते हुए कहा कि जब पहली बार मैं विधायक बना तो बाबूलाल मरांडी के कृपा व आशीर्बाद से ही बना। उनके द्वारा तथा पिता स्व अनिल चौरसिया के सपने को साकार करने के लिए चैनपुर-भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के गरीब गुरबों के लिए दिन रात काम करने का प्रयास किया। विधायक ने कहा कि कुछ ठग प्रवृत्ति के नेता घूमकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। ऐसे लोगों को चिंहित कर उनसे बचने की जरूरत है। रघुवर दास के नेतृत्व में झारखंड में विकास की पहिया तेज हुई थी जो आज धीमी हो गई। विकास को बढ़ावा देने के लिए झारखंड में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनानी है। प्रथम मेयर अरूणा शंकर ने जिउतिया पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मेधा डेयरी का उदघाटन किये हैं जो पानी के बिना अधूरा साबित होगा। उन्होंने कहा कि लोगों को पहले मूलभूत सुविधा की आवश्यकता है। नगर निगम में फेज टू का काम अधर में लटका हुआ है इस पर न मुख्यमंत्री और न ही पेयजल स्वच्छता मंत्री का ध्यान है। इस मौके पर प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक व अन्य ने अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष शशिभूषण पांडेय, रामलव चौरसिया, भीष्म चौरसिया, विनोद सिंह, प्रफुल्ल सिंह, प्रमोद सिंह, मंजु गुप्ता, संटु चौरसिया, ममता भुइयां, अमित तिवारी, सुरेंद्र विश्वकर्मा, ओमप्रकाश केशरी समेत कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गुरु गोष्ठी में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के विकास पर चर्चा हुई



**हरिहरगंज पलामू।** मेन रोड स्थित मध्य विद्यालय में गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता बीपीएम रेखा कुमारी ने किया। गुरु गोष्ठी में शिक्षक छात्र उपस्थिति को ई विद्या वाहिनी पर लोड करने, आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत शिक्षा का संकल्प सप्ताह मनाने, प्रतियोगिता का आयोजन करने, पोस्ट ऑफिस में छात्रों का खाता खुलवाने, विद्यालय में सूचना पट तथा शिकायत पेटी रखने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा इंपैक्ट, प्रयास, एफएलएन, ज्ञान सेतू, रेल आदि कार्यक्रमों को सफल बनाने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर धर्मेंद्र कुमार सिंह, अभिलाषा कुमारी, ममता कुमारी, अनुपमा कुमारी, सुरेंद्र यादव, पुष्पा कुमारी, प्रतिमा कुमारी, विपिन बिहारी पाठक, संतोष कुमार गुप्ता, अरविंद गुप्ता सहित कई प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

### पांकी अंचल के खिलाफ इंकलाबी नौजवान सभा ने दिया अनिश्चितकालीन धरना

**मेदिनीनगर। इंकलाबी नौजवान सभा द्वारा पांकी अंचल कार्यालय में अनिश्चितकालीन धरना दिया गया। इसकी अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष इजहार हैदर ने कहा कि पांकी अंचल में जमीन का ऑन लाईन न रसीद काटा जा रहा है और न ही म्यूटेशन किया जा रहा है। जिस कारण प्रखंडवासियों को कई प्रकार के कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय में इतनी भ्रष्टाचार बढ़ गई है कि बिना पैसा का कोई भी काम अंचलकर्मी या पदाधिकारी करने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि राजस्व कर्मचारी पंचायत में नहीं बैठ रहे हैं, जिस कारण लोगों को कर्मचारियों के पास पहुंचने के लिए प्रखंड कार्यालय पहुंचना पड़ता है या उन्हें खोजना पड़ता है। यदि जब तक शिविर लगाकर जमीन का ऑन लाईन रसीद काटना, म्यूटेशन करना प्रारंभ नहीं किया जायेगा तब तक यह धरना जारी रहेगा। इस मौके पर संतोष कुमार, रंजीत कुमार, मनीष कुमार, देवेंद्र कुमार, मो शमीम, अविनाश रंजन, त्रिलोकीनाथ, गुड्डू भुइयां समेत अन्य लोग मौजूद थे।**

## डीसी ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिये कई निर्देश

### नया ब्लड बैंक बनाने की स्वीकृति

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की गयी। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में उपायुक्त ने सर्वप्रथम मिशन इंद्रधनुष के तीसरे चरण की जानकरी ली। बताया गया कि तीसरा चरण 9 से 14 अक्टूबर तक चलाया जाना है जिसके तहत कुल 5415 बच्चों को खसरा, रूबेला, निमोनिया, काली खांसी, आदि की बीमारियों से बचाव हेतु टिके लगाये जाने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं कुल 1195 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण करने का भी लक्ष्य रखा गया है। बैठक में उपायुक्त ने सीएस व स्वास्थ्य विभाग को आई ऑन व्हील्स की शुरूआत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिले के ग्रामीणों का निःशुल्क रूप से आंख से जुड़ी बीमारियों का इलाज किया जायेगा। उन्होंने सभी संबंधितों को आंख से जुड़े बीमारियों का इलाज करने को लेकर सभी आवश्यक इक्विपमेंट युक्त वाहन तैयार करने के निर्देश दिये। बैठक में एमएमसीएच परिसर में ही नया ब्लड बैंक के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी। इसी में सिकल सेल एनीमिया व थेलिसिमिया कोषांग भी बनाया जायेगा। उन्होंने सभी प्रखंडों में प्रत्येक माह ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन करवाने की बात कही। उपायुक्त ने प्रत्येक माह सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में कैम्प लगाकर बच्चियों का स्वास्थ्य जांच करने के निर्देश दिए। मौके पर सीएस, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, विभाग के डीपीएम, समेत अन्य उपस्थित थे।

### कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह किया मरांडी का स्वागत



**विश्रामपुर पलामू।** रेहला कोयल पुल के पास भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मरांडी का स्वागत किया। उसके बाद मोटरसाइकल जुलूस के साथ श्री मरांडी के काफिले का आगवानी करते हुए आगे बढ़े। बी मोड़ के पास जिला पार्षद विजय रविदास ने अपने समर्थकों के साथ पारंपरिक ग्रामीण वाद्ययंत्र के धुन के बीच श्री मरांडी का भव्य स्वागत किया। बिश्रामपुर में विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने खुद कार्यकर्ताओं के साथ मरांडी का स्वागत किया। इस बीच उत्साहित कार्यकर्ता आतिशबाजी भी कर रहे थे।

### ओबीसी के हक के लिए लड़ाई लड़ेगा आरक्षण बचाओ मोर्चा

मेदिनीनगर। ओबीसी आरक्षण बचाओ मोर्चा के नेताओं ने कहा कि ओबीसी के हक के लिए लंबी लड़ाई लड़ने के लिए मोर्चा तैयार है। होटल स्वागत में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए संयोजक मंडल के रवि पाल ने कहा कि बिहार के तर्ज पर झारखंड में भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जाति गणना करवा कर आबादी के अनुसार विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका समेत अन्य सरकारी गैर सरकारी संस्थाओं में ओबीसी की भागीदारी सुनिश्चित कराने का काम करें। यदि झारखंड सरकार हमारी मांगों पर विचार नहीं करती है तो आगामी 26 नवंबर से पलामू जिला मुख्यालय में अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ किया जायेगा। नेताओं ने कहा कि झारखंड में वन, खनिज संपदा पर्याप्त मात्रा में भरा पड़ा है इसके बावजूद पिछड़ी व अति पिछड़ी जाति का हक मारा जा रहा है बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। झारखंड में ओबीसी जातियों के साथ राज्य सरकार अन्याय कर रही है। आरक्षण के नाम पर ठगने का काम किया जा रहा है जिस कारण ओबीसी जाति के पढ़े लिखे युवकों को न रोजगार ना ही नौकरी में स्थान मिल पा रहा है। जिस कारण ओबीसी समुदायों के बीच बेरोजगारी का फौज खड़ा हो चुका है। इस पर सरकार अविलंब विचार करते हुए ओबीसी जाति का वास्तविक हक दे। इस मौके पर टाइगर रौशन मेहता, रिंकु मेहता, सुरेश ठाकुर, पिंटु कानू, विरेंद्र चंद्रवंशी, निर्मल मेहता, ललन प्रजापति, विनोद सोनी, रामदेनी गांगी, पवन विश्वकर्मा समेत कई लोग शामिल थे।

### सूरज पांडेय ने किया रक्तदान

मेदिनीनगर। रांची राज अस्पताल में भर्ती डालटनगंज निवासी मरीज को रक्त की आवश्यकता थी। इसकी जानकारी मिलने पर सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा द्वारा संचालित सामाजिक संस्था इंसानियत का रिश्ता के सक्रिय सदस्य सह डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया के सोशल मीडिया प्रभारी चैनपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम तलैया निवासी सूरज पांडेय ने राज अस्पताल स्थित बल्ड बैंक में बी पॉजिटिव रक्तदान कर मरीज की जान बचाई।

# ईडी के डर से हेमंत सोरेन भागे पलामू : बाबूलाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर पलामू।** झारखंड में लूट, हत्या, अपराध एवं भ्रष्टाचार की सरकारें चल रही है। इसके मुखिया राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हैं जो गठबंधन सरकार चला रहे हैं। झारखंड में जल, जंगल व जमीन बचाने के वादा करने वाला व्यक्ति आज इसे ही लूटने में ही लगा है। जिस राज्य के मुख्यमंत्री पर कई जांच चल रहा हो उस राज्य का भविष्य क्या होगा यह जनता ही मालिक है। उक्त बातें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संकल्प यात्रा के दौरान चैनपुर प्रखंड के वन विभाग चेकनाका के समीप मैदान में कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को चार अक्तूबर को ईडी दफ्तार में पहुंचना थे लेकिन वे इतने भयभीत हैं कि चार अक्तूबर को ईडी कार्यालय न पहुंचकर भागे भागे पलामू पहुंचे कि किसी प्रकार ईडी से जान बचे। लेकिन एक न एक दिन उन्हें ईडी दफ्तार जाना ही होगा। मरांडी ने सवालिया निशान करते हुए कहा कि आखिर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी से क्यों भागना चाहते हैं। इसमें कई सवाल छिपे हुए हैं। यदि वे निष्पक्ष हैं तो उन्हें ईडी का सामना करना चाहिए। मरांडी ने कहा कि झारखंड में यदि भाजपा की सरकार बनी तो छह महीना के अंदर सभी सरकारी विद्यालयों में एवं सभी सरकारी अस्पतालों में शिक्षक व डॉक्टर दिखाई देंगे। साथ ही झारखंड के लूटनेवाले जितने भी भ्रष्टाचारी हैं उन्हें चिंहित कर कानून के हवाले किया जायेगा। मरांडी ने कहा कि भाजपा की सरकार आई तो सारी सरकारी योजनाओं का लाभ लाभूकों को घर बैठे ही मिलेगा।

### बारिश में महिला का घर ध्वस्त



पाटन पलामू। प्रखंड अंतर्गत उताकी पंचायत के बैदा कला ग्राम निवासी तेतरी कुंवर पति स्व देवराज मोची का घर लगातार बारिश होने से क्षतिग्रस्त हो गया है। इसकी जानकारी मिलने पर पाटन प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने प्रभावित परिवार से मुलाकात कर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। प्रमुख ने कहा कि तेतरी कुंवर अत्यंत निर्धन है। बारिश में मकान क्षतिग्रस्त हो जाने से वह बेघर हो गई है। प्रमुख ने बीडीओ को तेतरी कुंवर के घर को मरम्मत कराने को लेकर विशेष पहल करने को कहा है। उन्होंने कहा कि संकट की घड़ी में हम प्रभावित परिवार के साथ हैं। उन्होंने प्रभावित परिवार को आश्वासन दिया है कि उसे हर हाल में घर मरम्मति के लिए प्रशासन से मुआवजा दिलायेगी। समाज सेवी शक्ति शंकर गुप्ता ने कहा कि तेतरी देवी को रहने के लिए घर नहीं बचा है पुराना जर्जर था जो गिर गया। अब तेतरी को रहना मुश्किल हो गया है। इन्हें मुआवजा मिलनी चाहिए।

# अमरदीप सिंह मल्होत्रा ने सदर सीओ का प्रभार ग्रहण किया

### निवर्तमान सीओ जे के मिश्रा को दी गयी भावभीनी विदाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सदर अंचल के नए अंचल पदाधिकारी के रूप में अमरदीप सिंह मल्होत्रा ने गुरुवार को प्रभार ग्रहण किया। निवर्तमान अंचल पदाधिकारी सह जेके मिश्रा ने नये अंचल अधिकारी को पदभार सौंपा। मौके पर अमरदीप सिंह मलहोत्रा इसके पूर्व चतरा में बतौर कार्यपालक दंडाधिकारी पदस्थापित थे और उपायुक्त के गोपनीय शाखा तथा एनडीसी के प्रभार में थे। प्रभार के बाद सदर प्रखंड के बीडीओ के सभा कक्ष में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता व संचालन राजस्व कर्मचारी धर्मराज मिश्र ने किया। कार्यक्रम में सदर एसडीएम राजेश कुमार शाह ने कहा कि विदाई हर हाल में गम लेकर आता है लेकिन जेके मिश्रा प्रोन्नत होकर सरायकेला में जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी के रूप में जा रहे हैं। इसलिए यह खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि मेदिनीनगर सदर अंचल में जेके मिश्रा दो बार पदस्थापित हुए और अपने कार्यकाल पूरा किया। उनका कार्यकाल विवादरहित और प्रगतिशील रहा है। जेके मिश्रा जानकार, मेहनती और जनहित को प्राथमिकता देकर काम करने वाले सरकारी अधिकारी के रूप में पहचान बनाए हैं। उनकी अपेक्षा और कामना है कि भविष्य में भी वे सरकार के उम्दा कर्मी बने रहेंगे। एसडीएम ने नए अंचल पदाधिकारी अमरदीप सिंह बलहोत्रा को बधाई देते हुए कहा कि वे भी पूरी तत्परता के साथ सदर अंचल के दायित्व और मानक को आगे बढ़ायेंगे। निवर्तमान अंचल पदाधिकारी जेके मिश्रा ने कहा कि पलामू में काम के दौरान चुनौतियां आती रही परंतु उससे ज्यादा आम जनता और कार्यालय कर्मियों का सहयोग भी मिलता रहा। इससे काम तेजी से कर पाना संभव हो सका। उनका प्रयास रहा है कि हर कानून सम्मत कार्य का तेजी से निष्पादन किया जाए। पलामू के लोग काफी जानकार व समझदार हैं। समझाने के बाद तत्काल समझ भी जाती है। यहां जो सहयोग व सम्मान मिला उसे कभी भूलाया नहीं जा सकता है। प्रभार लेने के बाद अमरदीप सिंह बलहोत्रा ने कहा कि पलामू जिले से वे परिचित रहे हैं। वे सरकार के निर्देशन व अधिकारियों के मार्गदर्शन में तेज गति से काम करने का प्रयास करेंगे। उन्हे उम्मीद है जो सहयोग अबतक जनता देती रही है वह उन्हे भी मिलता रहेगा। मौके पर वीडियो अमिताभ भगत, सीआई विकास पांडे ,पोलीकार्म तिर्की, दीपक पांडे, शीला पंडित, चंदन कुमार, प्रणिता कुमारी, लव कुमार पांडे, आलोक कुमार शशि कुमार तिवारी सहित कार्यालय के कर्मी व अन्य लोग मौजूद थे।

# न्यू प्राथमिक विद्यालय मटनगवाटांड़ स्कूल 12:30 बजे हुआ बंद, प्रचार्या गये थे किशुनपुर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के लोईगां पंचायत अंतर्गत मटनगवाटांड़ न्यू प्राथमिक विद्यालय 12:30 ही बंद कर बच्चों को छुट्टी दे दी गई। यह सरकार द्वारा स्कूल संचालन करने के निर्धारित समय का पालन नहीं करना उल्लंघ्ज्ञन है। बताते चले कि जहां झारखंड सरकार शिक्षा को लेकर अहम भूमिका निभाती है और हर स्कूल को नियम अनुकूल खुलने और बंद करने का प्रावधान है । वहां आज इस तरह की लापरवाही बरती जा रही है और स्कूली बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जब स्कूल के प्रधानाध्यापक प्रेम कुमार चौधरी से फोन कॉल से संपर्क कर पूछताछ की गई तो उनके द्वारा जानकारी दिया गया कि हम अभी स्कूल में नहीं है हम स्कूल के मीटिंग से किशुनपुर आए हुए हैं । स्कूल में एक सहायक शिक्षक शबान अंसारी हैं जो स्कूल की देखरेख कर रहे हैं । वहीं शिक्षक स्कूल में नहीं पाए गए। कुछ आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ किया गया तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल सुबह में खुला था और 12:00 बजे बंद हो गया और बच्चे सब घर खाना खाने चले गये। सवाल उठता है कि स्कूल में मध्याह्न भोजन की सुविधा दी गई है तो स्कूल में मध्यान भोजन क्यों नहीं बना और किस कारण से बच्चे को स्कूल से छुट्टी लेकर अपने घर चले गए। इस तरह की लापरवाहियों से साफ झलकता है कि स्कूल 12:30 बजे ही बंद कर शिक्षक घर चले गए थे । वही इस विषय को लेकर शिक्षा विभाग के बीपीओ अजय कुमार से संपर्क किया गया तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताएं कि अगर इस तरह की लापरवाही बरती गई होगी तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

स्पीड न्यूज

## दो पक्षों में हिंसक झड़प, आधा दर्जन लोग घायल

**धनबाद।** जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र के परासी पंचायत में शुक्रवार को दो गुटों में हिंसक झड़प हो गई। झड़प में आधा दर्जन लोग घायल हो गए हैं। घटना का संबंध में बताया जाता है कि पलासी पंचायत के बरहिर में पोल लगाने को लेकर शुक्रवार को विवाद हो गया। जिसके बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर लाठी, डंडे, रॉड, ईंटे से हमला कर दिया। जिसमें आधा दर्जन महिला-पुरुष घायल हो गए। सभी का इलाज धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में चल रहा है। घटना से इलाके में काफी आक्रोश है और क्षेत्र में माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है।

## एआईसीसी महासचिव से मिले देव शर्मा



**बोकारो।** युवा कांग्रेस के झारखंड प्रदेश महासचिव देव शर्मा ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव मुकुल वासनिक से मुलाकात कर उन्हें बोकारो व आसपास के इलाके और झारखंड में बेरोजगारी तथा पलायन की समस्या से अवगत कराया। श्री शर्मा ने कहा कि मुकुल वासनिक एक जमीनी नेता हैं, इसलिए हमेशा जमीनी समस्याओं को निकट से जानते हैं जमीनी नेताओं व कार्यकर्ताओं के सुख-दु:ख में साथ खड़े रहते हैं। मुकुल वासनिक से हुई मुलाकात के दौरान उन्होंने बोकारो की जन-समस्याएं रखी और उन्हें दूर करने में उनसे मदद का आश्वासन मिला। युवा नेता देव शर्मा ने कहा कि मैंने भी अपने 14 सालों के संघर्ष और कुछ तकलीफें उनके साथ साझा की। उन्होंने अपने स्तर से उन्हें पूरा सहयोग देने का भरोसा दिया है।

## हरि मंदिर प्रांगण में ग्राम सभा का आयोजन

**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत बामनबाद स्थित हरि मंदिर प्रांगण में लटानी पंचायत के मुखिया एनुअ हक की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। एवं वन अधिकार समिति का पुनर्गठन किया गया। मौके पर उपस्थित स्थानीय ग्रामीणों के सर्वसम्मति से बामनबाद गांव के वन अधिकार समिति का अध्यक्ष सोमनाथ भट्टाचार्य, तथा सचिव नेपाल मंडल को बनाया गया। वही सदस्य में कृष्ण वाशरी, वासुदेव मुर्मू परेश मंडल, ,दशरथ मंडल, परेश मंडल, सीमा देवी, रिंकी देवी, गीत देवी, जोबामुनि मुर्मू, आदि को बनाया गया।

## कसमार में बारिश से दर्जनों घर ध्वस्त

**बोकारो/कसमार।** विगत कई दिनों से लगातार मूसलाधार बारिश के कहर से कसमार प्रखंड के दर्जनों कच्चा खपरैल मकान व चहारदीवारी ध्वस्त हो गयी। गर्री पंचायत के तेलमुंगा निवासी गीता देवी रघु घांसी कुंती देवी गर्री निवासी संजय प्रजापति व बनकनारी निवासी कुलसुम बीबी मुरहूलसूदी पंचायत के मुरहुल निवासी जयप्रकाश महतो व हीरालाल महतो तथा पिरगुल निवासी संजय महतो पोंडा पंचायत के कमलापुर निवासी अनिल तूरी व गोंदकी देवी बनगजरा निवासी मदन मांझी ठाकुर पोंडा के सरयू सिंह का ध्वस्त हो गया है।

# सिंदरी: डीएवी स्कूल प्रबंधन ने शुरू की विवादित मैदान की घेराबंदी

● **हाइकोर्ट के आदेश पर पहुंचे झरिया सीओ सहित स्थानीय प्रशासन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** माननीय झारखंड उच्च न्यायालय के आदेशानुसार झरिया अंचलाधिकारी राम सुमन प्रसाद सहित चार दण्डाधिकारियों की उपस्थिति में डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी के बगल के मैदान की चहारदीवारी का कार्य शुक्रवार से शुरू हो गया। सभी आशंकाओं के बीच सिंदरी थाना, गौशाला ओपी और बलियापुर थाना प्रभारी सहित पुलिस दलबल मौजूद थे। हालांकि स्थानीय लोगों ने माननीय न्यायालय के आदेश के बाद इसका विरोध नहीं किया। चहारदीवारी का निर्माण कार्य की देखरेख कर रहे झरिया अंचलाधिकारी ने बताया कि विगत कई दिनों से स्थानीय ग्रामीणों और स्कूल प्रबंधन के बीच मैदान की चहारदीवारी को लेकर रस्साकशी चल रही थी। इसपर माननीय उच्च न्यायालय का आदेश आने के बाद स्थानीय लोगों सहित स्कूल प्रबंधन को सूचना दी गई थी। स्थानीय ग्रामीणों ने भी इसपर अपनी सहमति जता दी है। डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी प्राचार्य आशुतोष कुमार ने बताया कि स्कूली बच्चों के लिए सुरक्षित मैदान की फैनशिंग की जा रही है। इसे अगले तीन से चार दिनों



में पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन सहयोग कर रही है। बताते चलें कि लगभग दो वर्षों पहले डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी प्रबंधन द्वारा उक्त मैदान को एफसीआई द्वारा दे देने की बात कहकर फैनशिंग करने की कोशिश की गई थी। परंतु स्थानीय लोगों ने पूजा स्थल सहित कॉलोनी का खेल मैदान बताते हुए इसका विरोध किया था। एफसीआई प्रबंधन ने भी इस मैदान को डीएवी स्कूल के लीज का हिस्सा बताया था। लगभग दो महीने पहले माननीय न्यायालय ने स्कूल प्रबंधन के पक्ष में फैसला सुनाते हुए आदेश जारी कर जिला प्रशासन को उक्त मैदान की चहारदीवारी बनवाने में मदद की बात कही थी।

### कई अधिकारी मौके पर थे मौजूद

चहारदीवारी निर्माण के लिए दण्डाधिकारियों में झरिया अंचलाधिकारी राम सुमन प्रसाद, बलियापुर प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी बाल्मीकि प्रसाद व मदन मोहन, झरिया भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार वर्मा, सिंदरी थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह, बलियापुर थाना प्रभारी सूबेदार यादव, गौशाला ओपी प्रभारी बिरेन्द्र कुमार, डीएवी स्कूल सिंदरी प्राचार्य आशुतोष कुमार सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

## अधिकारियों की लापरवाही से पानी में भींगकर सड़ रहा अनाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**तोपचांची।** विगत पांच दिनों की लगातार बारिश के कारण तोपचांची स्थित खाद्य निगम के गोदाम में रखा गेहूं भीग कर या तो सड़ रहा है या अंकुरित हो कर बर्बाद हो चुका है। भीगे, व सड़े व अंकुरित गेहूं को गोदाम से हटाने की बजाय अब गरीबों के बीच राशन के तौर पर वितरित करने की तैयारी की जा रही है। गोदाम में रखे दर्जनों गेहूं के बोरे पानी में भीग चुके हैं। पानी में भीगने के कारण गेहूं सड़ कर अंकुरित हो रहे हैं। मामले क लेकर जब पत्रकारों ने सहायक गोदाम प्रबंधक राजेश महतो से सवाल किया गया तो वह पत्रकारों से ही भिड़ गए। कहा कि गोदाम में भीगा हुआ गेंहू का बोरा नहीं है। अगर है तो आप खुद खोल कर देख लें। हालांकि कुछ समय के बाद उन्होंने



माना कि गेहूं का कुछ बोरा पानी में भीगा हुआ है। इस संबंध में प्रभारी प्रखंड आपूर्ति प्राधिकारी अजीत कुमार ने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं है। अगर ऐसा है तो सहायक गोदाम प्रबंधक की जिम्मेदारी बनती है कि अनाज को सुरक्षित रखें। तोपचांची प्रमुख आनंद महतो ने कहा कि यह घोर लापरवाही है। खराब अनाज गरीबों में नहीं बंटना चाहिए। वरीय अधिकारियों से बातचीत कर कारवाई की मांग करेंगे।

## ओलंपियाड में डीपीएस बोकारो के 15 विद्यार्थी सफल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के 15 विद्यार्थियों ने इंडियन ओलंपियाड क्वालीफायर इन मैथेमेटिक्स में सफलता दर्ज की है। विद्यालय के 11वीं के छात्र आरुष बनर्जी ने सर्वाधिक 30 अंक हासिल कर टॉपर होने का गौरव हासिल किया है। विद्यालय में दूसरे स्थान पर कुमार अनमोल एवं आयुष लच्छीराम तीसरे स्थान पर रहे। अन्य सफल छात्र छात्राओं में सौम्यदीप मंडल कुणाल कौशिक अनुज रयान सिंह आयुष राज अश्लोक आनंद सिद्धांत वैभव आरुष रंजन उत्कर्ष कुमार शिरीष



क्रेजिया अभिनीत शरण एवं आदित्य राज चौहान के नाम शामिल हैं। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने इस उपलब्धि को पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय बताया। उन्होंने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि आईओक्यूएम भारत में गणितीय ओलंपियाड कार्यक्रम का पहला चरण है, जिसे गणितीय योग्यता और समस्या समाधान कौशल के कठोर परीक्षण के लिए जाना जाता है।

## फुलवारीटाड़ स्टेशन पर इंटरसिटी एक्स. के ठहराव की मांग

**धनबाद।** इंटरसिटी एक्सप्रेस का फुलवारटाड़ स्टेशन पर ठहराव करने के संबंध में हॉस्पिटल कॉलोनी डुमरा के आरटीआई कार्यकर्ता सह बिहार जनता खान मजदूर संघ, बरोरा क्षेत्र संख्या-1 के क्षेत्रीय सचिव महेश कुमार ने मंत्रिमंडल सचिवालय (लोक शिकायत निदेशालय), भारत सरकार नई दिल्ली को आवेदन प्रेषित किया, और मंत्रीमंडल सचिवालय ने अग्रतर कार्रवाई हेतु चैयरमेन, रेलवे बोर्ड,नई दिल्ली को आवेदन प्रेषित किया।

## विभागीय लापरवाही से बीपीएल बच्चों का भविष्य अंधकार में

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** विभाग कि लापरवाही के चलते गरीब परिवार से आने वाले बच्चों का हक मार दिया गया है। बीपीएल कोटा के तहत निजी विद्यालय में खाली रहे सीटों पर नामांकन प्रक्रिया रोक दी गई है। जिससे बीपीएल परिवार से आने वाले सैकड़ो बच्चों का भविष्य अंधकार में नजर आ रहा है। जिला शिक्षा विभाग की ओर से अब 2024 - 25 में होने वाले नामांकन प्रक्रिया की तैयारी एवं ऑनलाइन आवेदन करने की दुहाई दि जा रहा है। और अपना पलड़ा झाड़ने पर पुरजोर कोशिश की जा रही है।

100 से अधिक सीटें अभी भी है रिक्त। इसके पीछे शिक्षा विभाग का तर्क है कि सितंबर माह बीत चुका है, दूसरी सूची की प्रक्रिया में अक्टूबर बीत जाएगा, और फरवरी माह से परीक्षाओं का दौर शुरू हो जाएगा। जबकि अगले साल अक्टूबर - नवंबर तक बीपीएल की नामांकन प्रक्रिया चली थी। ऐसा पहली बार हुआ है की दूसरी लिस्ट जारी नहीं की जा रही है। कुल मिलाकर शिक्षा विभाग अपने काम को पूरा कर पाने में असमर्थ है, और बहाने बनाकर अपना पलड़ा झाड रही है।

### इस वर्ष पहले से ही पेंच में फंसा रहा मामला

बीपीएल नामांकन प्रक्रिया हर साल की भांति इस साल भी समय पर शुरू कर दी गई थी। लेकिन चयन प्रक्रिया में काफी गड़बड़ी के कारण पूरा मामला फंसा रहा। फिर से सभी नामित आवेदनों की पुन जांच कर नामांकन लेने पर जोर दिया गया। लेकिन जांच के नाम पर खानापूर्ति कर जांच प्रक्रिया पूरी कर ली गई। और नामांकन जुलाई में लिया गया, और साथ ही कहा गया कि जो भी आवेदन रह गए हैं, उसे दूसरी सूची निकालकर नामांकन प्रक्रिया पुरी कर ली जाएगी। अवांछित एवं कमजोर वर्ग को इस प्रक्रिया में शामिल करना अनिवार्य रखा गया है।

## केबी कॉलेज बेरमो में नये शिक्षक संघ का गठन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** के बी कॉलेज बेरमो मे नए शिक्षक संघ का गठन हुआ जिसके अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार रॉय महतोए सचिव डॉ अलीशा वंदना लकड़ाए उपाध्यक्ष प्रो नितीन चेतन तिग्गाए कोषाध्यक्ष डॉ साजन भारतीए संयुक्त सचिव डॉ नीला पूर्णिमा तिर्कीए पेट्रोन एवं सलाहकार प्रो लक्ष्मी नारायण रॉयए प्रवक्ता प्रो मनोहर मांझीए संघ के कार्यकारणी परिषद प्रो गोपाल प्रजापतिए डॉ आर पी पी सिंहए डॉ मधुरा केरकेट्टा बनाए गए। नए पदाधिकारियों को प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा ने माला पहनाकर प्राचार्य कमरे मे स्वागत किया। चुनाव प्रक्रिया सर्वसम्मति से पारित हुई। प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा एवं समस्त कॉलेज परिवार ने नए शिक्षक संघ के सभी पदाधिकारियों को बधाई दी है। मौके पर प्रो लक्ष्मी नारायण रॉयए प्रो गोपाल प्रजापतिए डा आर पी पी सिंह डा अरुण कुमार रॉय महतो डा अलीशा वंदना लकड़ाए डा साजन भारतीए डा प्रभाकर कुमारए डा वासुदेव प्रजापतिए डा नीला पूर्णिमा तिर्कीए डा व्यास कुमारए प्रो मनोहर मांझीए प्रो नितिन चेतन तिग्गाए डॉ राजेंद्र प्रसादए डा नाज खानए बड़ा बाबू रविंद्र कुमार दासए रवि कुमार यादविंदू मौजूद थे।

# जेबीवीएनएल के मैनडेज कर्मियों ने दिया धरना

### वेतन कटौती से आक्रोशित हैं कर्मचारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) के झरिया डिवीजन अंतर्गत सिंदरी के लगभग 44 मैनडेज कर्मियों ने वेतन कटौती को लेकर काम बंद कर कार्यालय में धरना दिया। उनलोगों की माँग है कि सुरक्षा व्यवस्था के साथ मैनडेज कर्मियों का पूरा वेतन समय पर दिया जाए। गौशाला स्थित सिंदरी कार्यालय में धरना दे रहे मैनडेज कर्मियों ने बताया कि संवेदक रॉयल



इंटरप्राइजेज के संचालक प्रदीप कुमार गलत नियम शर्तों के साथ फार्म भरने के लिए कर्मियों पर दबाव बना रहे हैं। संवेदक बिना किसी सहारे के विद्युत पोल में चढ़ने और उतरने की शर्त पर रखने की बात फार्म में लिखे हैं। उन्होंने लिखा है कि कर्मियों को कार्यस्थल पर किसी तरह की क्षति होने का जिम्मेदार माना जाएगा। मैनडेज कर्मियों ने संवेदक पर आरोप लगाते हुए बताया कि यह सरासर अन्याय है। फार्म भरवाकर काम पर रखने के बाद इन व्यवस्थाओं में सुरक्षा मानदंड नहीं रह जाता है। उन्होंने बताया कि विगत दिनों सिंदरी के मैनडेज कर्मी मुकेश शर्मा गौशाला स्थित पेट्रोल पंप के नजदीक रेल पोल पर बिना सुरक्षा व्यवस्था के चढ़कर काम के दौरान गिर गए थे। उसका इलाज एसएनएमएमसीएच धनबाद में किया जा रहा है। उन्होंने वरीय पदाधिकारियों से आग्रह किया है कि सुरक्षा टूलकिट के साथ कार्य कराते हुए कार्यदिवस का पूरा वेतन दिया जाए। उन्होंने कहा कि जबतक इसकी पूर्ति नहीं होती है, तबतक काम बंद रहेगा। जेबीवीएनएल धनबाद महाप्रबंधक हरेंद्र सिंह ने इस बावत बताया कि मैनडेज कर्मी के साथ घटना तथा यथास्थिति की जानकारी नहीं है।

# राजेंद्र क्लब ने किया शौर्य जागरण रथ का स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के द्वारा निकले गए शौर्य जागरण यात्रा का कतरास बाजार में डॉ राजेंद्र प्रसाद सेवा संस्थान राजेंद्र क्लब, श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति जीएनएम हाई स्कूल मैदान एवं मंगला आरती समिति के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। राजेंद्र क्लब एवं जीएनएम दुर्गा पूजा समिति के द्वारा कतरास बाजार में रथ पर फूलों की वर्षा



की गई तथा रामलाल की आरती की गई एवं लोगों के बीच लड्डू बांटी गई। इसके साथ ही भगत सिंह चौक पर मंगला आरती समिति के द्वारा रामलाल की जोरदार स्वागत करते हुए हनुमान चालीसा की पाठ की गई। बताते चले कि विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के द्वारा झारखंड के चार जिलों से शौर्य जागरण यात्रा रत निकाला गया है जो झारखंड के 24 जिला का भ्रमण करेगा। सुरक्षा की दृष्टि से कतरास थाना प्रभारी रणधीर सिंह के नेतृत्व में रथ का स्कॉट करते हुए पुलिस बल चल रहे थे।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर अशोक चौरसिया, बिनोद रजक, शिवेश विश्वकर्मा, मुकेश भट्ट, सरोज विश्वकर्मा, विष्णु चौरसिया, महेश अग्रवाल , पिंटू दे, शंकर भगत सट्टू जायसवाल, रिंटू बाबा ,राहुल रजक ,शिवम दसौंधी तापस दे राकेश हजारी शैलेंद्र सिंहा पंकज सिंहा बबलू चौरसिया अशोक शर्मा अजय सोनार नकुल जी सचिन चौरसिया डॉ मधुमाला, मुकेश भगत, गुड़िया भगत आदि मौजूद थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, राँची

**Un-Tied मद अन्तर्गत**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 23/2023–24**

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,राँची।
2. परिमाण विपत्र, बिक्री की तिथि/स्थान :– दिनांक 13.10.23 को 3.00 बजे तक। विकास भवन, राँची।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि/स्थान:– दिनांक 14.10.23 को 3.00 बजे अपराह्न तक जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
4. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 14.10.23 को 3.30 बजे अपराह्न ।
5. कार्य का विवरण।

| क्र0 सं0/ ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि/ प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि | यंत्र संयंत्र का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | काँके | काँके प्रखण्ड के एन0एच0–33 में हरिओम सिटी गेट से सिंफनी टावर के बीच 1360 फीट पथ का निर्माण । | 34,03,600.00 | 68,500/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 2 | नामकुम | नामकुम प्रखण्ड के ग्राम–सपारोम में तालाब के दोनों तरफ 350 फीट गार्डवाल का निर्माण कार्य। | 23,92,600.00 | 48,000/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 3 | नामकुम | नामकुम प्रखण्ड के अन्तर्गत ग्राम–गुन्दू परसाटोली में अजय तोपनो के घर से नमजान तोपनो के घर तक 1000 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 17,11,300.00 | 34,500/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 4 | ओरमांझी | ओरमांझी प्रखण्ड के कुटे में अमन के घर से कारू महतो के घर तक 380 फीट गार्डवाल का निर्माण। | 24,28,500.00 | 49,000/- | 5,000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 5 | अनगड़ा | अनगड़ा प्रखण्ड के ग्राम–महेशपुर के पलटन चौक से शहजादा खान के घर तक 1856 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 16,30,500.00 | 33,000/- | 5,000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 6 | नगड़ी | नगड़ी प्रखण्ड के ग्राम–केलेण्डे के झरियाटोली एवं मुण्डा टोली के बीच नदी में 500 फीट गार्डवाल निर्माण कार्य। | 34,17,900.00 | 68,500/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 7 | नगड़ी | नगड़ी प्रखण्ड के ग्राम–सुमन लोहरा के घर से संजय सारिया के घर तक 800 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 16,60,800.00 | 33,500/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 8 | अनगड़ा | अनगड़ा प्रखण्ड के ग्राम–गेतलसूद के करंजटोला रोड से हडूवा चट्टान टोला तक 460 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 7,98,500.00 | 16,000/- | 1250/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 9 | शहरी क्षेत्र | वार्ड नं0 4 में बरियातु में भरमटोली में पूर्व में अनुशंसित योजना की अवशेष भाग मुख्य पथ से आर0के0 सिंह के घर तक लगभग 545 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 11,30,600.00 | 23,000/- | 2500/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 10 | शहरी क्षेत्र | वार्ड नं0 16 अन्तर्गत चिरौंदिया नगर वसीम के घर से बबलू के घर होते हुए क्लासिक ओल्ड बुक सेंटर तक 648 फीट पी0सी0सी0 पथ एवं 550 फीट स्लैब सहित नाली निर्माण कार्य। | 17,48,300.00 | 35,000/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 11 | शहरी क्षेत्र | वार्ड नं0 28 अन्तर्गत कैलाश नगर मधुकम में तुरका साव के घर से भोजपुरी भवन तक 350 फीट पी0सी0सी0 पथ एवं 700 फीट स्लैब सहित नाली का निर्माण। | 18,91,500.00 | 48,000/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 12 | शहरी क्षेत्र | वार्ड नं0 46 अन्तर्गत कृष्णापुरी रोड नं0–7 डा0 ललन दास जी के घर से गुप्ता भण्डार तक 815 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 9,90,500.00 | 20,000/- | 1250/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 13 | शहरी क्षेत्र | वार्ड नं0 2 अन्तर्गत हातमा में कुआबारी नीचे टोली में जीतमोहन मुंडा के घर से लालदेव मिर्धा के घर तक 450 फीट पी0सी0सी0 पथ एवं 475 फीट स्लैब सहित नाली का निर्माण कार्य। | 18,52,800.00 | 37,500/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 14 | चान्हो | चान्हो प्रखण्ड के ग्राम–होन्हे पाकर टोली में काबुर मसना से लेकर पाकर टोली होते हुए होन्हे तालाब तक 2625 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 45,56,400.00 | 91,500/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 15 | चान्हो | चान्हो प्रखण्ड के ग्राम–पीपरा टोली में जीत पाहन उराँव से क्युम अंसारी होते हुए मुस्तिकम अंसारी के घर तक 1600 फीट पी0सी0सी0 पथ एवं 02 स्पैन का पुलिया निर्माण कार्य। | 30,80,100.00 | 62,000/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 16 | लापुंग | लापुंग प्रखण्ड के कुरा टोंगरी से बरटोली होते हुए हनुमान मंदिर तक 4450 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 49,94,900.00 | 1,00,000/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 17 | लापुंग | लापुंग प्रखण्ड के टांगरकेला बस्ती से बुढ़नी तक 1928 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 31,89,300.00 | 64,000/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 18 | माण्डर | माण्डर प्रखण्ड के खीस्त कॉलोनी में 656 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 7,36,400.00 | 15,000/- | 1250/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 19 | माण्डर | माण्डर प्रखण्ड के कैम्बो पंचायत में कोंगाबारी से मंदिर तक 174 फीट पी0सी0सी0 पथ 110 फीट गार्डवाल एवं आर0सी0सी0 कलमर्ट का निर्माण कार्य। | 12,05,400.00 | 24,500/- | 2500/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 20 | माण्डर | माण्डर प्रखण्ड के सरवा आर0ई0ओ0 से दुर्गा लोहरा के घर होते हुए झिंकपुर तक 1560 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 27,07,800.00 | 54,500/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 21 | शहरी क्षेत्र | शहरी क्षेत्र अन्तर्गत खरवा कोचा में बजरंग नगर में ट्रांसफर्मर संख्या 420 से बड़ागांई जाने वाले रास्ते में अजय कुमार के घर तक 1115 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 19,35,400.00 | 39,000/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 22 | चान्हो | चान्हो प्रखण्ड के पतरातु पंचायत में सतीश महतो के घर से संतोष महतो के घर होते हुए तेतर टोली तक 3430 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 35,94,200.00 | 72,000/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 23 | बेड़ो | बेड़ो प्रखण्ड के टेरो पंचायत के ईडरी ग्राम में मेन रोड से राजेश गोप के घर तक 1094 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 18,99,000.00 | 38,000/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 24 | ईटकी | ईटकी प्रखण्ड के लियाकत मास्टर के घर से तरिया दोन तक पी0सी0सी0 पथ लम्बाई 1280 फीट । | 22,21,800.00 | 44,500/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 25 | चान्हो | चान्हो प्रखण्ड के ग्राम–गणेशपुर में सोमेश्वर टाना भगत के घर से मसना मैदान तक पी0सी0सी0 पथ लम्बाई 1500 फीट। | 27,55,100.00 | 55,500/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 26 | लापुंग | लापुंग प्रखण्ड के डुमर झरिया मोड़ से लतरातु बस्ती तक पी0सी0सी0 पथ लम्बाई 2451 फीट । | 42,54,400.00 | 85,500/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |

नोट :

1- Tender Fee, अग्रधन की राशि 2 प्रतिशत, पैन, GST Certificate, Up To date GST Return Certificate तथा निबंधन प्रमाण पत्र को स्वअभि प्रमाणित छाया प्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र (BOQ) निर्गत किया जायेगा।

2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड रॉंची के संचिका सं0 प0नि0वि0/विविध 06–33/2007 (अंश – 1) 2146 (5) दिनांक 09.09.2020 के अनुसार Performance Security उपलब्ध करायें।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0 – 1, राँची

PR.NO.308497 NREP(23-24):D

# नरगिस को नोबेल

ईरान में महिलाओं के हक के लिए लड़ने वाली नरगिस मोहम्मदी को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया है। फिलहाल वे जेल में बंद हैं। नरगिस मोहम्मदी ने मानवाधिकारों को बढ़ावा देने और ईरान में महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ लड़ाई को लेकर नोबेल शांति पुरस्कार 2023 जीता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, समिति ने कहा कि इस साल का नोबेल शांति पुरस्कार उन सैकड़ों-हजारों लोगों को भी पहचान देता है, जिन्होंने महिलाओं को निशाना बनाने वाली भेदभाव और धार्मिक शासन की उत्पीड़क नीतियों के खिलाफ आवाज उठायी है। ईरान में महिलाओं के हक के लिए लड़ने वाली नरगिस मोहम्मदी को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया है। वह 19वीं महिला हैं, जिन्हें यह पुरस्कार मिला है।

वे फिलहाल वे जेल में बंद हैं। नरगिस मोहम्मदी ने मानवाधिकारों को बढ़ावा देने और ईरान में महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ लड़ाई को लेकर नोबेल शांति पुरस्कार 2023 जीता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, समिति ने कहा कि इस साल का नोबेल शांति पुरस्कार उन सैकड़ों-हजारों लोगों को भी पहचान देता है, जिन्होंने महिलाओं को निशाना बनाने वाली भेदभाव और धार्मिक शासन की उत्पीड़क नीतियों के खिलाफ आवाज उठायी है। नोबेल समिति का कहना है कि नरगिस ने महिलाओं की आजादी और उनके हक के लिए कई बार आवाज उठायी है। वो 13 बार गिरफ्तार हो चुकी हैं। समिति ने शांति पुरस्कार की घोषणा ईरान की महिलाओं के नारे जन- जिंदगी-आजादी के साथ की। 51 साल की नरगिस अब भी ईरान की एवान जेल में कैद हैं। उन्हें 31 साल की जेल और 154 कोड़ों की सजा सुनायी गयी है। ईरान ने उनको सरकार के खिलाफ प्रोपेगैंडा फैलाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। निश्चित ही नरगिस को नोबेल पुरस्कार मिलना महिला शक्ति के स्थापना का उदाहरण है।

# किसानों की आय

दुनिया के कई विकसित देश कृषि क्षेत्र में बेहतर वैज्ञानिक तकनीक और प्रबंधन के कारण से न सिर्फ खुशहाल हो रहे हैं, अपितु कनाडा यूरोप और इजरायल जैसे देशों में किसान की आय में वृद्धि हो रही है। भारत भी उसी राह पर चल पड़ा है। हम मिलकर चलेंगे तो समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। अब छोटे जोत वाले किसानों को मिलकर खेती करनी होगी समय की यही मांग है। पिछले लगभग 40 वर्षों भारत में किसान के भू जोत के आकार 1970 में 2.3 हेक्टेयर से घटकर 2015-16 तक 1.08 हेक्टेयर रह गया और खेती का रकबा घटकर बहुत छोटे और छोटे आकार का होता चला गया। भारत के कृषि गणना के अनुसार छोटे रकबे के और भूमिहीन किसानों की संख्या लगभग 86% के आसपास पहुंच गई है। 2011 जनगणना के अनुसार भारत में भूमिहीन कृषि मजदूरों की संख्या किसानों की संख्या से भी ज्यादा हो गई है। लगभग कृषि श्रम का 55% के आंकड़े को पार कर गया है। भूमिहीन कृषक मजदूर जिनकी संख्या देश में लगभग 16 करोड़ के आसपास है। वहीं काश्तकार किसान लगभग 45% हैं जो इस समय देश में लगभग 12 करोड़ है। विश्व के कृषि कमाई में इसका महत्वपूर्ण स्थान है। कारण है बेहतरीन तकनीक, मात्र 20% संचित जमीन के बूते इजराइल दुनिया के 10 बड़े उत्पादक देशों में अपना स्थान बना चुका है। इसका कारण है कोऑपरेटिव से खेती बेहतर तकनीक और पानी का बेहतरीन इस्तेमाल और कॉपरेटिव के माध्यम से किसानों का बाजार से बेहतर लिंकेज। मोदी सरकार ने 2022 तक 10, हजार किसान उत्पादन संगठनों के निर्माण और प्रगति से उसका बेहतर संचालन का लक्ष्य रखा है। किसान उत्पादन संगठन में कोई भी किसान इस योजना का सदस्य बन सकता है। आवश्यकता है इसे जन आंदोलन बनाने की।

# स्वास्थ्य के लिए तीनों ओर से चुनौती


स्वास्थ्य के समक्ष गंभीर खतरा पैदा होने पर बचाव के लिए लोग प्रायः प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) लेते हैं। मगर अब ऐसी दवाएं हमें बीमार करने वाले रोगाणुओं को मारने में निष्प्रभावी साबित हो रही हैं। यह स्थिति एंटीबायोटिक के आवश्यकता से अधिक एवं गैर-जरूरी इस्तेमाल के कारण उत्पन्न हुई है। यह स्थिति रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस) कहलाती है और तब उत्पन्न होती है जब रोगाणु एंटीबायोटिक के खिलाफ प्रतिरोध क्षमता विकसित कर लेते हैं। एएमआर अब लोगों की जान के लिए खतरा बन गया है। अनुमानों के अनुसार एंटीबायोटिक के बेअसर रहने से 2019 में लगभग 50 लाख लोगों की जान चली गई।

मामला यहीं खत्म नहीं होता है। हम दवाओं के मौजूदा भंडार का भी संरक्षण नहीं कर रहे हैं और नए एंटीबायोटिक भी कम हो गए हैं या एक तरह से आने बंद हो गए हैं। इन दवाओं पर शोध, इनके विकास एवं खोज के कारोबार से जुड़ी कंपनियां अब धीरे-धीरे कन्नी काट रही हैं। यह स्थिति लगातार बनी रही तो इसका अर्थ यह होगा कि आने वाले समय में हम तीन तरफा मुश्किलों में घिर जाएंगे।

पहली मुश्किल तो यह खड़ी होगी कि जिन एंटीबायोटिक का हम इस समय इस्तेमाल कर रहे हैं वे निष्प्रभावी हो जाएंगे, दूसरी मुश्किल यह होगी कि नए एंटीबायोटिक उपलब्ध नहीं रहेंगे और तीसरी मुश्किल यह कि सभी लोगों के लिए इन दवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने की आवश्यकता अत्यंत बढ़ जाएगी। यह हमारे स्वास्थ्य के लिए विषम एवं आपात आपात स्थिति होगी और संभवतः दुनिया ने अब तक जितनी मुश्किलें देखी हैं उनमें सर्वाधिक गंभीर होगी।

1940 के दशक में दूसरे विश्व युद्ध के बाद पेनिसिलिन का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू हुआ था। पेनिसिलिन पहली एंटीबायोटिक दवा है जिसकी खोज 1928 में हुई थी। उसके बाद से इन दवाओं पर दुनिया की निर्भरता काफी बढ़ गई। बाद के दशकों में और कई खोजें हुईं। मगर 1980 के दशक में आकर ये सभी बंद हो गईं। उसके बाद रोगाणुओं से लड़ने वाले नोवेल एंटीबायोटिक (नए प्रकार के एंटीबायोटिक) खोजने के बजाय एक ही श्रेणी की दवाएं थोड़े बहुत बदलाव के साथ तैयार होने लगीं।





- सुनीता नारायण

> दवा कंपनियों का कहना है कि एंटीबायोटिक के विकास पर अधिक खर्च होता है और इनके साथ कई जोखिम भी जुड़े हैं। मगर वास्तविक कारण यह है कि कैंसर या मधुमेह जैसी बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल दवाओं में काफी अधिक मुनाफा होता है। उन दवाओं पर शोध करने और बाजार में लाने पर और भी मुनाफा होता है

इनके खिलाफ बैक्टीरिया आसानी से प्रतिरोध क्षमता विकसित कर सकते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के शब्दों में ह्यप्रायोरिटी पैथोजेन्स के कारण यह समस्या गहरा गई है। अधिकांश ह्यप्रायोरिटी पैथोजेन्स (एंटीबायोटिक के खिलाफ प्रतिरोध क्षमता विकसित करने वाले रोगाणुओं की सूची। इन रोगाणुओं की काट ढूढ़ना एंटीबायोटिक विकास की शीर्ष प्राथमिकता है) ग्राम-नेगेटिव बैक्टीरिया होते हैं, जिनकी कोशिका भित्ति (सेल वॉल) पेचीदा होती है और वे दुनिया में न्यूमोनिया सहित गंभीर संक्रमण पैदा करते हैं। इन ह्यप्रायोरिटी पैथोजेन्सह्व से निपटने के लिए हमें नई श्रेणी के एंटीबायोटिक और उन्हें पूरी दुनिया में उपलब्ध कराने की जरूरत है। उन लोगों तक भी इन्हें उपलब्ध कराने की जरूरत है, जो नई दवाओं के लिए अधिक रकम खर्च की क्षमता नहीं रखते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने विकास के विभिन्न चरणों में एंटीमाइक्रोबियल एजेंट पर अपने सालाना अध्ययन में कहा है कि पिछले पांच वर्षों के दौरान विकसित 12 एंटीबायोटिक में केवल दो ही नए माने जा सकते हैं और उनमें भी केवल एक ह्यक्रिटिकलह्व प्रायोरिटी एजेंट को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

डब्ल्यूएचओ के प्रायोरिटी पैथोजेन्स को तीन उप श्रेणियों क्रिटिकल, हाई एवं मीडियम में वर्गीकृत किया गया है।

इससे भी अधिक चिंता की बात यह है कि इन दवाओं के आने सिलसिला थम रहा है और वह भी बहुत तेजी से। पिछले कुछ वर्षों के दौरान केवल एक या दो एंटीबायोटिक आवेदन के चरण तक पहुंच पाए हैं। भविष्य तो इससे भी अधिक अंधकारमय लग रहा है। नैदानिक परीक्षण (क्लिनिकल ट्रायल) के तीसरे चरण में केवल नौ नई दवाएं आ पाई हैं। क्लिनिकल ट्रायल के तीसरे चरण से गुजरने के बाद ही किसी दवा के इस्तेमाल की अनुमति मिलती है। इनमें ज्यादातर ह्यक्रिटिकलह्व प्रायोरिटी पैथोजेन्स को मारने या उनका प्रसास रोकने में सक्षम नहीं हैं।

इसका यह मतलब नहीं है कि नए एंटीबायोटिक पर शोध बिल्कुल ही बंद हो गए हैं। फिलहाल 217 विकल्प मौजूद हैं जो रोगाणुओं के खिलाफ प्रभावी हो सकते हैं मगर ये अभी नैदानिक चरण तक नहीं पहुंचे हैं। मगर इनका विकास बड़ी दवा कंपनियां नहीं कर रही हैं बल्कि विश्वविद्यालयों और छोटी कंपनियों में हो रहा है। डब्ल्यएचओ के अनुसार 80 प्रतिशत से अधिक प्री-क्लिनिकल नोवेल दवाएं छोटी कंपनियों में विकसित हो रही हैं, जिनमें 50 से भी कम कर्मचारी हैं। मगर जब इसके बाद दवाएं अगले चरणों में पहुंचती हैं तो इनके विकास पर लागत बढ़ जाती है और नए प्रयोग वहीं थम जाते हैं।

आखिर, बड़ी दवा कंपनियां शोध एवं विकास में क्यों निवेश नहीं कर रही हैं या नए प्रयोग छोटी कंपनियों से लेकर बड़े बाजारों में क्यों नहीं ले जा रही हैं? सबसे बड़ा सवाल है कि बड़ी दवा कंपनियां एंटीबायोटिक कारोबार से क्यों निकल रही हैं? इसके कारण आर्थिक एवं नैतिक दोनों हैं।

दवा कंपनियों का कहना है कि एंटीबायोटिक के विकास पर अधिक खर्च होता है और इनके साथ कई जोखिम भी जुड़े हैं। मगर वास्तविक कारण यह है कि कैंसर या मधुमेह जैसी बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल दवाओं में काफी अधिक मुनाफा होता है। उन दवाओं पर शोध करने और बाजार में लाने पर और भी मुनाफा होता है जो ऑर्फन डिजीज के इलाज में इस्तेमाल होती हैं। ऑर्फन डिजीज वे बीमारियां होती हैं, जिनसे केवल कुछेक लाख लोग प्रभावित होते हैं मगर इनके इलाज की दवाएं महंगी होती हैं। नैतिक विषय यह है कि कंपनियां ऐसे समय में एंटीबायोटिक कारोबार से निकल रही हैं जब उनके पास पूंजी या मुनाफे की कोई कमी नहीं है।

## खास बात
### राष्ट्रीयकरण क्यों?

सन 1969 से पहले भी बैंकों के राष्ट्रीयकरण की पहल की गई थी। 1963 में इस संबंध में एक अध्यादेश तैयार किया गया था और इसके तहत पांच बड़े सरकारी बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया जाना था। राजनीति के अलावा बैंक राष्ट्रीयकरण के पीछे दूसरे कई कारण भी थे। दूसरे विश्व युद्ध के बाद कई बैंक धराशायी हो गए क्योंकि वे कयास के आधार पर विभिन्न गतिविधियों के लिए रकम दे रहे थे।

आरबीआई 300 से अधिक बैंकों के नियमन एवं निगरानी से जूझ रहा था। इनमें कई बैंक उद्योग एवं कृषि को वित्त मुहैया कराने के लिए तैयार नहीं थे और उन्होंने केवल व्यापार के लिए ऋण आवंटित किए।

सन 1960 में जब पलाई सेंट्रल बैंक और लक्ष्मी कमर्शियल बैंक धराशायी हो गए तो आरबीआई ने इनके उद्धार के लिए बड़े स्तर पर एकीकरण अभियान शुरू किया। इससे 1965 तक बैंकों की संख्या कम होकर 94 रह गई जो 1960 में 328 थी। बैंकों के राष्ट्रीयकरण से बैंक की सेवाएं देश के सुदूर क्षेत्रों तक ले जाने और अधिक से अधिक लोगों को इसके दायरे में लाने में मदद मिली। अब इस रुख में बदलाव करने की जरूरत है। इसकी वजह यह नहीं है कि कुछ बैंकों की सेहत अच्छी नहीं है। इसकी वजह यह है कि कमजोरी तो लक्षण मात्र है, दरअसल हमें बीमारी दूर करनी होगी।

राष्ट्रीयकरण के बाद सरकार ने वित्त मंत्रालय में वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) का गठन किया जिससे साबित हो गया कि बैंकों के परिचालन में सरकार अपना नियंत्रण बनाए रखना चाहती है। आरबीआई के पूर्व गवर्नर वाई वी रेड्डी इसे संयुक्त परिवार रणनीति कहते हैं। बैंक, सरकार और आरबीआई 'हिंदू अविभाजित परिवार' का हिस्सा बन गए जिसमें किसी को पूरी तरह नहीं मालूम था कि दूसरा क्या कर रहा है। रेड्डी ने नवंबर 2000 में अपने एक भाषण में कहा कि वे सभी जनता की सेवा कर रहे थे। आरबीआई के एक और गवर्नर रघुराम राजन ने डीएफएस बंद करने तक की सलाह दे डाली।

# शक्ति की आराधना

## धर्म-प्रवाह

**बीएन पाण्डेय**

शक्ति की उपासना भारतीय संस्कृति का मूल है। भारत ही नहीं, विश्व के अनेक देशों में भी देवी के रूप में शक्ति पूजन की परंपरा प्रचलित रही है। मिस्त्र में आइसिंस हेयर, यूनान में दीमितोर, तिब्बत में लो भी और जापान में चनेष्टि नाम से शक्ति की प्रतीक देवी की पूजा की जाती है।

मोहन जोदड़ो, हड़प्पा आदि प्राचीन सभ्यताओं के प्राप्त अवशेषों में लिंग, योनि, नंदी आदि की प्राप्ति यह सिद्ध करती है कि अत्यंत प्राचीन काल में भी शक्ति पूजा की परंपरा अस्तित्व में थी। प्राचीन काल में संपूर्ण विश्व में मातृ सत्तात्मक परिवारों की परंपरा थी, ऐसी स्थिति में सृष्टि का संचालन करने वाली अदृश्य शक्ति का स्त्री रूप में धारण किया जाना स्वाभाविक था। मातृदेवी की प्रतिष्ठा ग्रीस, यूरोप, मध्य एशिया, जापान आदि देशों में थी। बेबीलोन में नीर्थो, स्कॉटलैंड में फेईललिक शक्ति के रूप में पूजी जाती थीं। भारत में पटना और तक्षशिला आदि स्थानों पर की गई पुरातात्विक खोजों में भी इस तथ्य और मान्यता की पुष्टि होती है।

शाक्त तंत्रों में स्पष्ट उल्लेख है कि मानव जीवन समस्या एवं संकटों की सत्यकथा है। अतः सांसारिक कष्टों के दलदल में फंसे मनुष्यों को दुर्गा की उपासना करनी चाहिए। वह आद्याशक्ति एकमेव होते हुए भी अपने भक्तों को- काली, तारा, षोडशी, भुवनेश्वरी, छिन्नमस्तिका, त्रिपुरभैरवी, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी एवं कमला- इन दस महाविद्याओं के रूप में वरदायिनी होती है।

**आज** हमें ऐसे सभी दलों से सावधान रहना है, जिन्हें भारत की उपलब्धियों पर कोई गर्व नहीं होता, बल्कि देश के दुश्मनों की बात ही सही लगती है।
– नरेन्द्र मोदी

## आपके ट्वीट


**एशियन** गेम्स 2023 के पुरुष हॉकी फाइनल में शानदार जीत के लिए टीम इंडिया को अनेक-अनेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।एशियन गेम्स 2023 में खेले जा रहे विभिन्न खेलों में भारतीय टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन कर देश का मान बढ़ाया है। – **हेमंत सोरेन, सीएम**





**भारतीय** खिलाड़ियों ने एशियाई खेलों में दिखाया पराक्रम, लहराया परचम! पिछले एशियाई खेलों में मेडल टैली में हम 8वें स्थान पर थे, इस बार कुल 87 पदकों के साथ हम चौथे स्थान पर आ गए हैं।
– **अन्नपूर्णा देवी**

## कॉर्टून वर्ल्ड




# देश हित को समर्पित सिक्ख समुदाय सम्मान का हकदार

**नागेन्द्र सिंह**

**हाल** के दौर में कनाडा, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया वगैरह देशों में मुट्ठीभर सिरफिरे खालिस्तानियों की हरकतों को भारत के सामान्य राष्ट्रभक्त सिखों से जोड़ना किसी अपराध से कम नहीं माना जाएगा। भारत को लेकर भारतीय सिखों की निष्ठा पर प्रश्नचिन्ह लगाने का सवाल ही पैदा नहीं होता। सिख पंथ की स्थापना राष्ट्र पर जान न्योछावर करने के संकल्प के साथ हुई थी। भारत के चौतरफा विकास में सिखों का उल्लेखनीय योगदान रहा है। यह याद रखा जाए कि देश के बंटवारे के समय मोहम्मद अली जिन्ना ने सिखों के सामने पृथक राष्ट्र का प्रस्ताव भी रखा था, जिसे सिख समुदाय ने सिरे से खारिज कर अपना सब कुछ छोड़ भारत आ गए थे। यह मानना होगा कि संसार के किसी भी कोने में जाने वाले या रहने वाले सिख भारत के ही ब्रांड एम्बेसेडर हैं। दुनिया के किसी भी भाग में बसा सिख भारत को ही अपनी मातृभूमि और पुण्यभूमि मानता है। सिख समुदाय भारत की टीमों को ही सदा चीयर करता है।

अगर बात सिखों की करूं तो भारत सिखों के लिए तो गुरुघर है। इसलिए इसके प्रति उनकी अलग तरह की निष्ठा रहती ही है। शेष भारतवंशियों के संबंध में भी कमोबेश यही कहा जा सकता है। इसलिए वे केन्या, कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन वगैरह में बसने के बाद भी अपने को भारत से दूर नहीं कर पाते। सिखों को भी भारत दिल से चाहता है। अमृतसर के स्वर्णमंदिर, पटना साहिब गुरुद्वारा और

## सामयिक

देश के सैकड़ों गुरुद्वारों में रोज लाखों लोग लंगर पाते हैं। जो पूरे विश्व में एक मिसाल है। सिखों में सेवा का भाव वास्तव में अद्भुत है। आपको भारत के हरेक क्षेत्र में सिख अपना योगदान देते हुए मिलेंगे।

अब आप दिल्ली के समाजसेवी जितेन्द्र सिंह शंटी को ही लें। शंटी लगभग तीन दशकों से दिल्ली और इसके आसपास के शहरों में लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करवा रहे हैं। उन्होंने कोविड काल में अपने हाथों से दर्जनों अभागे लोगों का अंतिम संस्कार करवाया था। उस समय उन्हें और उनके परिवार के कई सदस्यों को भी कोविड हो गया था। पर वे हार मानने वाले कहां थे। वे कोविड को हराने के बाद फिर से सड़कों पर उतर गए थे। पद्मश्री पुरस्कार विजेता शंटी ने रक्तदान का सैकड़ा भी बना लिया है। अर्पणा कौर भी भारतीय समकालीन कला जगत की सशक्त हस्ताक्षर हैं। उनकी कूची 1984 के सिख विरोधी दंगों और वृन्दावन की विधवाओं पर खूब चली है। अर्पणा कौर के चित्रों में बुद्ध, बाबा नानक और सोहनी-महिवाल भी मिलेंगे। उनके चित्रों में स्त्री पात्र खूब मिलते हैं। अपर्णा कौर का बचपन से ही कला के प्रति रुझान था,उनका रुझान कविता साहित्य रचना में था , संगीत में भी दिलचस्पी रखतीं थीं।अर्पणा कौर को बचपन से ही खुले विचारों वाले माहौल के साथ संगीत, नृत्य, साहित्य और चित्रकारी का सांस्कृतिक परिवेश भी मिला। नौ वर्ष की आयु में उन्होंने तैलीय रंग में 'मदर एंड डॉटर' चित्र बनाया जो अमृता शेरगिल की कलाकृति से प्रभावित था। भारत के नामचीन सिखों की बात होगी तो करीब तीन साल पहले बिजनेस की दुनिया से रिटायरमेंट लेने वाले पीआरएस ओबराय की चर्चा करनी होगी।

ओबराय की निगरानी में राजधानी में ओबराय इंटरकांटिनेंटल होटल 1965 में बना था। उन्हें भारत की होटल इंडस्ट्री का गॉड फादर माना जा सकता है। उन्होंने कुछ साल पहले ओबराय इंटरकांटिनेंटल को नये सिरे से विकसित करवाया। मुंबई का दी ट्राइडेंट होटल 26/11हमले में बर्बाद हो गया था। पर विक्की ओबेराय ने उसे राख के ढेर से फिर खड़ा किया।

इस सूची में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान बिशन सिंह बेदी, भारतीय हॉकी टीम के दो पूर्व कप्तानों है।

## लेटर टू एडीटर

### चीनी मंसूबे

**भारत** और चीन के बीच गतिरोध अभी भी जारी है। काफी समय हो गया है लेकिन गतिरोध समाप्त नहीं हो रहा है। भारत और चीन के बीच सीमा विवाद और गहरा सकता है। यदि भारत स्वयं को चीनी सीमा विवादों से सुरक्षित रखना चाहता है, तो उसे तिब्बत की स्वायत्तता को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कूटनीति के तहत उठाने की जरूरत है। कठोर कदम से ही सुरक्षा संभव है।

–जैसमीन कौर, जमशेदपुर

### निजीकरण से बचें

**सरकार** यह जानती है और यहां तक कि बैंक और उनके ग्राहक भी यह बात समझते हैं। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार को कारोबार में नहीं उतरना चाहिए। उन्होंने कहा था कि उद्यम एवं कारोबारों को समर्थन देना सरकार का कर्तव्य है लेकिन उनका मालिकाना हक भी वह अपने पास रखे यह जरूरी नहीं है।

– आनंद वत्स, रांची

# एयरटेल ने आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप स्पेशल प्लान जारी की

जैसा कि आज से देश भर में क्रिकेट के प्रति दीवानगी छा रही है, एयरटेल ने अपने ग्राहकों के लिये विस्तृत फायदों के साथ स्पेशल क्रिकेट प्लान्स की घोषणा की है।

सारे प्रीपेड ग्राहकों के लिये एयरटेल ने एक खास डाटा पैक लॉन्च किया है, ताकि मैचों की स्ट्रीमिंग करते वक्त ग्राहक कनेक्टेड रहें और उनका डाटा खत्म न हो।

एयरटेल डीटीएच स्पेशल रिचार्ज ऑफर्स के लिये स्टार के साथ गठजोड़ कर रहा है। कंपनी ने ग्राहकों के लिये स्टार स्पोर्ट्स के पोर्टफोलियो से चैनलों को ऐड करने की प्रकिया भी आसान बना दी है।

एयरटेल एक्सट्रीम बॉक्स पर ग्राहकों के लिये एक क्विक-ऐक्सेस प्रोमो-रेल चलाई जा रही है, ताकि वे क्रिकेट मैच के प्रसारण को तुरंत अपनी पसंदीदा भाषा में चला सकें।

रिपोर्ट के अनुसार, एयरटेल ने आबादी के लिहाज से भारत के 40 सबसे बड़े शहरों में मोबाइल लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग के मामले में दूसरे ऑपरेटर्स की तुलना में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इनमें से ज्यादातर शहरों में लाइव वीडियो और 5जी लाइव वीडियो के अनुभव में एयरटेल का प्रदर्शन सबसे जबर्दस्त रहा।

एयरटेल 5 जी प्लस के लॉन्च के 1 साल के भीतर, भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता में से एक, भारती एयरटेल (एयरटेल)

## आर्थिक




ने घोषणा की कि उसके नेटवर्क पर 50 मिलियन से अधिक अद्वितीय 5जी ग्राहक हैं। कंपनी ने यह भी घोषणा की कि एयरटेल 5जी प्लस सेवाएं देश के सभी जिलों में उपलब्ध हैं।

इसे देश में सबसे तेज रोलआउट में से एक बनाते हुए, एयरटेल 5 जी प्लस सभी 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में उपलब्ध है। बिहार के सुंदर बलिया से लेकर ओडिशा के ऐतिहासिक कटक तक, झारखंड के सबसे छोटे रामगढ़ जिले से लेकर राजस्थान के वन्यजीव प्रेमियों के लिए बिश्नोई भूमि तक, केरल के शांत सराय से लेकर कश्मीर के दलदली गांवों तक, एयरटेल के ग्राहक अब डिजिटल सुपरहाइवे पर हैं, और तेज गति का आनंद ले रहे हैं।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, भारती एयरटेल के सीटीओ, रणदीप सेखों ने कहा, हम अपने लाखों ग्राहकों द्वारा 5 जी को अपनाने की गति से रोमांचित हैं और हम योजना से पहले इस मील के पत्थर तक पहुंच रहे हैं। यह एयरटेल के 5ऋकवरेज के एक बड़े विस्तार का प्रतीक है जो अक्टूबर 2022 में 1 मिलियन से बढ़कर लॉन्च के केवल 12 महीनों में 50 मिलियन हो गया। विस्तार पूरी गति से जारी है और मुझे यकीन है हम तेजी से बढ़ना जारी रखेंगे क्योंकि हम राष्ट्रव्यापी कवरेज की दिशा में काम कर रहे हैं और अपने सभी ग्राहकों को 5 जी युग में प्रवेश करने में सक्षम बना रहे हैं।"

*पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के जिलों, छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों और लक्षद्वीप के द्वीपों को छोड़कर, जो वीएसएटी के माध्यम से जुड़े हुए हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95705-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### पार्षद ने जमीन को ले डीसी को सौंपा ज्ञापन



उरीमारी (रामगढ़)। बड़कागांव पूर्वी क्षेत्र की पार्षद गीता देवी ने हजारीबाग डीसी को पत्र सौंप जमीन की जांच करने की मांग की है। पत्र में कहा गया है की बड़कागांव प्रखंड अन्तर्गत जरजरा के खाता संख्या 10 जिसकी कुल रकवा 5 एकड़ 26 डिसमिल है। उक्त जमीन सीसीएल बरका सयाल द्वारा अधिग्रहण किया गया है।जानकारी मिली है की बिचौलियों द्वारा उक्त जमीन की गलत तरीके से फर्जी वंशावली बनाकर जमीन के बदले नौकरी व मुआवजा लेने के फिराक में है। उक्त जमीन के रैयत ने मुझे आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाये हैं। पार्षद गीता देवी ने डीसी से उक्त जमीन को सम्बंधित पदाधिकारी से सही ढंग से जांच कराने की मांग की है।ताकि सही विस्थापित को नौकरी और मुआवजा मिल सके।

### गोला में नये बीडीओ ने दिया योगदान

**गोला** । गोला में नये बीडीओ संजय कुमार शांडिल्य ने पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान बीडीओ संतोष कुमार से पदभार लिया। शांडिल्य ने बताया कि वह अपने दायित्व का पूर्ण रूप से निर्वहन करेंगे। गोला प्रखंडमें विकास का नया आयाम जोड़ेंगे। उन्होंने क्षेत्र के ग्रामीणों से कहा है कि वे अपनी समस्याओं को सीधे रूप में कार्यालय में रखें, ताकि उन समस्याओं का निराकरण जल्द किया जाएगा। पदभार ग्रहण के दौरान सीओ समरेश प्रसाद भंडारी, उप प्रमुख विजय ओझा, जेई समित कुमार सहित प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

### प्रदेश वैश्य मोर्चा की बैठक आज

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की बैठक शनिवार को दोपहर साढ़े बारह बजे जवाहर नगर भुरकुंडा में आहुत की गई है। बैठक में वैश्य मोर्चा के क्षेत्रीय स्तर के प्रमुख पदाधिकारी व सदस्य शामिल होंगे। प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने बताया कि बैठक में 12 अक्टूबर को रांची में 5वां स्थापना दिवस समारोह की तैयारी, प्रचार सामग्री, झंडा का वितरण किया जायेगा।

### फिल्म कॅरियर काउंसलिंग आज

भुरकुंडा (रामगढ़)। ए' ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय भुरकुंडा द्वारा शनिवार को फिल्म इंडस्ट्री पर करियर काउंसलिंग प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम को संचालित विद्यालय के बैभव कुमार करेंगे। ऑनलाइन कार्यक्रम में फिल्मफेयर पुरस्कार विजेता और बेशर्म व सतरंगी पैराशूट फिल्मों के लेखक और निर्देशक राजीव वर्णवाल बच्चों को फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े प्रश्नों का सीधा जवाब देंगे। साथ ही फिल्म इंडस्ट्री में करियर बनाने को लेकर दिशा निर्देश भी दिए जाएंगे। उक्त जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य विजयंत कुमार ने बताया की इसमें विद्यालय के 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थी शामिल होगे। इस कार्यकर्म के माध्यम से करियर काउंसलिंग से जुड़े सभी प्रश्नों का उत्तर दिया जाएगा। विद्यालय के करियर काउंसलर बैभव कुमार ने बताया कि विद्यालय में इस प्रकार के आयोजन से बच्चो के बीच फिल्म से जुड़े जिज्ञाशा भरे प्रश्नों का जवाब मिल सकेगा। आगे भी इस तरह के कार्यकम विद्यालय में होते रहेंगे। जिससे कोयलांचल के सैकड़ो बच्चे इस तरह के कार्यक्रमों से कैरियर से जुड़ी समस्याओं का निदान पा सकेगे और एक सफल करियर की शुरूआत कर सकेंगे।

### उरीमारी में बारिश से गिरा घर गिरा



**उरीमारी (रामगढ़)।** पिछले 4 दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण उरीमारी वार्ड नम्बर 1 निवासी शंकर करमाली का मिट्टी का घर गिर गया है।हालांकि इसमें किसी को चोट नही पहुंची है। शंकर ने बताया कि एकाएक मिट्टी का घर बारिश के कारण गिर गया। आर्थिक रूप से कमजोर शंकर करमाली के घर में 9 लोग रहते हैं। घर गिर जाने से काफी परेशानी हो रही है। शंकर ने प्रखंड प्रशाशन से मुआवजा की मांग की है।

### राशन दुकान से हजारों रुपए की चोरी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ओपी क्षेत्र अंतर्गत सौंदा डी पंचायत के हुसैनीनगर मेन रोड पर चोरों ने एक राशन दुकान का पिछला शटर तोड़कर चोरी कर ली है। भुक्तभोगी दुकान संचालक भीम प्रसाद ने भुरकुंडा पुलिस को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। भीम प्रसाद ने बताया कि गुरूवार को दुकान बंद कर अपने घर सौंदा बस्ती चला गया। शुक्रवार की सुबह छह बजे दुकान पहुंचने पर पाया कि दुकान का पिछला शटर तोड़कर तकरीबन 4500 नकद और लगभग 9 हजार का सामान चोरी कर लिया गया है।

### श्री श्री दुर्गा पूजा समिति की बैठक

**कुजू।** श्री श्री दुर्गा पूजा संचालन समिति की बैठक शुक्रवार को सीसीएल तोपा परियोजना कार्यालय में हुई। बैठक के दौरान पूजा के सफल संचालन, रावण दहन, पूजा कार्य के लिए कर्मियों का बहाल किया गया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को समिति से जोड़ने आदि मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। वहीं कालोनी में पूजा के चंदे के लिए 10 कर्मियों को जोड़ने, लोकल सेल में चेक नाका के बाहर चंदा करने का निर्णय लिया गया। मौके पर पूजा समिति अध्यक्ष सीसीएल तोपा पीओ मनीष कुमार, सचिव अशोक कुमार सिंह, रंजीत कुमार सिंह, प्रदीप कुमार राम, अरविंद सिंह, रामेश्वर महतो आदि शामिल हुए।

### लायंस क्लब ने लगाया दंत शिविर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में लायंस क्लब भुरकुंडा एवं सहज डेंटल केयर पटेलनगर भुरकुंडा द्वारा शुक्रवार को दंत जांच शिविर लगाया गया। शिविर में विद्यालय के 10वीं, 11वीं और 12वीं कक्षा के लगभग 200 विद्यार्थियों का डॉ. चंचला कुमारी द्वारा नि:शुल्क दंत जांच किया गया। उन्होंने बच्चों को उचित परामर्श देते हुए दांतों के देखभाल के लिए आवश्यक आदतों के बारे में भी बताया। सहज डेंटल केयर प्रोपराइटर डॉ. चंचला कुमारी ने बताया कि अनेकों विद्यालय में प्रतिवर्ष ऐसे शिविर लगाए जाते हैं ताकि बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए उन्हें दांतों की देखभाल की जानकारी दी जा सके। उन्होंने कहा कि नियमित दांतों की देखभाल स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। मौके पर क्लब की अध्यक्ष माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल व कोषाध्यक्ष अंजू देवी ने कहा कि दांतों की देखभाल हमें बचपन से ही करनी चाहिए। साथ ही खान-पान में भी संयम बरतनी चाहिए।

# हजारीबाग जिला परिषद् की बैठक आज, बहिष्कार करेगा प्रमुख संघ

## कहा-हमलोगों के प्रस्तावों को प्राथमिकता नहीं देते अधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** शनिवार को होने वाली जिला परिषद् की बैठक का प्रमुख संघ बहिष्कार करेगी। इस संबंध में प्रमुख संघ के सदस्यों ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बैठक की जानकारी उन्हें सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए दी गयी है। अधिकारी हमलोगो को बुला कर बस एक कोरम को पूरा करते हैं। ना हमें सम्मान पूर्वक बैठक में बुलाया जाता है और ना ही हमारी बातों को तवज्जो दिया जाता है। अपने खर्च पर बैठक में अपने आत्मसम्मान को ताक पर रखकर हमलोग इसलिए जाते हैं कि हमलोग अपने क्षेत्र के मुद्दों को उक्त पटल पर रखे और अपने उत्तरदाईत्व का निर्वहन करें। मगर ऐसा होता नहीं दिख रहा। हमारी बातें नहीं सुनी जाती। हमलोगो द्वारा दी गयी प्रस्तावों को प्राथमिकता अधिकारियों द्वारा नहीं दी जाती। ऐसे में बैठक में भाग लेना अनुचित लगता है। बैठक में प्रखंड प्रमुख के द्वारा अपनी अपनी प्रखंड के बारे में कई बार मौखिक वा लिखित में शिकायत पर समधान व विकास के कार्यो से संबंधित आवेदन देने का कार्य किया गया है। इसके बावजूद संबंधित अधिकारी द्वारा किसी तरह की पहल तक नही होती है। तो क्या फायदा है जाने का।

प्रमुख संघ ने कहा कि अपने निजी खर्च से बैठक में जाने एवं दिन भर के समय जिला के बैठक में देंगे उतना ही खर्च से अपने प्रखंड क्षेत्र के वंचित परिवार एवं जरूरत मंद तक पहुंच कर समय देंगे तो वह गरीबो का कल्याण कर सकेंगे। प्रमुख संघ ने कहा कि जिला परिषद की बैठक में हमारी भागीदारी सुनिश्चित हो। हमे अपनी प्रखंड की समस्या वा विकास के कार्यों पर बोलने का प्रयाप्त अवसर मिले। हमारी शिकायत , सुझाव वा विकास के कार्यों पर प्राथमिकता देते हुए गंभीरता पूर्वक विचार किया जाय तथा अनुमोदन करते हुए क्रियान्वयन भी करवाया जाए ।

पंचायती राज अधिनियम 2001 पंचायत समिति के उल्लेखित अधिकार ,अधिकारी द्वारा पालन करवाया जाए। प्रमुख, उप प्रमुख ,पंचायत समिति को अधिकार दिलवाने पर ठोस कदम उठाया जाय ।उपरोक्त विषयों पर अधिकारी द्वारा पालन होने से पंचायत राज व्यवस्था में सुधार होगी वा जिस उद्देश्य हेतु झारखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराई गई है वह तभी सार्थक होगी। प्रेस विज्ञप्ति प्रमुख संघ हजारीबाग के जिला अध्यक्ष संतोष मंडल वा महासचिव कुमारी बिनीता ,कोषाध्यक्ष निरंजन प्रसाद ,सदर प्रमुख बिना देवी, केरेडारी प्रमुख सुनीता देवी,बड़कागांव प्रमुख फुलवा देवी, बरही प्रमुख मनोज रजक, डाडी प्रमुख दीपा देवी, बिष्णुगढ़ प्रमुख जैबून निशा ,दारू प्रमुख कुमारी स्वेता, बरकठा प्रमुख रेणु देवी, पदमा प्रमुख बिना देवी, इचाक प्रमुख पार्वती देवी, कटकमसांडी प्रमुख संगीता देवी, चालकुसा प्रमुख नीतू कुमारी,चौपारण प्रमुख पूर्णिमा देवी ने संयुक्त सहमति जारी की है।

# दारु में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न

## जिनगा टीम बनी विजेता, 2-0 गोल से हारा गोपलो

**खबर मन्त्र संवाददाता**



दारू। हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित जिले का सबसे बड़ा और लोकप्रिय नमो फुटबॉल टूर्नामेंट - 2023 के द्वितीय चरण का दारू प्रखंड क्षेत्र के हरली स्थित जतराटांड़ मैदान में लगातर 26 दिनों तक चलने के बाद शुक्रवार को शानदार समापन हुआ। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला दारू प्रखंड क्षेत्र के गोपलो बनाम जिनगा टीम के बीच खेला गया। जिसमें जिनगा की टीम ने 2-0 गोल से गोपलो की टीम को पराजित कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया।

टूर्नामेंट में बेस्ट अनुशासित टीम अंबेडकर क्लब, बेस्ट गोलकीपर मुकेश कुमार रवि, गोल्डेन बूट सागर कुमार और मेन ऑफ द मैच दीपक राम को चुना गया । विजेता टीम को 25 हजार का चेक और आकर्षक नमो ट्रॉफी एवं उपविजेता टीम को 15 हजार का चेक और आकर्षक नमो ट्रॉफी भेंटकर सम्मानित किया।

मौके पर हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि नमो फुटबॉल टूर्नामेंट हजारीबाग जिले में फुटबॉल के क्षेत्र में क्रांति लाने में बेहद कारगर साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि हम लोग अपने स्तर से इसके विस्तार में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस टूनामेंट का एकमात्र लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को एक बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध कराना और उनकी प्रतिभा को निखारना है। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण, सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद, दारु थाना प्रभारी अमित कुमार, भाजपा महिला मोर्चा की प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मी देवी, मुखिया फरजाना खातून, पंससगीता देवी, राजन सिन्हा, रौशन सिन्हा, सुमन सिन्हा, विकाश यादव, संतोष पासवान, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### पतरातू में पेट्रोल पंप पर हवाई फायरिंग

पतरातू। पतरातू पालू मुख्य मार्ग स्थित सावित्री फ्यूल्स पेट्रोल पंप परिसर में गुरुवार की रात हथियारबंद अपराधियों ने हवाई फायरिंग कर दहशत फैला दी। हालांकि इस घटना में किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। गोली चलाने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। सूचना मिलते ही पतरातू पुलिस मौके पर पहुंची और वस्तु स्थिति की जानकारी लेने के बाद अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी। पंप के कर्मी ने बताया कि एक सफेद अपाचे बाइक से तीन युवक पेट्रोल पंप पहुंचे, जिसमें से एक युवक ने पिस्तौल निकाल कर इतना देर तक पेट्रोल पंप खुला रखेगा बोलते हुए हवाई फायरिंग कर दी। पुलिस ने पंप परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरा से पता चला कि एक बाइक से तीन अपराधी पहुंचे। बाइक में पीछे बैठा एक अपराधी बाइक से उतरकर पिस्तौल निकाला और हवाई फायरिंग कर दी।

## रामगढ़ कॉलेज बचाओ समिति ने दिया धरना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

रामगढ़। रामगढ़ कॉलेज बचाओ समिति ने शुक्रवार को कॉलेज परिसर में दिया धरना। कॉलेज की जमीन की मापी करवाने, रामगढ़ कॉलेज की चहारदिवारी को सुरक्षित करने और कॉलेज कैंपस बनाना आदि था। धरना की अध्यक्षता आभाविप के पूर्व प्रदेश संयोजक राजेश ठाकुर और संचालन आदिवासी छात्र संघ के पूर्व विश्वविद्यालय संयोजक शशि करमाली ने किया। वक्ताओं ने कहा कि रामगढ़ कॉलेज की जमीन का दिन प्रतिदिन अतिक्रमण किया जा रहा है । कहा कि शिक्षा के इस मंदिर को भूमि माफिया के चंगुल से बचना होगा । ताकि वहां शिक्षा का वातावरण कायम रहे और विद्यार्थी बेहतर तरीके से शिक्षा ग्रहण कर सकें। कहा कि हम लोग कॉलेज प्रशासन और जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि रामगढ़ कॉलेज की चहारदीवारी कर शिक्षा का वातावरण बनाया जाए । उन्होंने कहा कि मांग नही माने जाने पर आंदोलन किया जाएगा। धरना के बाद एक प्रतिनिधिमंडल रामगढ़ कॉलेज के प्राचार्य से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा। धरना में गौतम महतो ,रमेश करमाली , देव महतो , कॉलेज छात्र संघ के अध्यक्ष रोहित सोनी, सुमंत , नीतीश निराला ,नितेश मोदी ,महेश महतो, प्रेम महतो, रोहित महतो, संतोष महतो ,लक्ष्मी महतो ,नेहा कुमारी ,मनीषा कुमारी ,नीरज कुमार सहित अन्य शामिल थे।

# बिजनेस के लिए जेएसपी को मिला लीडरशिप अवार्ड



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी) को ईस्टर्न इंस्टीट्यूट ऑफ इंटेग्रेटिड लर्निंग इन मैनेजमेंट (ईआईआईएलएम) कोलकाता ने श्रेष्ठ सीएसआर इंटेग्रेटिड बिजनेस के लिए प्रतिष्ठित ईस्टर्न इंडिया लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया है। यह सम्मान समाजसेवा के प्रति जेएसपी की कटिबद्धता को दर्शाता है और कंपनी का यही दर्शन सीएसआर को जेएसपी के व्यवसाय का अभिन्न अंग बनाता है। जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिन्दल ने कहा कि जिन्दल स्टील एंड पावर व्यावसायिक सफलता और सामाजिक जिम्मेदारी के बीच परस्पर संतुलित संबंध में विश्वास करता है। यह सम्मान समाज को सकारात्मक दिशा दिखाने और उसके सतत विकास को प्रोत्साहित करने के लिए हमारे समर्पित प्रयासों का प्रमाण है। जेएसपी फाउंडेशन की असिस्टेंट जनरल सेक्रेटरी मैत्रेयी मिश्रा ने कंपनी की ओर से यह सम्मान ग्रहण किया। इस अवसर पर जिन्दल स्टील एंड पावर के सीएसआर प्रमुख प्रशांत कुमार होता ने व्यवसाय और सीएसआर के परस्पर अटूट संबंधों पर प्रकाश डाला। ज्ञात हो कि जेएसपी फाउंडेशन ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों समेत पूरे भारत में लोगों के जीवन में बदलाव लाने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मिशन जीरो हंगर, किशोरी एक्सप्रेस, वात्सल्य, यशस्वी, आशा द होप और ग्रासरूट हॉकी डेवलपमेंट प्रोग्राम समेत अनेक ऐसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिनसे समुदायों में सकारात्मक परिवर्तन को बढ़ावा मिल रहा है और उनकी अनेक चुनौतियों का समाधान संभव हो रहा है।

# भुरकुंडा में शौर्य जागरण रथ का भव्य स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी के द्वारा पूरे देश में शौर्य जागरण यात्रा तथा जन जागरण के लिए रथ का भ्रमण करवाया जा रहा है। शुक्रवार को भुरकुंडा खंड में रथ का आगमन हुआ। जिनका भुरकुंडा खंड के तीन पंचायत में जोरदार स्वागत किया गया।

शौर्य जागरण यात्रा रामगढ़ होते हुए चैनगडा पहुंची। जहां विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल तथा दुर्गा वाहिनी की बहनों द्वारा रथ का भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात भुरकुंडा बिरसा चौक पर फूलों की वर्षा तथा आरती करके समाजसेवियों द्वारा रथ का स्वागत किया गया। बिरसा चौक से संकट मोचन मंदिर तक रथ के साथ पैदल यात्रा की गई। इस दौरान संकट मोचन मंदिर प्रांगण में पटाखे जलाकर तथा रथ पर फूलों की वर्षा करके इसे यादगार बनाया गया।

सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित होकर रथ का स्वागत तथा दर्शन कर रहे थे। मौके पर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। शौर्य जागरण यात्रा रथ का स्वागत करने वालो में पतरातू प्रखंड उप प्रमुख बबीता पांडेय, सुंदर नगर पंचायत के मुखिया व्यास पांडे, भुरकुंडा मुखिया अजय पासवान, राकेश सिन्हा, योगेश दांगी, सतीश मोहन मिश्रा, सुखदेव प्रसाद, जगतार सिंह, पंकज कुमार, स्नेहल शर्मा, नैना कुमारी, शांति देवी, श्रवण कुमार, राज नायक, अमित शर्मा, किशोर कुमार, विनय मिश्रा, सूरज, सोनू, हरीलाल महतो, अंकित केसरी, नूतन कुमार, विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री छोटू वर्मा, विश्व हिंदू परिषद भुरकुंडा खंड की पालक सह दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव सहित भारी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरूष शामिल थे।

## एक नजर में

### बरही में बुनियादी साक्षरता सुदृढ़ीकरण संपन्न



बरही। प्रखंड परिसर स्थित प्रखंड संसाधन केंद्र में शिक्षा विभाग और रूम टू रीड इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में बुनियादी साक्षरता सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम के दूसरे बैच का 3 दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण समापन किया गया। प्रखंड के हिंदी भाषा के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम से केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे निपुण भारत अभियान के लक्ष्यों को प्राप्त करने में विद्यालय स्तर पर शिक्षकों को मदद मिलेगी। इस समापन कार्यक्रम में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामसेवक प्रसाद दांगी भी उपस्थित रहे और प्रशिक्षण के बारे में बताया कि वर्ग 1 और वर्ग 2 के बच्चों को उनके क्षमता वर्धन के लिए विद्यालय तक इस प्राप्त अनुभव को ले जाना है ताकि बच्चे इससे लाभान्वित हो सकें। इस प्रशिक्षण के मुख्य प्रशिक्षक के रूप में किशोरी महतो, तुलसी प्रसाद, मुनिलाल राम एवं रामचंद्र यादव और रूम टू रीड से अशोक सकलानी उपस्थित रहे। किशन ठाकुर, संजू कुमारी, मुजाहिद अंसारी, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद कलीमुद्दीन, गुड़िया कुमारी, मीरा कुमारी, किशोर कुमार राम, संगीता कुमारी, सुलोचना देवी, संजीव कुमार पांडे, प्रभा कुमारी, आरसु उराँव, राजकुमार रविदास, कुमारी मनीषा, सरिता कुमारी, प्रियंका कुमारी, ईश्वर यादव, सरिता कुमारी, महेंद्र यादव, अर्जुन यादव, ममता कुमारी, सुनीत राम, मंसूर आलम, कृष्ण देव तूरी, ज्योति लक्ष्मी, चंद्र देव कुमार यादव, केदार यादव, संतोष कुमार भुइयाँ, कैलाश यादव, शिव शंकर प्रसाद यादव, योगेंद्र राणा, शकीला बानो, मो सनोवर, योगेंद्र यादव, मास्टर प्रशिक्षक किशोरी महतो, तुलसी कुमार दास, मुनीलाल राम, चंद्र यादव सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

### आवासीय प्रशिक्षण प्रथम सत्र का समापन

**दारू।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद और रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट के तत्वावधान में बीआरसी में आयोजित बुनियादी साक्षरता सुद्दढीकरण कार्यक्रम का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण प्रथम सत्र शिविर का समापन गुरुवार को हुआ। शिविर में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में कक्षा 1 तथा 2 में पढ़ाने वाले 24 हिन्दी शिक्षक- शिक्षिकाओं को बुनियादी साक्षरता के 8 घटकों की जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर अमित कुमार राणा, नितिन सिन्हा, शम्भू कुमार, दिलीप ठाकुर ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न सत्रों में मौखिक भाषा विकास, ध्वनि जागरूकता, वर्ण ज्ञान, शब्द भंडार, धारा प्रवाह पठन, समझ, लेखन और स्वतंत्र पठन विषय पर विस्तार से समझ बनाने का कार्य किया।'रूम टू रीड' से एकता कुमार जयसवाल ने कहा कि एफएलएन किट का समुचित प्रयोग, शिक्षक संदर्शिका, नई किरण का व्यवहारिक उपयोग किया जाए ताकि बच्चे आसानी से पढ़ना- लिखना सीख जाए। प्रशिक्षक अमित कुमार राणा, नितिन सिन्हा, शम्भू कुमार, दिलीप ठाकुर ने शिक्षकों को बताया कि इन घटकों पर प्रतिदिन व्यवस्थित कार्य करके निपुण भारत के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा सभी 8 घटकों को प्रस्तुत करते हुए बच्चों को पढ़ाने के तरीकों पर अभ्यास किया गया। यह प्रशिक्षण में प्रखण्ड प्रसार पदाधिकारी श्री नागेश्वर प्रसाद सिंह, बीपीएम रोहित केसरी, बीआरपी गौतम कुमार आदि की देखरेख में संपन्न हुआ।

### चुरचू प्रखंड में धूमधाम से मना जिऊतिया

**चरही ।** इस वर्ष भी चुरचू प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में तीन दिवसीय जीवित्पुत्रिका (जिऊतिया) व्रत धूमधाम और विधि विधान के साथ मनाया गया। गुरुवार को माताओं ने सुबह स्नान कर भगवान सूर्य देव को जल और दुध को अर्पण किया।तथा घरों में पूजा-अर्चना कर पूर्वजों को अराधना की। उसके बाद माताओं ने प्रसाद के रूप में शुद्ध मड़वा की बनी रोटी, भात और सतपुतिया की सब्जी को ग्रहण किया।शुक्रवार को पुन: स्नान कर पूजा-अर्चना कर निराहार और निर्जला उपवास रहकर शनिवार अहले सुबह स्नान कर पूजा-अर्चना किया।इस अवसर पर माताओं ने अपने पत्रों की दीघार्यु,घर में सुखमय जीवन जीवन की कामना की।तथा व्रत को पारण करते हुए घर में बने स्वादिष्ट भोजन और विभिन्न प्रकार के बने व्यंजन को ग्रहण कर तीन दिवसीय जीवित्पुत्रिका व्रत (जिउतिया )को संपन्न किया गया।

### प्रखंड आपूर्ति अधिकारी ने लिया प्रभार



**बड़कागांव।** प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी उमाशंकर प्रसाद ने शुक्रवार को प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रवि रंजन से प्रभार ग्रहण किया । प्रभार उपरांत नए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी उमाशंकर प्रसाद में कहा कि छूटे हुए लोगों का राशन कार्ड बनवाना,राशन कार्ड में नाम जुड़वाना तथा बिरहोरों को समय पर राशन उपलब्ध करवाना पहली प्राथमिकता होगी।वही प्रखंड कृषि पदाधिकारी सह पुराने प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रवि रंजन ने कहा कि प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं आपूर्ति विभाग दोनों के कार्यों का सुगमतापूर्वक निर्वाहन किया और नए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी और अच्छे तरीके से निर्वाहन करेंगे यही हमारी कामना है । मौके पर एजीएम भास्कर राज,मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार ,मुखिया प्रभु महतो,मुखिया मोहम्मद तकरीमुला ,पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम, बीस सूत्री सदस्य किशोर राणा , डीलर संघ अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार गुप्ता ,सचिव बालेश्वर कुमार ,शहादत हुसैन ,शाहनवाज , सनित कुमार महतो समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### बूथ व शक्ति केंद्रों का सत्यापन अंतिम चरण में

**बड़कागांव।** शुक्रवार को बड़कागाँव भाजपा पश्चिमी मंडल पदाधिकारियों के साथ मंडल प्रवासी के पी ओझा व प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल मिश्रा की के साथ बैठक हुई। बैठक में मंडल पदाधिकारियों के साथ बैठक में बूथ व शक्ति केंद्रों का प्रमुखता से सत्यापित किया गया। शक्ति केंद्रों के प्रभारियों को हिदायत की गई कि हर हाल में बूथों तक पहुँचकर बूथ कमिटी के साथ बैठक सुनिश्चित करे ताकि लोकसभा व विधानसभा चुनाव में पार्टी को इसका लाभ मिल सके। मौके पर मंडल प्रवासी के पी ओझा ने कहा कि बड़कागाँव पश्चिमी मंडल में बूथ कमिटी व शक्ति केंद्रों का गठन हो गया है।आज सत्यापित करने की प्रक्रिया के तहत पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश के आलोक में संगठन को चुस्त दुरुस्त करने की पहल की जा रही है। मौके पर बड़कागांव मंडल प्रभारी श्री श्याम किशोर सिंह,महामंत्री इंद्र भूषण,महामंत्री नरसिंह प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि रामपति राम,अवधकिशोर यादव, जिला किसान मोर्चा महामंत्री बैजनाथ कुमार साव, उपाध्यक्ष अवधेश मिश्र,सुनीता देवी,लालमणि महतो,रीता देवी,मंत्री प्रदीप कुमार दांगी,मोहन साव,चंदन सिंह,जीतनी देवी,मिथुन कुमार,कोषाध्यक्ष अरुण मालाकार,मीडिया प्रभारी प्रहलाद गुप्ता,पूर्व मुखिया अनीता देवी,राजीव कुमार रंजन,धनेश्वर राम,नौशाद आलम,अर्जुन पांडे सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ग्रामीण विकास के संयुक्त सचिव ने विष्णुगढ़ में कई योजनाओं का किया औचक निरीक्षण

विष्णुगढ़ । ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव ने विष्णुगढ़ प्रखंड में किया निरिक्षण। अनुसंधान दल मे विभाग के कई अधिकारी व मुख्य रूप से झारखंड सरकार के जॉइंट सेक्रेटरी शैल प्रभा कुजूर शामिल थी। जानकारी के अनुसार प्रखंड के बकसपुरा पंचायत मे देर शाम तक संयुक्त सचिव ने विभिन्न मदो व योजनाओं से किए गये कार्यों की सघन जांच की जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, पंद्रवी वित्त, मनरेगा योजना के तहत आम बागवानी, तालाब निर्माण, कूप निर्माण समेत अन्य कार्यों का निरिक्षण शामिल है निरिक्षण दल मे सहायक प्रशाखा पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद, मनरेगा कोषांग विजय कुमार आदि लोग शामिल थे निरीक्षण के दौरान विष्णुगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कोंगारी, मनरेगा के बीपीओ राजमोहन वर्मा , मनरेगा जेइ नीरज कुमार, अभिनास कुमार, प्रखंड समन्वयक राधेश्याम यादव, रोजगार सेवक मदन कुमार यादव के अलावे कई अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### लायंस क्लब ने विद्यार्थियों के बीच बांटा पठन-पाठन सामग्री

**गुमला।** लायंस क्लब गुमला के द्वारा शुक्रवार को विश्व लायंस सेवा सप्ताह के तहत 5 बचपन स्कूल दुन्दुरिया में स्कूली बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर क्लब के अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया ने स्कूली बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने की अपील की। साथ ही स्कूल नियमित आने, होमवर्क बनाने, अपने माता-पिता का आदर करने की बात कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा व पूंजी है जिसे कोई छीन नहीं सकता। इस अवसर पर लायंस अशोक जायसवाल, लायंस हेमंत कुमार,सहित स्कूली बच्चे और टीचर्स उपस्थित थे।

### वृद्धों एवं विधवाओं को पेंशन का लाभ दें : बीडीओ

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण जनता पलायन के पश्चात घर वापसी करने वाले लोगों के लिये राज्य सरकार द्वारा विभिन्न लाभकारी योजनाएँ संचालित किया जा रहा है। जिसे क्षेत्र में योजना का लाभ मिल सके और पलायन रुके। उसी निमित उपायुक्त के निदेर्शानुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा तथा पंचायत सचिवों को निर्देश देते हुए बताया कि 60 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्ध व वृद्धाओं को वृद्धा पेंशन तथा 18 वर्ष या उसे ऊपर के विधवा महिलाओं के विधवा पेंशन योजना दिलाने का कार्य सभी लोग करें। इसके लिये जनसम्पर्क अभियान चलायें सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में मुख्यमंत्री पेंशन योजना,मुख्यमंत्री आदिम जन जाति पेंशन योजना, एचआईबी एड्स पीड़ित योजना,स्वामी विवेकानंद निशक्त स्वालम्बन योजना,इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्ध,विधवा,दिव्यांग पेंशन योजना,राष्ट्रीय परिवार हित योजना सहित अन्य लाभकारी एवं कल्याणकारी योजनाएँ चलाया जा रहा है। जिसे प्रखंड क्षेत्र में निवास करने वाले असहाय पीड़ित ग्रामीण लोगों को लाभ दिलाया जाएगा। साथ ही बीडीओ श्री चोपड़ा द्वारा इन योजनाओं का लाभ लेने के लिये वृद्ध वृद्धा और निशक्त विधवाओं एवं ग्रामीणो से ऑनलाइन आवेदन करने के लिये भी अपील किया गया है।

### एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर हुआ जब्त

**लोहरदगा।** खनन विभाग द्वारा अवैध बालू परिवहन को लेकर लगातार चलाए जा रहे अभियान से अवैध बालू कारोबारी में हंडकम्प मचा हुआ है। गुरुवार रात 1 बजे जूरिया कोयल नदी घाट से पुलिस बल ने एक अवैध लदा बालू ट्रैक्टर को पकड़ा । जिसे लोहरदगा थाना को सुपुर्द कर वाहन चालक और मालिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई। साथ ही आगे की करवाई के लिए जिला खनन विभाग को सूचना दे दी गई है।

### एसडीओ ने विकास योजनाओं का किया औचक निरीक्षण

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण कर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा विकास योजनाओं का औचक निरीक्षण किया गया। प्रखंड क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का एसडीओ अरविन्द कुमार लाल द्वारा स्वेटर सिलाई बुनाई केन्द्र व प्रखंड मुख्यालय स्थित पुस्तकालय भवन का निरीक्षण किया गया। वही सिलाई बुनाई कर्मियों द्वारा निर्मित वस्तु को रखने के लिये गोदाम का मांग किया गया। साथ ही मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत चौकनी में निर्मित अमृत सरोवर का निरीक्षण कर तलाब के मेड़ में लगा पौधा को जानवरो से बचने के लिये घेराव करने का निर्देश देते हुए अन्य योजनाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा,कनीय अभियंता संजीत कुमार,सहायक अभियन्ता विशाल मिंज मौजूद थे ।

### बीडीओ सुमन गुप्ता को प्रखंड कर्मियों ने दी विदाई

**जारी।** जारी प्रखण्ड के कर्मियों के द्वारा शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन कर बीडीओ सुमन गुप्ता को विदाई दी। सुमन गुप्ता का स्थानांतरण कोडरमा सदर बीडीओ के रूप में हुआ है। प्रखण्ड के सभी कर्मियों के द्वार बीडीओ को उपहार भेंट कर शुभकामना देते हुए विदाई दी। इस अवसर पर बीपीओ कांति कुमारी, भीमसेन एक्का, पवन कुमार साहू, नसीमुल हक, अमित कुमार साहू, सहदेव महतो सहित प्रखंड के कई कर्मी मौजूद थे।

### डॉ. संदीप 8 को गुमला में

**गुमला।** चर्म एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप 8 अक्टूबर को पालकोट रोड स्थित नीलेश मेडिकल हॉल में रोगियों की जांच करेंगे। यह जानकारी दिलीप नीलेश ने दी है।

### मृतक की पत्नी को दिया मुआवजा राशि

**गुमला।** विद्युत स्पर्शाघात से मरे बिजली कर्मी टिटही ग्राम निवासी स्व. पुनई उरांव की पत्नी को शुक्रवार को विद्युत विभाग के द्वारा पांच लाख रूपया मुआवजा राशि प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि काम के दौरान पुनई उरांव की बिजली करंट लगने से मौत हो गई थी।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो में अर्धवार्षिक परीक्षा के परिणाम हुए घोषित

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो में अर्धवार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित किया गया। जिसमें सर्वप्रथम विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी समिति के उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद ,सचिव संजय कुमार साहू, संरक्षक शरत कुमार विद्यार्थी एवम प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन के बाद कार्यक्रम की शुरूआत हुई। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार द्वारा अतिथि परिचय एवं परीक्षा संबंधी विशेष जानकारी भैया बहनों को दिया गया। मौके पर परिणाम जारी किया गया। जिसमे कक्षा अरुण से प्रथम श्रुति कुमारी,द्वितीय स्मृति कुमारी, तृतीय लक्की प्रजापति, कक्षा उदय से प्रथम किट्टू साहू, द्वितीय चांदनी उरांव एवम तृतीय अंजना उरांव रही। प्रथम कक्षा में प्रथम रोहित उरांव , द्वितीय इसिका उरांव, तृतीय आशीष साहू ,कक्षा द्वितीय में प्रथम काजल उरांव, द्वितीय शानवी कुमारी, तृतीय बहन सिद्धि कुमारी , कक्षा तृतीय में प्रथम अमन उरांव ,द्वितीय प्रिंस उरांव, तृतीय रितिका कुमारी, कक्षा चतुर्थ में प्रथम दीपिका उरांव, द्वितीय सुहाना उरांव ,तृतीय अमित उरांव ,कक्षा पंचम में प्रथम सुरजमुनी उरांव, द्वितीय फरहान अंसारी, तृतीय प्रिंस उरांव, कक्षा षष्ठ में प्रथम मुस्कान कुमारी, द्वितीय काजल कुमारी, तृतीय नूतन उरांव, कक्षा सप्तम में प्रथम अर्चना कुमारी, द्वितीय सृष्टि उरांव, तृतीय राकेश उरांव ,कक्षा अष्टम में प्रथम हिमानी ,द्वितीय आरुषि, तृतीय सौम्या कुमारी। इस अवसर पर सैकड़ो अभिभावक एवं सभी आचार्य दीदी जी उपस्थित थे ।

# डायरिया से एक महिला का इलाज के दौरान मौत

## कई लोग अब भी बीमार, खबर मंत्र में समाचार प्रकाशित होने के बाद विकास भारती के कोषाध्यक्ष पहुंचे चिकित्सा टीम के साथ गांव

### गांव में नहीं है शुद्ध पेयजल की व्यवस्था चारों ओर लगी है गंदगी





देवाकी कुसुमटोली गांव में ग्रामीणों की जांच करते चिकित्स। ग्रामीणों के साथ गांव में बैठक करती प्रमुख, कांग्रेस नेता व अन्य। गांव के कुंए के पास जल जमाव व गंदगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के देवाकी कुसुमटोली गांव की डायरिया पीड़ित एक महिला की मौत इलाज के क्रम में हो गुरूवार की रात हो गई। जबकि कई पीड़ितों का इलाज अब भी विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। इधर देवाकी कुसुम टोली गांव में डायरिया फैलने का समाचार खबर मंत्र में प्रमुखता के साथ प्रकाशित होते ही शुक्रवार को विकास भारती बिशुनपुर के कोषाध्यक्ष महेंद्र भगत डॉक्टरो की टीम लेकर गांव पहुंचे। जहां स्वास्थ्य कैंप लगाकर ग्रामीणों की जांच कर उनके बीच दवाइयां बांटी। वहीं डायरिया फैलने की सूचना पर कांग्रेस व भाजपा के कार्यकर्ता व नेता गांव पहुंचकर ग्रामीणों की स्थिति से अवगत हुए। मौके पर महेंद्र भगत ने कहा अखबारों के माध्यम से पता चला कि गांव में डायरिया फैला है। जिसके बाद डॉक्टर का टीम लेकर गांव पहुंचे। जहां जांच के उपरांत ग्रामीणों को दवाइयां दी गयी। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया है कि स्वच्छ जल व अपने आस पड़ोस में साफ सफाई रखें। डायरिया फैलने का मुख्य कारण गंदे पानी व आसपास में गंदगी का होना है। इन सभी चीजों को ध्यान में रखें तो कभी डायरिया जैसे रोग नहीं होगा। साथ ही महेंद्र भगत ने कहा कि गांव में जागरूकता अभियान चला कर गांव के लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस दौरान कई अहम जानकारियां दी गयी। इस मौके पर मुख्य रूप से महेंद्र भगत, डॉ. एमआर आचार्य, नर्स बिरसी देवी, राजेन्द्र लोहरा, प्रबीर पात्र, शीला खेस, बबिता कुमारी, अंजली, सुशीला कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

**मृतक के परिवार को कांग्रेसियों ने दिया एक क्विंटल अनाज, हर संभव मदद का दिया भरोसा :** घाघरा प्रखंड कांग्रेस कमेटी की टीम के साथ प्रमुख व उपप्रमुख देवाकी कुसुम टोली में डायरिया से महिला की मौत की खबर पाकर गांव पहुंची। जहां परिजनों से मुलाकात किया। इस क्रम में पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिया। साथ ही एक क्विंटल चावल भी पीड़ित परिवार को प्रदान किया गया। मौके पर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे ने कहा कि वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को दूरभाष पर कुसुमटोली में डायरिया फैलने की जानकारी दी गई। जिसके बाद मंत्री ने उपायुक्त गुमला को निर्देशित कर गांव में मेडिकल कैंप लगाने की बात कही। जिसके बाद मेडिकल टीम गांव में कैम्प का आयोजन करने के लिए पहुंची है। मौके पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी ,उप प्रमुख शिवा देवी,कृष्णा कुमार लोहरा,अगस्टिन महेश कुजूर, दिलबहार अंसारी, शहजाद खान सहित कई ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

### भाजपा का प्रतिनिधि मंडल भी पहुंचा कुसुमटोली गांव, ग्रामीणों ने कहा गांव में नहीं है शुद्ध पानी की व्यवस्था

देवाकी कुसुमटोली गांव में डायरिया फैलने व एक महिला की मौत की जानकारी मिलने पर भारतीय जनता पार्टी घाघरा व आदर मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल डायरिया पीड़ित गांव पहुंचा। जहां मृतक के परिजनों से भाजपाईयों ने मुलाकात की। जहां परिजनों ने बताया कि मृतक महिला प्रतिमा की मौत के बाद उसके तीन छोटे-छोटे बच्चे बच्चियों का लालन पालन की चिंता उन्हें सता रही है। जिस पर भाजपा नेताओं ने हर संभव मदद का भरोसा दिया। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि गांव में मूलभूत सुविधा का अभाव है। गांव में ना बेहतर सड़क है और ना हीं पीने के लिए शुद्ध पानी की व्यवस्था है। लोग चुंआ और दाड़ी का पानी पीने को विवश है। गांव में नाली नहीं है। जिससे घरों के बाहर गंदगी भरा रहता है और जगह-जगह पानी जमा रहता है। गंदगी और गंदा पानी का सेवन से बीमारी फैली है। जिस पर भाजपायों ने बीडीओ और उपायुक्त से जल्द से जल्द गांव में मूलभूत सुविधा बहाल करने को लेकर उपायुक्त से मुलाकात करेंगे। इस अवसर पर घाघरा मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक भाजयुमो अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी, गोपाल गोप, पप्पू , तेम्बू, मंटू ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने सिसई प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण

# समस्या का त्वरित निष्पादन का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



निरीक्षण के दौरान प्रखंड कर्मियों के साथ योजनाओं की समीक्षा करते उपायुक्त

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने शुक्रवार को सिसई प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रखंड अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी सिसई एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सभी योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने प्रखंड स्तरीय पशुपालन , कृषि, विद्युत , पेयजल, समाज कल्याण विभाग,आपूर्ति, जेएसएलपीएस, एवं निर्वाचन आदि कार्यालयों अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की अद्यतम स्थिति की समीक्षा की। वहीं उपायुक्त ने अंचल कार्यालय अंतर्गत भूमि से संबंधित सभी दस्तावेजों की जांच करते हुए आवश्यक दिशा निदेश दिए। इस दौरान उन्होंने आगत निर्गत पंजी की भी जांच की।कैश बुक की जांच करते हुए पेंडिंग पड़े कार्यों को 15 दिनों के अंदर पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने उत्पाद कार्यालय की समीक्षा के क्रम में अंचल अधिकारी सिसई को सभी राशन डीलर का औचक जांच करने का निर्देश दिया उन्होंने अनाज वितरण से संबंधित समस्याओं का अविलंब निस्पादन करने का कड़ा आदेश दिया। मनरेगा अंतर्गत लंबित कुआं निर्माण के कार्यों को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने निर्वाचन कार्यालय की समीक्षा करते हुए मतदाता सूची पुनरीक्षण के कार्यों को शत प्रतिशत पूर्ण करने की बात कही साथ ही निर्वाचन विभाग द्वारा सभी पोलिंग बूथों के प्राथमिक सुविधाओं जैसे शौचालय, बिजली , पानी आदि की सुविधाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। कृषि कार्यालय की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने प्रखंड अंतर्गत अधिक से अधिक किसानों को केसीसी ऋण से अच्छादित करने एवं पीएम किसान तथा मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना का भी लाभ देने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि ब्लॉक कार्यालय में आम नागरिकों के समस्याओं का निष्पादन अविलंब किया जाए, ताकि नागरिकों को अनावश्यक किसी भी कार्यालय का चक्कर ना लगाना पड़े। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को इसका ध्यान रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने समीक्षा एवं ब्लॉक परिसर के निरीक्षण हेतु 5 घंटे का समय दिया एवं वहां के प्रत्येक भवनों एवं कार्यालयों का निरीक्षण करते हुए उपस्थित सभी कर्मियों से भी मुलाकात की एवं कर्मियों के कार्य प्रणाली का भी अवलोकन किया।

### उप मुखिया व ग्रामीणों ने श्रमदान कर दो सौ फीट सड़क का किया मरम्मत

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के गम्हरिया ग्राम के उप मुखिया विनीता कुमारी और ग्रामीणों ने श्रमदान व अर्थदान कर शुक्रवार को दो सौ फीट सड़क की मरम्मत किया। इस क्रम में उप मुखिया बिनीता कुमारी ने बताया कि गम्हरिया ग्राम के दुगामंदिर के पीछे से देवीमंडप आखड़ा तक जाने वाली रास्ते में कीचड़ और कई जगह पर गड्ढा बन गया था। जिससे लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। ग्रामीणों द्वारा इसकी जानकारी मुझे दी गई। जिसके बाद मैंने आर्थिक सहयोग कर मोरम गिराया और ग्रामीणों के श्रमदान से सड़क की मरम्मत की। जिसे लोगों को आने झजाने में दिक्कतों का सामना न करना पड़े। जनप्रतिनिधि होने के नाते ग्रामीणों का दुख दर्द को देखते हुए यह कार्य किया गया। ग्रामीणों द्वारा बताया गया था कि जितिया पर्व से पहले उक्त सड़क का मरम्मत करा दिया जाएगा। जिसका पहल करते हुए यह कार्य आज किया गया।

## एक नजर में

### कम किराया देने का आरोप लगाते हुए वाहन मालिक व चालकों ने राशन ढुलाई की बंद

**घाघरा।** घाघरा राशन गोदाम में चलने वाले वाहन के मालिकों व ड्राइवरो ने शुक्रवार की शाम कम किराया देने की शिकायत करते हुए राशन का ढुलाई बंद कर दिया। अपना-अपना वाहन खड़ा कर कम किराया देने का विरोध किया और किसी ने भी गोदाम से राशन का ढुलाई नहीं किया। इस संबंध में वाहन मालिकों व ड्राइवरो ने बताया कि बहुत ही कम किराया वाहन मालिकों को दिया जा रहा है। जिसका विरोध करने पर गाड़ी को गोदाम से हटाने की धमकी दी जाती है। यहां बता दे कि डीएसडी (डोर स्टेप डिलेवरी) कौशर आलम के नाम से ट्रांसपोर्टिंग का काम चलता है। पर गोदाम का पूरा काम दूसरा व्यक्ति देख रहा है। वाहन मालिक और ड्राइवर ने बताया कि पूर्व में ट्रांसपोर्टिंग का पैसा राशन दुकानदार खुद से देते थे पर डीएसडी कौशर आलम व कार्य देख रहे अन्य से गोदाम में हस्तक्षेप हुआ है। तब से ट्रांसपोटिंग का पैसा राशन दुकानदार से पहले ही पैसा ले लिया जाता है और अपने अनुसार से वाहन मालिकों को पैसा दिया जाता है। जिससे वाहन मालिक को उचित किराया नहीं मिल रहा है। वाहन मालिकों ने बताया कि कभी-कभी नुकसान भी सहना पड़ता है। एक भी दिन ऐसा नहीं है कि हमें 200 रुपया से ज्यादा की कमाई गोदाम में गाड़ी चला कर मिला हो और जब भी इसका विरोध किया जाता है तो गोदाम देख रेख करने वालो से धमकी मिलता है। शुक्रवार को प्रत्येक दिन की भांति सभी ड्राइवर अपना-अपना वाहन लेकर गोदाम तो पहुंचे पर सभी ने एकजुट का परिचय देते हुए गोदाम में लगे माफियाओं का विरोध करते हुए अनाज नहीं ढोने का निर्णय लिया। वाहन मालिकों और ड्राइवरो ने बताया कि वाहन में क्षमता से अधिक लोडिंग दिया जाता है और किराए के नाम पर एक भी रुपए का बढ़ोतरी नहीं होता है। इस संबंध में एमओ के अतिरिक्त प्रभार पर रहे बीडीओ दिनेश कुमार से पूछने पर उन्होंने कहा यदि इस तरह का मामला है तो यह काफी गंभीर मामला है। वाहन मालिकों को हक का पैसा मिलना चाहिए।

### यूरिन पाईप लगाने के नाम पर अस्पताल में मरीजों से वसूला जाता है पैसा : मिशन बदलाव

**गुमला।** मिशन बदलाव के संयोजक भूषण भगत के नेतृत्व में टीम के सदस्य सात सूत्री मांग को लेकर शुक्रवार को सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. अनूपम किशोर से मुलाकात की और अस्पताल में व्याप्त समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। मिशन बदलाव टीम के सदस्यों ने डीएस से 24 घंटे एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराने, मरीजों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच करने, खराब पड़े बीपी मशीन को शीघ्र बदलने, अस्पताल में सफाई व्यवस्था बेहतर करने व मरीजों के साथ नर्सों के व्यवहार में सुधार लाने की मांग की। मिशन बदलाव टीम के भूषण भगत ने कहा कि टीम के द्वारा अस्पताल का दौरा पिछले दिनों किया गया था। दौरा के क्रम में मरीजों से मिलने यह पता चला कि कि जिततने भी गंभीर मरीज जब आकस्मिक परिस्थिति में इलाज के लिए अस्पताल आते हैं तो यूरिन पाइप लगाने के नाम पर उनसे दो से तीन सौ रूपये स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा लिया जाता है जो दुर्भाग्य की बात है। ऐसा करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों पर कठोर कार्रवाई की मांग टीम के सदस्यों ने डीएस से की। वहीं मरीजों ने अस्पताल में मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाया था।

### सिसई में कांग्रेस का विधान सभा स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन, ग्रामीणों ने रखी समस्या

**सिसई।** सिसई विधानसभा क्षेत्र के भदौली पंचायत भवन में कांग्रेस पार्टी के द्वारा शुक्रवार को जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चैतु उरांव ने की। जनसुनवाई में मुख्य रूप से सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा शामिल हुए। जन सुनवाई कार्यक्रम में ग्रामीणों ने तालाब निर्माण, डीप बोरिंग, पेंशन योजना, सौर उर्जा, दाखिल खारिज, आवास, कूप निर्माण, गाय पालन, मत्स्य पालन, कृषि यंत्र वितरण आदि से संबंधित मामलों और इसके अलावे सड़क,बिजली, पानी, स्वास्थ्य, जमीन संबंधित मामले, पुल-पुलिया का निर्माण, इंदिरा आवास, मुआवजा वितरण जैसी समस्या को रखा। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने सिसई विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों से रूबरू होकर क्षेत्र की जनसमस्याओं की जानकारी ली और मौके पर ही संबंधित विभाग के अधिकारी को समस्या का निराकरण करने का निर्देश दिया। वहीं विधायक ने कांग्रेस कार्यकताओं से संगठन के बारे में भी फीड़बैक लिया। साथ ही संगठन को बूथ स्तर में मजबूत करने का निर्देश दिया। जन सुनवाई कार्यक्रम का संचालन सिसई प्रखंड अध्यक्ष बैबूल अंसारी ने किया।

### शिक्षा कर भेंट कार्यक्रम के तहत उपायुक्त ने किया कस्तूरबा गांधी विद्यालय सिसई का निरीक्षण

गुमला। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने शुक्रवार को प्रखण्ड मुख्यालय सिसई के अनुश्रवण के क्रम में शिक्षा कर भेंट कार्यक्रम के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सिसई एवं प्रखण्ड संसाधन केंद्र सिसई का निरीक्षण किया। बीआरसी भ्रमण के क्रम में उपायुक्त द्वारा बीईईओ एवं बीपीओ के कार्यों की जानकारी ली। उनके द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए कार्यरत रिसोर्स शिक्षकों को स्कूलों के साथ टैग कर उनसे बेहतर तरीके से कार्य लेने हेतु निदेशित किया गया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सिसई का भ्रमण कर उपायुक्त के द्वारा कक्षा 10 वी एवं 12 वीं के बच्चियों के साथ वर्ग कक्ष में विभिन्न विषयों की पढ़ाई के सम्बंध में शिक्षिकाओं से जानकारी ली गई । उपायुक्त द्वारा बच्चियों का करियर काउंसिलिंग करते हुए मेडिकल, इंजीनियरिंग, सेना आदि में भविष्य पर चर्चा की गई । उपायुक्त द्वारा आगामी बोर्ड परीक्षा को देखते हुए मॉडल प्रश्न पत्र तथा पिछले वर्षों के महत्वपूर्ण प्रश्नपत्रों के अभ्यास करने हेतु विद्यार्थियों को सलाह दिया गया । इसके अलावा उनके द्वारा विद्यालय में बेंच- डेस्क की कमी सहित विद्यालय में स्मार्ट क्लास, प्रोजेक्टर, आईसीटी अंतर्गत होने वाली समस्या का जिला से तत्काल निराकरण कराने का निदेश दिया गया। मौके पर एडीपीओ पीयूष कुमार, बीईईओ जोहनी टोप्पो, बीपीओ दिलदार सिंह, सुप्रिया कुमारी, कनीय अभियंता जुलकर नैन अंसारी, सहित वार्डन एवं अन्य शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

### डेंगु के रोकथाम को लेकर हुई बैठक

**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता की अध्यक्षता में शुक्रवार को लोहरदगा जिला में डेंगु एवं चिकुनगुनिया के प्रसार को रोकने व रोकथाम हेतु समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक आयोजित हुई। इस मौके पर उप विकास आयुक्त द्वारा सभी पदाधिकारियों को दोनों बीमारियों की पहचान व रोकथाम के लिए आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में जिला मलेरिया चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा लोहरदगा जिला में डेंगु व चिकुनगुनिया के प्रसार व रोकथाम के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला में डेंगु एवं चिकुनगुनिया के संभावित मरीजों की पहचान के लिए कुल 79 लोगों के सैंपल की जांच की गई थी जिसमें डेंगू के 03 और चिकुनगुनिया के 05 मरीज मिले। सभी उपचार की उपरांत ठीक हो चुके हैं। डेंगू व चिकुनगुनिया की जांच के लिए सैंपल की टेस्टिंग लगातार की जा रही है। एएनएम व सहिया के द्वारा घर-घर जाकर जलजमाव नहीं करने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही, प्रचार-प्रसार के विभिन्न माध्यमों यथा होर्डिंग, फ्लैक्स, माइकिंग के जरिये भी आम लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मरीज मिलने पर उसे दवाईयां दी जा रही हैं व उन्हें ठीक किया जा रहा है। अब तक कुल 4966 घरों में सर्वे किया जा चुका। 32 स्थानों पर डेंगू फैलाने वाले मच्छर के लार्वा पाये गये जिन्हें नष्ट किया गया।

### संतान की दीघार्यु और खुशहाली के लिए माताओ ने रखा जितिया व्रत



जितिया पूजा करते माताएं

**भंडरा ।** संतान की दीघार्यु और खुशहाली के लिए माताओ ने जितिया का व्रत रख कर शुक्रवार को पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की । जीवितपुत्रिका का व्रत मुख्य रूप से विवाहित स्त्रियों द्वारा रखा जाता है । जितिया, जिउतिया या ज्युतिया व्रत में माताएं पूरा दिन निर्जल रहकर अपने बच्चों की लंबी उम्र और उनकी खुशहाली के लिए प्रार्थना करती हैं। यह व्रत माता द्वारा संतान सुख और सलामती के लिए भी रखे जाने वाले व्रतों में से एक जीवितपुत्रिका का व्रत रखा जाता है. इसे जितिया, जिउतिया या ज्युतिया व्रत के नाम से भी जानते हैं. इस व्रत माताएं पूरा दिन निर्जल रहकर अपने बच्चों की लंबी उम्र और उनकी खुशहाली के लिए प्रार्थना करती हैं।

# लोहरदगा लोकसभा समन्वय समिति की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**खबर मंत्र संवाददाता**



बैठक में मौजूद कांग्रेसी

**लोहरदगा।** जिले में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी तैयारियों में जुट गई है। जिले के परिसदन में लोहरदगा लोकसभा समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमे वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव और पूर्व विधायक सुखदेव भगत सहित लोहरदगा, गुमला और रांची जिला के कांग्रेस प्रभारियों ने भाग लिया। इस बैठक में लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की गई । यह बैठक लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत की अध्यक्षता में की गई। इस बैठक में आने वाले आगामी चुनाव को लेकर चर्चा की गई साथ ही पूरे लोकसभा क्षेत्रों में कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने पर रणनीति बनाई गई। वही बैठक में कांग्रेस समन्वय समिति के प्रभारी सुखदेव भगत ने कहा कांग्रेस पार्टी की ओर से लोकसभा के सभी सीटों पर प्रभारी नियुक्त की गई है। रणनीति तैयार की जा रही है ।जहां पर हम मजबूत है वहा से हम चुनाव लडेंगे। आने वाला समय में ये तय किया जाएगा गठबंधन में कौन सी पार्टी कहा से लड़ेगी। आने वाला चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनेगी और मोदी सरकार को उखाड़ कर फेकने का काम किया जायेगा। वही वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी मजबूती से तैयारी में जुटी हुई है और किस तरह से लोकसभा चुनाव लड़े और जीते उसकी राजनीति बनाई जा रही है। मौके पर कई कांग्रेसी नेता मौजूद थे। संयोजक प्रदीप तुलस्यान ने कहा कि एआईसीसी के निदेर्शानुसार 10 अक्टूबर तक सभी जिला अध्यक्षो एवं प्रखंड अध्यक्षों की योग्यता और कार्य क्षमता की समीक्षा करके रिपोर्ट देना है।

# वन्य जीव संरक्षित तो मानव सुरक्षित : थंगीयन पांडियन

**खबर मंत्र संवाददाता**



पुरस्कृत करते अधिकारी

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में विश्व वन्यजीव संरक्षण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के इको क्लब द्वारा स्लोगन राइटिंग कंटेस्ट का आयोजन किया गया। सदन सह आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ लोहरदगा और गुमला के वन विभाग के अधिकारियों में गुमला प्रादेशिक अंचल वन संरक्षक थंगीयन पांडियन, लोहरदगा डीएफओ अरविंद कुमार, वन क्षेत्र पदाधिकारी अरुण कुमार एवं महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर गुमला के वन संरक्षक ने कहा कि वन्य जीवन के संरक्षण पर ही मानव जीवन सुरक्षित है क्योंकि जीवन चक्र में सभी एक दूसरे के लाभ हानि से जुड़े हुए हैं। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में महाविद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति संकल्पित होकर कार्य करना चाहिए और अधिक से अधिक प्रयास करना चाहिए कि वन्य जीवों के निवास वाले क्षेत्रों को कोई हानी नहीं पहुंचे। इसके पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य ने सभी पदाधिकारी और अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं विद्यालय की पत्रिका भेंट कर स्वागत किया। वन विभाग के पदाधिकारी ने स्लोगन राइटिंग कंटेस्ट के विजेताओं को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कॉन्टेस्ट में भारतवर्ष सदन के राजन साहू को सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार मिला। बिरसा मुंडा सदन से ज्योति प्रिया प्रथम स्थान पर रही और आकांक्षा पांडे द्वितीय स्थान पर रही। हिंदुस्तान सदन से प्रिया कुजूर प्रथम अंकित उरांव द्वितीय तथा संदीप उरांव तृतीय हुए।

तिलका मांझी सदन से किरण कुमारी प्रथम, अमन महली द्वितीय तथा पंकज उरांव तृतीय हुए। गणपत राय सदन से पलक कुमारी प्रथम, कशिश कुमारी द्वितीय, अमर उरांव तृतीय स्थान पर रहे।

स्पीड न्यूज

## संकल्प शपथ सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन



मरकच्चो (कोडरमा)। आकांक्षी प्रखंड मरकच्चो अंतर्गत पंचायत नावाडीह 1 के पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को मुखिया वैजन्ती देवी की अध्यक्षता में पंचायत के किसानों के साथ संकल्प शपथ सप्ताह कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं किसानों को कृषि से संबंधित सरकार से सहयोग संबंधित जैसे केसीसी एवं प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना को प्राप्त करने के लिए केवाईसी, कृषि में प्रयोग किए जाने वाले रसायनों के बुरा प्रभाव के बारे में, स्वच्छता के बारे में, स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया। वहीं किसानों को मुखिया एवं किसान मित्र कालेश्वर यादव, रोजगार सेवक लखपति दास के द्वारा लेमनग्रास और ड्रैगन फ्रूट का पौधा वितरण किया गया। मौके पर उमेश प्रसाद कुशवाहा, विजय राणा, हरिहर साहू, मुकेश वर्मा, शैलेंद्र साव, सचिन वर्मा, विजय राणा, राजकुमार यादव अजय साव, विजय साव, मेघलाल वर्मा, अनुपम हलधर, कृपा साव, सुनील वर्मा, अजय साव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## बारिश में हुई क्षति से पीड़ितों को शिविर लगा कर दिया जाये मुआवजा : सईद



कोडरमा। कांग्रेस नेता सईद नसीम ने बारिश के मौसम में छति हुई भवन किसानों की फसल व अन्य आर्थिक क्षति की राहत आपदा प्रबंधन के तहत करने की मांग कोडरमा उपायुक्त को ट्वीट कर करते हुए कहा कि भारी बारिश और खराब मौसम से होने वाली दुर्घटना का कोई समय या स्थान पूर्वनियोजित नहीं होता है। जिला में इन दिनों बारिश के कारण विभिन्न गांवों में कई मकान ध्वस्त होने के साथ एक व्यक्ति की मकान ढहने से मौत भी हुई है, लोगों की आर्थिक क्षति भी हुई है, लोग बेघर होने से दूसरे के घरों में सर छुपाने को मजबूर हैं, किसानों की फसल भी खराब हुई है, लगतार रुक रुक की हुई बारिश से किसान भी बहुत संकट में है। इस संबंध में कांग्रेस नेता ने कहा है कि आपदा से पीड़ित लोगों को शिविर लगा कर मुवावजा दिया जाना चाहिए, ताकि उन्हें सरकारी राहत के लिए परेशान न होना पड़े।

## बिजली विभाग ने चलाया जांच अभियान

मरकच्चो (कोडरमा)। नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत बच्छेडीह पंचायत के ग्राम कुसमाय में सहायक विद्युत अभियंता के दिशा निर्देश पर शुक्रवार को बिजली विभाग के द्वारा सघन बिजली जांच अभियान चलाया गया। जिसमें लगभग 11 उपभोक्ताओं का बिजली बिल नही जमा करने पर बिजली कटौती किया गया। जिसमे सुरेंद्र राणा, मोव ईसलाम, मोव मुस्ताफा, बासुदेव राणा, मोव जाब्बीर, कुडुस मियां, मोव अजीज, टुकलाल मेहता, चंद्रिका सिंह, रीना देवी, सहदेव राम का नाम शामिल है। इसके अलावा दो लाख 35 हजार 100 रूपए का दंड भी लगाया गया है।

## कोडरमा मंडल कारा का किया गया निरीक्षण, सिम कार्ड बरामद





कोडरमा। मंडल कारा में शुक्रवार को भारी संख्या में पुलिस बल के साथ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी, उपायुक्त मेघा भारद्वाज, एसपी अनुदीप सिंह समेत अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी ने मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया। करीब एक घंटे तक प्रशासनिक टीम के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने मंडल कारा के विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने बताया कि मंडल कारा में क्या-क्या कमियां हैं, इसको लेकर विभाग को एक रिपोर्ट भेजना है, जिसको लेकर पहले भी निरीक्षण किया गया था। आज के निरीक्षण के दौरान मंडल कारा के भीतर सिम कार्ड बरामद किया गया है, जिसके संबंध में पुलिस जांच कर आगे की कार्रवाई करेगी। मौके पर एसडीओ संदीप कुमार मीणा, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, पुलिस निरीक्षक द्वारिका राम, रामनारायण ठाकुर, सुजीत कुमार, पणन सचिव अभिषेक आनंद, नगर प्रशासक शशि शेखर सुमन समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे।

## थाना प्रभारी को दी गई विदाई

धुरकी। प्रखंड के कर्पूरी चौपाल में शुक्रवार को एक समारोह का आयोजन कर धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार को विदाई दी गई। इस दौरान लोगों ने उन्हें अंगवस्त्र एवं गुलदस्ते देकर सम्मानित किया। मौके पर थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने कहा कि मेरे दो वर्षों के कार्यकाल में मुझे एहसास ही नहीं हुआ कि मैं थाना प्रभारी हूं, क्योंकि लोगों से इतना झुकाव हो गया था। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि सरकारी सेवाओं में ट्रांसफर पोस्टिंग का सिलसिला लगा रहता है।

## कृषि मेला का आयोजन

मझिआंव। नीति आयोग के द्वारा गढ़वा जिले के मझिआंव प्रखंड को आकांक्षी प्रखंड के रूप में चयनित किया किया गया है। केंद्र सरकार के निर्देशानुसार सभी आकांक्षी प्रखंडों में तीन से नौ अक्टूबर तक संकल्प सप्ताह आयोजित किया जा रहा है।

### चार करोड़ की लागत से होगा दो पुल का निर्माण, मिली प्रशासनिक स्वीकृति

# विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है गढ़वा : मंत्री मिथिलेश

खबर मन्त्र संवाददाता



मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर

गढ़वा। गढ़वा में लगभग 4 करोड़ रुपए की लागत से दो पुल का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत झारखंड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग ने इस के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है। जिले के सदर प्रखंड गढ़वा एवं रंका प्रखंड में इन पुलों का निर्माण किया जाएगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि गढ़वा सदर प्रखंड के ग्राम चिरौंजिया में सरस्वती नदी पर क्षतिग्रस्त पुल का नवनिर्माण किया जाएगा। इसका निर्माण दो करोड़, 15 लाख, 88 हजार, 900 रुपए की लागत से किया जाएगा। जबकि रंका प्रखंड के चुटिया पंचायत में स्थित पुराना पानी टोला में कोरवा धियार नाला पर एक करोड़, 83 लाख, 72 हजार, एक सौ रुपए की लागत से नया पुल का निर्माण कराया जाएगा। मंत्री ने बताया कि चिरौंजिया में पुल काफी क्षतिग्रस्त हो गया था। इस कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही थी। जबकि रंका के चुटिया में उक्त नाला पर पुल की अति आवश्यक थी। इन दोनों पुलों का निर्माण जनहित में प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है।

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रतिदिन गढ़वा के लिए कोई न कोई नई विकास योजना की स्वीकृति मिल रही है। साथ ही काफी तेजी से काम भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि जब से गढ़वा की जनता ने उन्हें अपना सेवक चुना है, तब से वे लगातार एक ही मिशन में लगे हुए हैं कि कैसे अधिक से अधिक गढ़वा का विकास हो सके। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने से पूर्व ही क्षेत्र भ्रमण के दौरान पूरे गढ़वा की स्थिति की तस्वीर उनके जेहन में बैठ गई है। वे गढ़वा को दुर्दशा भरी स्थिति से बाहर निकालने के लिए दिन-रात ईमानदारी पूर्वक प्रयासरत हैं। यही कारण है कि मात्र चार वर्षों के अंदर पूरी तरह से गढ़वा की तस्वीर बदल गई है। आने वाले समय में गढ़वा दुर्दशा की दंश झेलता हुआ नजर नहीं आएगा। बल्कि बिल्कुल नया एवं विकसित गढ़वा सबके सामने होगा। पहले बाहर के लोग यहां की स्थिति के कारण गढ़वा आना नहीं चाहते थे।

परंतु अब लोग यहां की बेहतरी देखने के लिए गढ़वा आएंगे। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में सड़कों की काफी बेहतर कनेक्टिविटी हो गई है। जिससे अब यहां की सुदूर क्षेत्रों में स्थित पर्यटन स्थलों का भी विकास होगा और बाहरी पर्यटकों की संख्या भी बढ़ेगी। बहुत जल्दी गढ़वा विकास के शिखर पर खड़ा होगा।

एक नजर में

## जय मां शेरावाली संघ के पंडाल में दिखेगा उड़ीसा के दुर्गा मंदिर का प्रारूप



उड़ीसा के दुर्गा मंदिर का प्रारुप

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। शहर के टंडवा स्थित भगलपुर में जय मां शेरावाली संघ के तत्वावधान में दुर्गा पूजा को लेकर भव्य व आकर्षक पूजा पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। जो श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र होगा। जय मां शेरावाली संघ के द्वारा सातवें दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। पूजा समिति के संयोजक दौलत सोनी ने बताया कि इस बार उड़ीसा के दुर्गा मंदिर के प्रारुप में पंडाल तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पंडाल निर्माण में साढ़े चार लाख रुपए खर्च होने का अनुमान है। पंडाल व मां दुर्गा की प्रतिमा बनाने का कार्य कोलकाता के ही कलाकारों के द्वारा संपन्न कराया जा रहा है। पूजा समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि सातवे दुर्गा पूजा महोत्सव के आयोजन में लोगों का सहयोग मिल रहा है। उन्होंने बताया कि कम समय में जय मां शेरावाली संघ में भव्य व आकर्षक पूजा पंडाल बनाते आये हैं। जिसके कारण नवमी व दशमी को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के काफी संख्या में श्रद्धालु पंडाल को देखने आते है। उन्होंने कहा कि पंडाल निर्माण कार्य पूरा करने में लगभग 15 दिन और लगेगा। उन्होंने कहा कि पंडाल की ऊंचाई 70 व चौड़ाई 30 फिट रहेगा। जबकि मूर्ति की ऊंचाई 15 फीट रहेगा। उन्होंने कहा कि दो लाख रुपए की लागत से मां दुर्गा की प्रतिमा तैयार कराया जा रहा हैं। पूजा के कार्यक्रम में करीब सात लाख रुपये की लागत आएगी। पूजा पंडाल में सबसे खास बात ये रहेगी की अंदर का पंडाल काफी फूल-मालाओं से सजाया जाएगा और जबकि समिति के सदस्यों के द्वारा स्वच्छता अभियान की विशेष ख्याल रखा जाएगा।

जय मां शेरावाली संघ के मीडिया प्रभारी सुमित कश्यप ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य पूजा का आयोजन किया जाएगा। मौके पर उपाध्यक्ष चंदन गुप्ता, चन्दन पासवान, धर्मेंद्र कुमार (मुन्ना), महिपाल कुमार, विशाल गुप्ता, राहुल कुशवाहा, दीपक गुप्ता, आनंद कुमार, रोहित साव, सकेन्द्र कुमार, आकाश कुमार, सोनू गुप्ता, संत कुमार (गुरुजी), दिनेश गुप्ता, मुकेश कुशवाहा, उमेश कश्यप, संजय चौधरी, गौरीशंकर गौड़, संजय साव, राजेन्द्र गुप्ता, भरत पासवान, संजय पासवान, विनय गुप्ता, विजय साव, संतोष कुमार, मोतीचंद साव, राजकुमार साव, शिवपूजन गुरुजी, सतेंद्र गुरूजी, शिवशंकर गुप्ता, प्रहलाद विश्वकर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा, सुरेंद्र गुप्ता, गणेश गुप्ता, रामनाथ पासवान, अशोक सोनी, शिवशंकर गुप्ता, शुभम सोनी, सत्यम गुप्ता, शुभम गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, प्रिंस कुमार, उज्वल गुप्ता, नितेश विश्वकर्मा, पंकज कुमार, अविनाश कुमार, रोहित कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

# अन्नपूर्णा देवी की पहल पर कोडरमा व हजारीबाग में खुलेंगे नर्सिंग कॉलेज

### प्रधानमंत्री व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री के प्रति अन्नपूर्णा देवी ने किया आभार प्रकट

खबर मन्त्र संवाददाता



कोडरमा। केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री एवं कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी की पहल व इनके सतत प्रयास से कोडरमा व हजारीबाग में एक एक नर्सिंग कॉलेज की स्थापना होगी। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने पत्र लिखकर अन्नपूर्णा देवी को यह सूचना दी है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने सूचित किया है कि स्वास्थ्य मंत्रालय ने केन्द्रीय प्रायोजित योजना नर्सिंग शिक्षा का विस्तार मेडिकल कॉलेजों में ही नए नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना के तहत कोडरमा और हजारीबाग जिलों में नए नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना के प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया है।

इस योजना के तहत देश के 157 जिलों में नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना होनी है। अन्नपूर्णा देवी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा है कि कोडरमा और हजारीबाग में मेडिकल कॉलेज के साथ नर्सिंग कॉलेज स्थापित होने से यहां चिकित्सा, शिक्षा के साथ साथ आम लोगों की चिकित्सा सेवा की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। उन्होंने कहा कि नर्सिंग कॉलेज की स्थापना से कोडरमा और हजारीबाग के उन युवक युवतियों को एक बेहतर अवसर उपलब्ध होगा, जो पीड़ित मानवता की सेवा को अपना करियर बनाने की इच्छा रखते हैं।

## गौ माता की सेवा से कष्टों का होगा नाश, जीवन बनेगा आनंदमय : आचार्य अनिरुद्ध

कोडरमा। झुमरीतिलैया स्थित श्री कोडरमा गौशाला प्रांगण में 2 से 8 अक्टूबर तक आयोजित साप्ताहिक श्रीमद् भागवत मूल पाठ के पांचवें दिन शुक्रवार को वृंदावन के आचार्य पंडित अनिरुद्ध शर्मा जी एवं आचार्य पंडित भरत शर्मा जी ने श्रीमद् भागवत के दशम स्कन्ध के 51 अध्याय का पाठ किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि इस स्कन्ध में भगवान श्री कृष्णा के जन्म एवं बाल लीलाओं का वर्णन है। उन्होंने कहा कि भगवान का न जन्म होता है और न मृत्यु होती है। भगवान का केवल प्राकट्य होता है। भगवान श्री कृष्ण की सारी लीलाएं केवल अपने भक्तों के लिए थी। भगवान श्री कृष्ण का बाल्य जीवन गौ सेवा में बिता इसलिए उनका नाम गोपाल पड़ा। आचार्य अनिरुद्ध जी ने बताया कि कथा के छठे दिन शनिवार को कोलकाता से प्रवचनकर्ता आचार्य पंडित पतंजलि शर्मा श्री कोडरमा गौशाला प्रांगण पहुंचेंगे। गौशाला में दोपहर 3 बजे से शाम के 6 बजे तक उनके द्वारा गौ माता की महिमा पर प्रवचन दिया जाएगा।

## महिलाओं ने पुत्र के आरोग्य, सर्व कल्याण के लिए किया जितिया पर्व

मरकच्चो (कोडरमा)। संतान की लंबी उम्र की कामना का त्योहार जीवितपुत्रिका व्रत जितिया का उपवास शुक्रवार को शुरू हुआ। मरकच्चो प्रखंड के मरकच्चो, जामु, दशारो, नावाडीह, मुरकमनाय, पपलो, खेशमी समेत विभिन्न ग्रामीण इलाकों की महिलाओं ने पुत्र के आरोग्य, सर्व कल्याण के लिए उपवास रखा। तीन दिवसीय यह व्रत गुरुवार को नहाए खाए के साथ शुरू हुआ। शुक्रवार को उपवास का दिन रहा तथा शनिवार को पारन के साथ व्रत की समाप्ति हुई। हलांकि जितिया पर्व इस वर्ष दो दिन मनाया जायेगा। इस पर्व को लेकर प्रखंड के बंधन चौक एवं सब्जी बाजारों में खरीदारी के लिए भीड़ लगी रही। वहीं सार्वजनिक दुर्गा मंदिर मरकच्चो के पुजारी अचार्य अधीन पांडे ने बताया कि व्रत के आखिरी दिन पारण किया जाता है। इस बार शनिवार की शुबह 10:32 के बाद पारण का शुभ मुहूर्त है।

# ढिबरा लदा तीन वाहन जब्त, तीन युवक गिरफ्तार

### एसपी ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता




कोडरमा। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर विशेष छापेमारी दल के द्वारा कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत चन्द्रोडीह के समीप ढिबरा लदा तीन वाहन को जब्त किया गया। मामले को लेकर एसपी कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि शुक्रवार की अहले सुबह 3:45 बजे गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की गई। जिसमें 24 वर्षीय जितेंद्र कुमार यादव पिता स्व. भोला यादव एवं 24 वर्षीय महेश यादव उर्फ गोलू पिता स्व. राधे यादव, बदडीहा निवासी एवं 40 वर्षीय मनोज भुईयां पिता कामेश्वर भुईयां लोकाई निवासी को गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने ढिबरा लोड बिना नंबर का 709 हाफ डाला वाहन, ढिबरा लोड बिना नंबर का 909 हाफ डाला दो वाहन एवं एक अपाची मोटरसाइकिल जब्त किया है। एसपी ने बताया कि इस मामले में संलिप्त अन्य लोगों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। मामले को लेकर कोडरमा थाना में कांड सं. 180/2023 धारा-370/413/414/34 भाद्वि. एवं 26(1)(9)(41), (42), भारतीय वन अधिनियम एवं वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है। मौके पर थाना प्रभारी द्वारिका राम व एसआई कुंदन कुमार मौजूद थे।

## भाजपा कार्यालय में प्रखंड इकाई की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्लॉक चौक पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को प्रखंड इकाई की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विजय यादव ने की। बैठक में प्रखंड अंतर्गत सभी बूथों की समीक्षा की गई, साथ ही बूथ सशक्ति पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में प्रभारी के रूप में भाजपा के वरीय नेता रमेश सिंह उपस्थित थे। वहीं 2024 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार लाने के लिए अभी से कमर कसने की बात कही गई। मौके पर रामलाल यादव, शंभू सिंह, प्रयाग महतो, रवींद्र पांडे, अनुश्वर सिंह, पवन सिंह, लखन पासवान, नंदकिशोर भारती, त्रिपुरारी रजक, सोनू पांडे, अर्जुन यादव समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रेस की आजादी पर हमला

### पत्रकारों, राजनेताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ झंडा चौक पर प्रतिवाद मार्च




कोडरमा। प्रेस की आजादी पर हमला और सिनियर जर्नलिस्ट व राजनेताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ झुमरीतिलैया झंडा चौक पर शुक्रवार को सीटू झारखंड राज्य किसान सभा, दलित शोषण मुक्ति मंच, ऑल इंडिया पीपुल्स साइंस नेटवर्क, ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड व आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रतिरोध मार्च निकाला और अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला बंद करो, न्यूज क्लिक पर किए गए मुकदमा वापस लो, गिरफ्तार पत्रकारों, राजनेताओं को रिहा करो, यूएपीए के तहत मुकदमा वापस लो, विपक्षी नेताओं पर सरकारी हमला बंद करो, तानाशाही मोदी सरकार मुर्दाबाद आदि केन्द्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं रमेश प्रजापति की अध्यक्षता में हुई नुक्कड़ सभा में वक्ताओं ने कहा कि जब देश में आम जनता कमरतोड़ महंगाई और बेरोजगारी से जुझ रही है। वैसे समय में लोगों को इन बुनियादी मुद्दे से ध्यान हटाने के लिए सच दिखाने वाले न्यूज क्लिक से जुड़े अनेक पत्रकारों, लेखकों, कार्टूनिस्ट व वैज्ञानिक के घरों पर दिल्ली पुलिस की छापेमारी भारतीय लोकतंत्र को परेशान करने वाली खबर है। देश के जाने-माने सिनियर जर्नलिस्ट उर्मिलेश, अभिषार शर्मा, भाषा सिहं, सोहेल हाशमि और इरफान जैसे लेखक पत्रकार अपनी कलम और आवाज से सरकार से हमेशा सवाल करते रहते हैं। ऐसे में उनके घरों पर छापा और लैपटॉप, मोबाइल फोन जब्त किया जाना और उन पर आतंकवाद से संबंधित यूएपीए के तहत मुकदमा दर्ज करना तथा न्यूज क्लिक के प्रमोटर प्रवीर पुरकायस्थ और अनिंद्य चक्रवर्ती की गिरफ्तारी चिंता पैदा करने वाली है। वहीं दूसरी तरफ केन्द्र सरकार के द्वारा अपनी एजेंसियों के माध्यम से विपक्षी नेताओं को डराने के लिए समन, घरों में छापेमारी, गिरफ्तारी जिसमें हाल ही में आम आदमी पार्टी के प्रखर नेता, मोदी सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ हमेशा अपनी आवाज को बुलंद करने वाले राजसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी ने इंदिरा गांधी शासनकाल की आपातकाल को याद दिला दिया है। दूनिया के 180 देशों की प्रेस फ्रीडम की सूची में भारत 161 वां स्थान पर है, जो लगातार नीचे गिर रहा है, जो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए शर्म की बात है। आज हम कह सकते हैं कि मोदी सरकार की नीतियों की आलोचना करने वाले विपक्षी दलों के नेताओं, मिडिया कर्मियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के उपर जिस प्रकार से हमले किए जा रहे हैं, निरूसंदेह देश में अघोषित आपातकाल लागू हो गया है। अब समय आ गया है कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए देश की जनता, प्रगतिशील सामाजिक व सच के साथ चलने वाले मिडिया कर्मियों को एकजुट होकर इस जनविरोधी तानाशाही सरकार पर हमला बोलें और आगामी आम चुनाव में फांसीवादी मोदी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंके। मौके पर असीम सरकार, संजय पासवान, रमेश प्रजापति, प्रेम प्रकाश, दिनेश रविदास, रामरतन अवध्या, दामोदर यादव, तुलसी राणा, नागेश्वर दास, सुरेन्द्र राम, बाबुलाल साव, मुकेश साव, रविन्द्र भारती, मनोज बर्णवाल, राजु कुमार आदि मौजूद थे।

# कस्तूरबा में छात्रा की मौत के बाद पदाधिकारियों ने की जांच

खबर मन्त्र संवाददाता



पूछताछ करते एसडीओ व अन्य

कांडी। प्रखण्ड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में गुरुवार को हुई नौवीं कक्षा की छात्रा किरण कुमारी की मौत एवं तीन छात्राओं की बीमारी का मामला प्रकाश में आने पर शुक्रवार को उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देशानुसार गढ़वा एसडीओ राज महेश्वरम एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी आकाश कुमार ने उक्त विद्यालय में पहुंचकर मामला संबंधित एवं विद्यालय का जांच किया। किरण की मौत की गहनता से जांच करने के बाद एसडीओ ने विद्यालय परिक्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान किचन से पीछे लगे गंदगी के अंबार को देख एसडीओ भड़क गये। इसके साथ-साथ जल मीनार, किचेन, खाद्य स्टोर, आवासीय रूम का भी निरीक्षण किया। एसडीओ ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के गार्ड दिनेश कुमार को काफी फटकार लगायी। एसडीओ के निर्देश पर शिक्षा विभाग के पदाधिकारी ने खाद्य पदार्थ का सैंपल लिया। छात्राओं ने बताया कि विद्यालय परिक्षेत्र का आज ही सफाई किया गया है। यहां तक की खाद्य सामग्री में पुराना स्टक नहीं पाया गया, सभी खाद्य सामग्री शुक्रवार को ही विद्यालय में लाया गया था। एसडीओ ने छात्राओं से पठन पाठन, भोजन सहित रहन-सहन के बारे में भी पूछताछ किया। जिला शिक्षा पदाकिारी ने छात्राओं से कहा कि डरने की बात नहीं है आप सब शिक्षा पर यान दें। अगर किसी प्रकार की कोई कमी या लापरवाही पाई जाती है तो तुरंत हमें और अन्य पदाकिारियों को फोन कर जानकारी दें। एसडीओ ने बताया कि बच्ची की मौत संबंिात वार्डन, गार्ड व विद्यालय में अयनरत छात्राओं का बयान दर्ज किया गया है। जिसे वरीय पदाकिारी को रिपोर्ट दिया जाएगा। आरोप परिलक्षित होने पर आरोपी के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कहा कि सप्ताह में एक दिन छात्राओं के स्वास्थ्य जांच के लिए स्वास्थ्य कर्मी की टीम नियुक्त की जाएगी। उक्त विद्यालय में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि कस्तूरबा विद्यालय की कई कमियों को पारदर्शिता से देखा गया। उसे जल्द ही दूर किया जाएगा। इससे पूर्व चिकित्सा पदाकिारी ड गोविंद सेठ के नेतृत्व में ड वीर प्रताप सहित छह सदस्यीय टीम पहुंचकर 30 छात्राओं का स्वास्थ्य जांच कर दवा दी। टीम में एलटी राजू कुमार, ओटी संतोष कुमार, एनएम मंजू कुमारी, विवेक कुमार दुबे, मिथलेश कुमार का नाम शामिल है। वहीं छात्रा की मौत के मामले में कांडी थाना एसआई सुाीर कुमार दास, जिला पार्षद सुषमा कुमारी, कांडी मुखिया विजय राम, बीडीसी ममता देवी व जिला पार्षद प्रतिनिाि दिनेश कुमार ने भी उक्त विद्यालय में पहुंचकर छात्राओं से जानकारी हासिल की। मौके पर बीडीओ मनोज कुमार तिवारी, ललित प्रसाद सिंह, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाकिारी विद्यासागर मेहता, बीपीओ बीरेंद्र प्रसाद, मझिआंव बीपीओ विभा रानी कुजूर, रमना बीपीओ सुनीता कुजूर, सीआई जगरनाथ मांझी, प्रमुख सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकु पांडेय, मुखिया संघ अयक्ष सह पतीला पंचायत के युवा मुखिया अमित कुमार दुबे, पूर्व मुखिया विनोद प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे। वहीं कस्तूरबा गांाी बालिका आवासीय विद्यालय कार्यालय में पूछताछ के दौरान एसडीओ द्वारा प्रखंड के जनप्रतिनिायिों एवं मीडिया कर्मियों को बाहर रखा गया। यहां तक कि प्रमुख संघ प्रदेश अयक्ष सह प्रखंड प्रमुख सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय को भी बाहर रखा गया।

## स्पीड न्यूज

### सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की कमिटी गठित


बैठक में उपस्थित लोग।

**चंदवा।** सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति ( दुबे जी के गोला) चंदवा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जे एन उपाध्याय ने की। बैठक में पूर्व की कमिटी को यथावत रखा गया। बैठक में कोषाध्यक्ष अजय बैध के द्वारा सबसे पहले पूर्व वर्ष 2022 का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। उसके बाद सभी सदस्यों ने पूजा को कैसे भव्य रूप में मनाया जाए इस पर विचार विमर्श किया। पूजा को लेकर पंडाल निर्माण, साज सज्जा, विद्युत व्यवस्था, प्रसाद व्यवस्था व कोष संग्रह आदि बातों की चर्चा की गई। आगामी बैठक 8 अक्टूबर को रखी गयी है जिसमे पूजा कमिटी के सारे सदस्यों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। बैठक में पूजा समिति के अध्यक्ष संजय कुमार दुबे, सुरेंद्र बैध, डॉ जयंत पाठक, प्रयाग पाठक, राजू सिंह, प्रभाकर मिश्रा, संजीव आजाद, राजेन्द्र यादव, बबलू दुबे, बबलू गिरी, अभिषेक दुबे, पवन बैध, धर्मेंद्र भारती समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।

### घर में तोड़फोड़ करने के खिलाफ युवक ने थाने में दिया आवेदन

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के ग्राम जेर के


तोड़ा गया टीवी व अन्य सामान।

निवासी डेबूल उरांव ने तीन लोगों के खिलाफ घर में घुसकर तोड़-फोड़ एवं फायरिंग कर जान से मारने की धमकी दिया गया। डेबलू उरांव ने बताया कि पांच अक्टुबर को रात्री करीब आठ बजे मेरे घर में कई लोगों के द्वारा कहने पर तीन लोग के द्वारा घर का ताला तोड़कर घर में रखे सभी सामान साईकल, कुर्सी, टीवी, चौकी, खांटी एवं अन्य सामान को तोड़ते हुए गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए फायरिंग किया गया है। इन्होंने थाना में दिये आवेदन में बताया कि तीन महिना पहले मुकुल उरांव एवं उनके परिवार के द्वारा डेबलू उरांव के उपर जानलेवा हमला कर दिया जिससे डेबलू उरांव का पैर टूट गया था। मुकुल उरांव के द्वारा लगातार धमकी दिया जा रहा था। जिसके चलते डेबलू उरांव अपना घर छोड़कर ससुराल में रहने लगा था। जब गांव के लोगों के द्वारा बताया गया कि तेरा घर में ताला तोड़ कर सभी सामान को तहस नहस कर दिया गया है। जिसके बाद हम थाना पहुंचे और घटना की जानकारी दी।

### चकला में हुई मारपीट के मामले को ले दोनों पक्षों ने दर्ज करायी प्राथमिकी

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के चकला पंचायत में विगत दिनों एक गुट के लोगों के द्वारा दो युवकों के साथ की गई मारपीट की घटना को लेकर दोनों पक्षों के द्वारा चंदवा थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिक दर्ज करायी है। एक पक्ष की ओर से उमेश उरांव पिता निर्मल उरांव के द्वारा दिये गए आवेदन के आधार पर चंदवा थाना में कांड संख्या 196/23 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया, जबकि दूसरे पक्ष की ओर से सरफरोश आलम पिता शमसुद्दीन मियां के द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर चंदवा थाना कांड संख्या 197/23 में मामला दर्ज किया गया है। इधर चंदवा पुलिस मामला दर्ज करने के साथ अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो ने कहा कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर अग्रतर कार्रवाई की जाएगी। बता दे कि चकला पंचायत में विगत 3 अक्टूबर को वन अधिकार समिति गठन को लेकर ग्राम सभा आहूत थी, इसी दौरान दो पक्षों के बीच नोंकझोंक व विवाद शुरू हो गया था।

### जितिया पर्व पर बाजारों में दिखी रौनक


खरीदारी करते लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में जितिया पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव शेरेगड़ा, मासियातु, झाबर, आरा-चमातु, गनेशपुर, मुरपा, मारंगलोया, बालू, सीरम सहित कई गांवों में पूजा सामग्री, सब्जी, फल समेत कई समानों की खरीदारी को लेकर भारी भीड़ देखने को मिली। अपने पुत्र के लंबी आयु के लिए महिलाओं द्वारा किया जाने वाला यह जितिया पर्व बीते गुरुवार को महिलाओं ने नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। वहीं शुक्रवार को निर्जला उपवास रखा और शनिवार को पारण करेंगी। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में जितिया पर्व के अवसर पर लगे बाजार में सब्जी की दामों में भारी उछाल देखा गया। जिसमें सतपुतिया झिंगी सबसे अधिक 200 प्रति किलो के दाम पर बिका। वहीं कांदा 80, भिंडी 60, खीरा 60, कोहड़ा 60, केला 60, पोइ साग 60, टमाटर 40 रुपये प्रति किलो तक बिका। सब्जी के दामों के उछाल पर लोगों ने बताया कि हर वर्ष इसी तरह पर्व के अवसर पर सब्जी के दामों में उछाल देखने को मिलता है।

## डीएमएफटी की राशि का खर्च खनन से प्रभावित पंचायत क्षेत्रों में किया जाना है : उपायुक्त

# जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट न्यास परिषद की बैठक संपन्न

**▶▶ विधायक बैद्यनाथ राम, रामचंद्र सिंह, डीसी हिमांशु मोहन, एसपी अंजनी अंजन रहे उपस्थित**

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व अन्य।

**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में विधायक लातेहार बैद्यनाथ राम, विधायक मनिका रामचंद्र सिंह की उपस्थिति में उपायुक्त सह अध्यक्ष डीएमएफटी हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) न्यास परिषद की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान न्यास परिषद के सदस्यों के समक्ष बैठक का एजेंडा क्रमवार प्रस्तुत किया गया। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी डीएमएफटी जितेन्द्र कुमार गुप्ता ने न्यास परिषद से अनुमोदन हेतु विभिन्न योजनाओं के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में डीएमएफटी मद में उपलब्ध राशि को खनन से प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए व्यय किया जाना है। आगे उन्होने जानकारी देते हुए बताया कि उच्च प्राथमिकताओं में प्रखंड के सभी चिन्हित विद्यालय में विद्युत आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए सोलर की व्यवस्था, विद्यालयों में वज्रपात से बचाव के लिए तड़ित चालक का अधिष्ठापन, वॉटर प्यूरिफायर, सीसीटीवी, लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब, ऑडिटोरियम का निर्माण एवं अधिष्ठापन, विद्यालय में शिक्षकों की भर्ती, भवन मरम्मती, चहारदीवारी, सैनिटरी पैड डिस्पेंसर, एवं भस्मक लगाने के लिए, एवं खेल मैदान का निर्माण, हाथी प्रभावित क्षेत्रो में आपातकालीन आश्रय गृह, प्लास्टिक रीसाइक्लिंग यूनिट, स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की मरम्मती, चहारदीवारी, ट्रॉमा सेंटर निर्माण, इलेक्ट्रिक गार्बेज वाहन, इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन, निर्माण इत्यादि प्रस्तावित है।

डीएमएफटी की राशि का खर्च खनन से प्रभावित पंचायत क्षेत्रों में किया जाना है: उपायुक्त

बैठक के दौरान विभिन्न योजनाएं जो डीएमएफटी के प्रबंधकीय समिति से अनुमोदित हैं उन पर न्यास परिषद से अनुमोदन हेतु योजनाओं पर विधायक गण, उपायुक्त एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा चर्चा के क्रम में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उपायुक्त ने कहा कि डीएमएफटी की राशि का खर्च खनन से प्रभावित पंचायत क्षेत्रों (प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हो रहा है) में किया जाना है। इसके लिए ग्राम सभा के माध्यम से योजनाओं का चयन किया जाता है। चयन के समय उच्च एवं निम्न प्राथमिकताओं का ध्यान रखना है।

डीएमएफटी के अंतर्गत ली गई योजनाएं, डीएमएफटी अंतर्गत ली जाने वाली नई योजनाओं के अनुमोदन आदि पर किया गया चर्चा

उपायुक्त ने उच्च प्राथमिकताओं में स्वास्थ्य, शिक्षा, वृद्ध-दिव्यांग, कौशल विकास, स्वच्छता आदि से संबंधित योजनाओं एवं निम्न प्राथमिकता में आधारभूत संरचना, सड़क, पुल/पुलिया, सिंचाई आदि से संबंधित योजनाओं को लेने की बात कही। बैठक के दौरान डीएमएफटी से पूर्व में स्वीकृत योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति, डीएमएफटी के अंतर्गत ली गई योजनाएं, डीएमएफटी अंतर्गत ली जाने वाली नई योजनाओं के अनुमोदन आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में स्वास्थ्य केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की मरम्मती, चहारदीवारी, रोड निर्माण, ट्रॉमा सेंटर निर्माण, आंगनबाड़ी मरम्मती और निर्माण, स्कूल के चहारदीवारी निर्माण, लाइब्रेरी निर्माण, कौशल विकास, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की चहारदीवारी आदि से संबंधित प्राप्त प्रस्तावों को सर्व सहमति से अनुमोदित किया गया। इस दौरान विधायक लातेहार बैद्यनाथ राम एवं विधायक मनिका रामचंद्र सिंह ने बैठक में कहा कि डीएमएफटी की राशि से क्रियान्वित की जा रही वैसी योजनाएं जो पूर्ण कर ली गई है। उनका जाँच के उपरांत भुगतान किया जाये। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, सांसद चतरा के प्रतिनिधि विनीत मधुकर, जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार, जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं खनन प्रभावित प्रखंडो के प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया उपस्थित थे।

## नवरात्र 15 अक्टूबर से, पंडाल बनाने और मां की प्रतिमा स्थापित करने की चल रही है तैयारी

**लातेहार।** आगामी दुर्गा पूजा को लेकर तैयारी जोर-शोर से शुरू हो गई है। 15 अक्टूबर से शुरू होने वाले शारदीय नवरात्र को अब कुछ ही दिन शेष रह गए है। मुख्यालय से लेकर गांव तक पूरे प्रखंड में विभिन्न पूजा समितियों द्वारा पूजा पंडाल निर्माण की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके लिए बाहर से आए कारीगर बांस त्रिपाल से पंडाल वह मुख्य द्वार को आकर्षक लुक देने में लग गए हैं। इस बार 15 अक्टूबर को कलश स्थापना व पहली पूजा के साथ दुर्गा पूजा शुरू हो रही है। जिसको लेकर प्रखंड के अंबाकोठी, काली मंदिर, वैष्णो मंदिर, नवरंग चौक, पाण्डेयपुर सहित आदि जगहों पर मां दुर्गा की मूर्तियों को मूर्त रूप देने के लिए इन दिनों बाहर से आए मूर्तिकार दिन रात काम में जुटे हुए हैं। इस पर्व पर प्रखंड में जगह-जगह भक्त पंडाल सजाते हुए मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर मेला का आयोजन करते हैं। इसको लेकर यहां के लोगों में काफी उत्साह है। 9 दिनों तक अलग-अलग रूप में मां का पूजन किया जाता है। मूर्तिकार ने बताया कि प्रतिमा बनाने में पिछले करीब 15 वर्षों से इस काम में लगे हुए हैं। कलाकार अपने सहयोगियों के साथ मां दुर्गा के अलावा मां सरस्वती, लक्ष्मी जी, गणेश जी, कार्तिकजी, महिषासुर व बाघ आदि


मूर्ति बनाता कारीगर।

की भव्य आकर्षक प्रतिमा बनाने में जुट गए हैं। जैसे-जैसे नवरात का समय नजदीक आ रहा है, प्रखंड मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भक्ति का माहौल भी बनने लगा है।

## गोबर फेंकने को लेकर विवाद में एक ही परिवार के पांच लोगों के साथ मारपीट, दोनों पक्षों ने थाने में दिया आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती बरवाटोली पंचायत अंतर्गत रुद गांव में शुक्रवार की सुबह गोबर फेंकने को लेकर उत्पन्न हुए विवाद में एक ही परिवार के पांच लोगों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पिटाई से घायल लोग शुक्रवार की सुबह चंदवा थाना पहुंचकर मामले की जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद चंदवा पुलिस के द्वारा घायलों का उपचार चंदवा सीएचसी में कराया गया। पिटाई से घायल होने वालों में एक पक्ष के दिनेश्वर ठाकुर उनकी पत्नी धानो देवी, पुत्र राजकुमार ठाकुर, पुत्री ममता कुमारी व साला रामकिशुन ठाकुर शामिल हैं। घायलों में ममता कुमारी को छोड़कर अन्य चारों का इलाज चंदवा सीएचसी


इलाज कराकर निकलते लोग।

में किया गया। घटना को लेकर दिनेश्वर ठाकुर ने बताया कि उनकी पत्नी धानो देवी गोबर फेंकने मकई के खेत गयी थी, आरोप है इसी दौरान गांव के हीं कासिम पावरिया, बल्लू पावरिया, बाबू पावरिया समेत उनके परिवार के कई लोग मारपीट करने लगे, हो हल्ला के बाद बीच बचाव के लिए जाने पर उनके साथ साथ बेटा-बेटी व साले के साथ भी लाठी डंडे से मारपीट की गई। उन्होंने बताया कि जिन लोगो के द्वारा मारपीट की गई है उनसे पूर्व से ही जमीन विवाद चल रहा है। वहीं मामले को लेकर दूसरे पक्ष के द्वारा भी चंदवा थाना में लिखित आवेदन दिया गया है जिसके आधार पर चंदवा पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

## कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार जायसवाल सैकड़ों समर्थकों के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के समक्ष आज करेंगे घर वापसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** महुआडांड़ के कद्दावर नेता सह कांग्रेस के लातेहार जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार जायसवाल शनिवार को अपने सैंकड़ो समर्थकों के साथ बरवाडीह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के समक्ष घर वापसी करेंगे। इस संबंध में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर संजय जायसवाल ने कहा कि भारत के अन्य पार्टी परिवारवाद क्षेत्रवाद भाषावाद की राजनीति करती है जबकि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रवाद की राजनीति करती है। पार्टी राष्ट्र के निर्माण के लिए काम करती है। सबका साथ सबका विकास करना ही पार्टी की नीति है। इसी से प्रभावित होकर पुनः घर वापसी कर रहें हैं।

संजय जायसवाल के नेतृत्व में शनिवार को लगभग 30 वाहनों का काफिला में बैठकर सभी धर्मों के सैकड़ो लोग भाजपा का दामन थामेंगे। इसकी जानकारी देते हुए संजय जायसवाल ने कहा कि उपरोक्त सभी लोग शनिवार को बरवाडीह में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

कद्दावर नेता संजय जायसवाल पूर्व में भी भाजपा संगठन के कई पदों को कर चुके हैं सुशोभित

कद्दावर नेता संजय जायसवाल पूर्व में भी भाजपा संगठन के कई पदों पर कार्य कर इसे सुशोभित करने का काम किये हैं। संगठन में दो बार महुआडांड


संजय कुमार जायसवाल।

भाजपा मंडल अध्यक्ष का पद तथा एक बार लातेहार जिला भाजपा महामंत्री का पद संभाल चुके हैं। वहीं एक बार प्रखंड सांसद प्रतिनिधी तथा दो बार प्रखंड विधायक प्रतिनिधी भी रह चुके हैं।

### लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास जरूरी : एसडीओ

**लातेहार।** जिला खेल स्टेडियम में ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ एसडीओ शेखर कुमार समेत अतिथियों ने गुलेल चलाकर किया। मौके पर श्री कुमार ने कहा कि हमारे बीच में एक यूनिक और अलग तरह का प्रतियोगिता शुभारंभ किया गया है। कहा कि आप लोग बहुत जिम्मेदारी के साथ मे प्रतियोगिता में पार्टिसिपेट किए है। उन्होंने कहा कि पार्टिसिपेट को एक हेल्दी या एक स्वस्थ्य प्रयास करना चाहिए कि हम टारगेट अचीव करे और प्रथम द्वितीय और तृतीय में आएं। यह प्रयास आपके जीवन में भी हमेशा काम आयेगा। इसलिए जीवन मे हमेशा प्रयास करना चाहिए। उन्होंने प्रतिभागियों को हमेशा जिले मे होने वाले प्रतियोगिता मे भाग लेने की अपील की।

## चंदवा प्रखंड में वन अधिकार समिति का गठन 18 तक पूर्ण करने का निर्देश

**चंदवा।** सरकार के प्रधान सचिव अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग झारखंड रांची के पत्रांक 2150 के आलोक में बाबा वीर दिशोम अभियान 2023 (वन अधिकार अधिनियम 2023) के क्रियान्वयन तथा वन अधिकार समिति (एफआरए), अनुमंडल स्तरीय वन अधिकार समिति एवं जिला स्तरीय वन अधिकार समिति का गठन/पुनर्गठन आगामी 18 अक्टूबर से पहले पूर्ण किया जाएगा। इसी आलोक में अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक ने प्रतिनियुक्ति कर्मी व सुपरवाइजर की मौजूदगी में ग्राम सभा की कार्यवाही 16 अक्टूबर तक पूर्ण करते हुए नियम व प्रावधान के अनुसार समिति गठित कर अधोहस्ताक्षरी को सूचित करने की बात कही है। अंचलाधिकारी श्री पाठक ने बताया है कि 6 अक्टूबर को बनहरदी व बारी, 7 को सासंग व चेटर, 8 को सेरक, चकला, 9 को अलौदिया, कामता, 10 को चंदवा पूर्वी, पश्चिमी व बोदा, 11 को हुटाप व जमीरा, 12 को माल्हन, 13-14 को लाधुप, वहीं 15 व 16 अक्टूबर को बरवाटोली पंचायत में ग्राम सभा कराई जाएगी। इसकी प्रतिलिपि संबंधित पंचायत के ग्राम प्रधान, मुखिया, प्रतिनिधि कर्मी, अनुमंडल अधिकारी, अपरसमाहर्ता व उपायुक्त लातेहार को सूचनार्थ प्रेषित की गई है।

## जेल की बाध्यता को समाप्त कर आंदोलनकारियों को उनका हक व अधिकार दे सरकार : मुरली प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** गुरुवार को झारखण्ड आंदोलनकारी कोर कमेटी की बैठक चिन्हित आंदोलनकारी मुरली प्रसाद की अध्यक्षता में बरवाडीह बाजार शेड में आहूत की गई। बैठक में पिछले 30 नवंबर को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम दिए गए 20 सूत्री मांगपत्र पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि अगर सरकार सभी समस्याओं पर शीघ्र निर्णय लेकर कारवाई नही करती है, तो छठ महापर्व के बाद दुबियाखाड़ के समीप एनएच 75 को अनिश्चितकाल के लिए जाम कर दिया जाएगा। वहीं बैठक में प्रस्ताव लिया गया कि आगामी 15 नवंबर से पूर्व राज्य सरकार जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते सभी आंदोलनकारियो को चिन्हित करें और सभी को सामान्य रूप से सहायता पेंशन राशि पचास हजार रुपए, परिवार के एक सदस्य को नौकरी तथा उनके बच्चे को उच्च शिक्षा में आरक्षण और स्वास्थ्य सुविधा का लाभ दें। वहीं टाइगर प्रोजेक्ट के अंदर बसे 120 गांव को किसी भी हालत में विस्थापित नहीं होने दिया जाएगा और पीटीआर में विकास के नाम पर हो रही लूट पर जांच कमेटी गठित करने तथा पीटीआर में बाघों की संख्या को 15 दिनों के अंदर सार्वजनिक करने। डोरामी गांव में बन रहे मॉडल स्कूल में पढ़ाई अतिशीघ्र शुरू कराने, लातेहार जिले में ओबीसी की जनगणना कर ओबीसी को आरक्षण देने। पांचवी अनुसूची में वर्णित ग्राम सभा को पूर्ण अधिकार देने। भुसाड़, बरवाडीह से होकर मंडल होते हुए भंडरिया तक पीडब्ल्यूडी रोड की निविदा निकालकर अतिशीघ्र कार्य शुरू करने। प्रधानमंत्री द्वारा अधूरे पड़े मंडल डैम का शिलान्यास 5 जनवरी 2019 को किया गया था। विस्थापितों को नौकरी, मुआवजा तथा नई विस्थापन नीति के तहत व्यवस्था देकर निर्माण कार्य शुरू करने आदि 9 सूत्री मांग की गई है। वहीं आंदोलनकारियों ने कहा कि अगर उनकी 9 सूत्री मांगों पर समय रहते कारवाई नहीं की गई तो सभी आंदोलनकारी रेल का चक्का जाम करने को विवश होंगे। बैठक में बिरेंद्र ठाकुर, नागेंद्र प्रसाद, ओमप्रकाश दुबे, विजय सिंह, राकेश कुमार, मकसूद आलम और रमेश यादव आदि कोर कमेटी के आंदोलनकारी उपस्थित थे।

## नगर चंदवा में 15 दिसंबर को रामदेव गंझू की पुण्यतिथि मनाने का निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** खरवार भोगता समाज विकास संघ की बैठक नगर चंदवा में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रेम गंझू ने किया। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू, केंद्रीय सलाहकार झलकु गंझू,केंद्रीय सचिव जगरनाथ भोगता,उपाध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता,केंद्रीय प्रवक्ता देवनारायण गंझू, केंद्रीय सदस्य विश्वनाथ गंझू एव रांची जिला अध्यक्ष अमृत भोगता सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में 15 दिसम्बर को नगर चंदवा में समाज के अगुवा रहे स्व. रामदेव गंझू की पुण्यतिथि मनाने का निर्णय लिया गया साथ ही कार्यक्रम को लेकर गांव गांव में प्रचार


बैठक में उपस्थित लोग।

प्रसार करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला सचिव सत्यनारायण भोगता,युवा संघ जिला अध्यक्ष प्रकाश भोगता, दीपू भोगता, हेमलाल गंझू, रति गंझु, संतोष गंझु, नीलेश कुमार भोगता, राजू गंझु, सम्भु गंझु, रामकृष्ण गंझु, योगेंद्र गंझु, सोमनाथ गंझु, सरहुल कुमार गंझू, अशोक गंझु, विनोद गंझु, नागेश्वर गंझु, रामनाथ गंझु, दिलीप गंझू, शिवदयाल गंझू, रामकिसून गंझु, विजय गंझु, दिनेश्वर गंझु, वीरेंद्र गंझु आदि मौजूद थे।

## हादसे के शिकार वाहन को लावारिस हालत में पुलिस ने किया था जब्त

# पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन से भारी मात्रा में किया शराब बरामद

**▶▶ मजिस्ट्रेट के सामने लॉक वाहन को पुलिस ने खोला**

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र में हुई दुर्घटनाग्रस्त वाहन से पुलिस ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया है। ज्ञात हो कि 1 अक्टूबर को मनिका थाना क्षेत्र के डिग्री कॉलेज मोड़ के समीप राष्ट्रीय मार्ग 39 से अनियंत्रित होकर यूपी 65 बीके 1514 नंबर की एक्सयूवी वाहन पेड़ से टकरा गई थी दुर्घटना के बाद वाहन चालक वाहन को लॉक करके


भारी मात्रा में बरामद अंग्रेजी शराब।

घटनास्थल से फरार हो गया था। वहीं आसपास के लोगों के द्वारा लावारिस हालत में दुर्घटनाग्रस्त वाहन को देखकर मनिका पुलिस को सूचना दी गई थी जिसके बाद मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह, एसआई प्रदीप कुमार राय अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर वाहन को कब्जे में लेते हुए जेसीबी मशीन के माध्यम से थाना ले आए थे।

वहीं दिन शुक्रवार को मजिस्ट्रेट बीरबल उरांव एवं थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह की उपस्थिति में जब्त एक्सयूवी वाहन को खोला गया जिसमें भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब नाइट गर्ल की फुल बोतल बरामद की गई है सभी अंग्रेजी शराब की बोतले दूसरे राज्य का है जिसका पुलिस के द्वारा वीडियो भी बनाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वाहन का मालिक अभी तक थाने में नहीं पहुंचा है जिससे प्रतीत हो रहा है कि यह शराब अवैध तरीके से ले जाया जा रहा था हालांकि सभी बिंदुओं पर मनिका पुलिस के द्वारा गंभीरता पूर्वक छानबीन की जा रही है।

### आजीविका कर्मचारी संघ ने काला बिल्ला लगाकर किया काम का निष्पादन

**महुआडांड़।** झारखंड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ के प्रखण्ड स्तरीय इकाई महुआडांड़ में कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर जेएसएलपीएस के प्रबंधन के नीतियों को विरोध किया। साथ ही अपनी लंबित माँगों जैसे बीमा नवीनीकरण, नियमितिकरण, वेतन पुनर्संरचना, यात्रा भत्ता बढ़ोतरी एवं आंतरिक पदोन्नति को लेकर पत्राचार एवं भौतिक वार्ता प्रबंधन के साथ करता आ रहा है परंतु दुर्भाग्य पूर्ण है कि उपरोक्त माँगों कों लेकर प्रबंधन के द्वारा लंबी अवधि से कोई पहल नहीं की जा रही है। जिसको लेकर कर्मचारियों में काफी रोष है। इसलिए राज्य आजिविका कर्मचारी संघ के निर्देश पर आजिविका कर्मचारी संघ के एल5 से एल8 वर्ग के कर्मियों के द्वारा काला बिल्ला लगाकर नीतियों का विरोध करते हुए प्रखंड कार्यालय से ही काम का निष्पादन किया गया।

स्पीड न्यूज

## सीढ़ी से गिरकर महिला घायल

**गढ़वा।** रमना थाना क्षेत्र के सिलीदाग गांव निवासी स्व.धनेश्वर राम की पत्नी पवित्री कुंअर 65 वर्ष सीढ़ी से गिरकर घायल हो गई है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि वह घर में कुछ काम कर रही थी। उसी बीच पैर फिसल जाने के कारण गिरकर घायल हो गई।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन घायल

**गढ़वा।** कांडी थाना क्षेत्र के सेतो गांव निवासी मकबूल अंसारी की पत्नी हलीमा बीबी 35 वर्ष, उसकी पुत्री शहनाज खातून 14 वर्ष एवं सानिया खातून 3 वर्ष मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गई। तीनों का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में घायल हलीमा बीबी ने बताया कि हम लोग एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर रेहला गांव अपने मायके आ रही थी। इस बीच मझिआंव से कुछ ही पहले उसका दुपट्टा मोटरसाइकल में फंस गया। जिससे अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे गिरकर तीनों लोग घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से घायल अवस्था में तीनों घायलों को उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां तीनों का इलाज चल रहा है।

## कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** मझिआंव थाना क्षेत्र के दुबेतहले गांव निवासी बुधन कुमार की पुत्री सोनी कुमारी 14 वर्ष ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास की। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि किसी बात को लेकर घर में उसे फटकार पड़ी, उग्र होकर युवती ने कीटनाशक दवा खा ली थी।

## बीडीओ ने प्रभार लेने के बाद कर्मियों के साथ की बैठक

**मझिआंव।** बरडीहा प्रखंड के नये बीडीओ सह सीओ के रूप में निधि रजवार ने पदभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के तत्काल बाद बीडीओ सह सीओ ने प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के कर्मियों को बुलाकर बैठक की और सभी विभाग के लंबित मामलों को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्य में कोताही बर्दास्त नहीं की जायेगी। गरीबों के लिए सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी योजनाओं का लाभ लाभुकों तक समय पर पहुंचे। बीडीओ ने कहा कि अवैध बालू खनन पर अंकुश लगाया जायेगा। साथ ही किसी भी कीमत पर राशन की कालाबाजारी बर्दास्त नहीं की जायेगी। मौके पर अंचल निरीक्षक राजकुमार साहू, प्रधान सहायक नरेन्द्र कुमार सहित प्रखंड एवं अंचल के सभी कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

## नवजात की सौदेबाजी मामले में सहिया समेत तीन महिला गिरफ्तार

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर अनुमंडल के मनोहरपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत तुरी टोला भट्ठी मोहल्ला में एक अविवाहित युवती का अवैध रूप से घर में ही प्रसव कराने के पश्चात मृत्यु हो जाने तथा बच्चे की अवैध खरीद बिक्री मामले ने तुल पकड़ लिया है। मामले में तीन महिलाओं पर प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त अनन्य मित्तल ने एसडीओ पोड़ाहाट चक्रधरपुर के नेतृत्व में चार सदस्य टीम का गठन कर जांच करवायी थी। जांच के बाद यह बात प्रकाश में आई कि सहिया साधना साहू, सहिया चान्दू पापिया तथा बच्चे को खरीदने वाली चांडिल निवासी गुड्डी गुप्ता ने जान बूझकर पूर्व नियोजित तरीके से युवती मुन्नी चाम्पिया की जान को खतरे में डाल कर गैर संस्थागत प्रसव कराया। जिससे युवती की मृत्यु हो गई। इसके बाद प्रभारी चिकित्सक पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनोहरपुर के टंकित आवेदन के आधार पर मनोहरपुर थाना कांड संख्या- 40/2023, 06 अक्टूबर 2023 धारा 304/ 370(4)/ 120(बी) भारतीय दण्ड विधान एवं 81 किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम-2015 दर्ज किया गया। इस मामले में तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# सवाल पूछने पर भड़क उठे नीतीश कुमार के पिस्टल वाले विधायक

### जेडीयू कार्यालय में पत्रकारों को दी गंदी-गंदी गालियां

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** नीतीश कुमार के विधायक लगातार बेकाबू होते जा रहे हैं। दरअसल जदयू विधायक गोपाल मंडल हमेशा अपने कारनामों के लिए चर्चा में रहते हैं। लेकिन, शुक्रवार को गोपाल मंडल ने सारी हदें पार कर दी और जदयू कार्यालय में सरेआम खूब गाली-गलौच की।

सवाल पूछने पर भड़के गोपाल मंडल ने पत्रकारों को खूब गालियां दी। दरअसल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में अचानक पहुंचे। उनके बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह और उमेश कुशवाहा भी पहुंचे। साथ ही साथ अपने



कारनामों के लिए चर्चित जेडीयू के विधायक गोपाल मंडल भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने जदयू कार्यालय पहुंचे थे। लेकिन, इसी बीच जब गोपाल मंडल से उनके द्वारा अस्पताल में पिस्टल लिए जाने का सवाल पूछा गया तो गोपाल मंडल भड़क उठे और सवाल पूछने वाले पत्रकारों को भद्दी-भद्दी गालियां देनी शुरू कर दी। गोपाल मंडल ने कहा कि मुझे पिस्टल ले जाने से कोई नहीं रोक सकता।

मैं अपने पास हमेशा पिस्टल रखता हूं और आज भी मेरे पास पिस्टल है। सवाल पूछने वाले पत्रकारों को कहा कि आप मेरे बाप नहीं की मुझसे सवाल पूछ रहे हैं। गोपाल मंडल के इस बदसलूकी पर जदयू के लोग भी बहुत बोलते नजर नहीं आ रहे हैं। जदयू नेता और बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि यह मामला दुर्भाग्यपूर्ण है। हम लोग ऐसे संस्कृति के लोग नहीं है। अशोक चौधरी ने कहा ना हम लोग पिस्टल वाले लोग हैं और नहा पिस्तौल की संस्कृति रखते हैं। गोपाल मंडल पर भले ही जदयू के लोग बहुत कुछ खुलकर नहीं बोल रहे हो। लेकिन, बीजेपी ने बड़ा हमला किया है भाजपा विधायक नीरज बबलू ने कहा कि संगत से गुण होते हैं। जब से जदयू का संबंध आरजेडी से हुआ है तब से गाली-गलौच, राइफल और पिस्तौल की संस्कृति जदयू में भी देखने को मिल रही है। नीतीश कुमार मैं अभी हिम्मत नहीं रह गई है कि अपने पार्टी के ऐसे गाली बाज और पिस्तौल दिखाने वाले विधायकों पर कार्रवाई कर सकें।

### पांच अभियुक्तों की कोर्ट में हुई पेशी, फैसला 13 अक्टूबर को

## केंद्र सरकार की कठपुतली बन कर रह गयी है इडी-सीबीआइ : दीपिका



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** किसान आंदोलन के समर्थन में अप्रैल 2019 में प्रियंका गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में सड़क जाम की आरोपी महागामा कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह समेत पांच आरोपियों की शुक्रवार को एमपीएमएलए के विशेष कोर्ट में पेशी हुई। जहां बहस पूरी हुई। अब 13 अक्टूबर को एसडीजेएम जितेंद्र राम की अदालत फैसला सुनाएगी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता प्रतीक झा ने बताया कि वर्ष 2019 में विधायक ने गिरफ्तारी के विरोध में सड़क जाम किया था। महागामा थाना में विधायक समेत पांच के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। अदालत में केस की बहस पूरी हो चुकी है। पांच गवाह का बयान दर्ज हुआ है। अब अदालत को फैसला सुनाना है। कोर्ट से निकलने के बाद विधायक ने कहा कि देश में तानाशाही है। जो भी सरकार को विरोध करता है, उसके खिलाफ ईडी को लगा दिया जाता है। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने ईडी को कठपुतली बना दिया है। जो सरकार के खिलाफ आवाज उठाता है,वहां ईडी अपनी कार्रवाई शुरू कर देती है। उन्होंने आप सांसद संजय सिंह का नाम लिए बिना कहा कि देश में यही चल रहा है। किस तरह से सरकार गिरफ्तारी कर लोगों का मनोबल तोड़ने का काम कर रही है। एक सवाल के जवाब में कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पूरा अधिकार है कि वे न्याय प्रक्रिया के तहत अपनी बात रख सकते हैं। बाबूलाल मरांडी को एक सम्मानित नेता है। भाजपा छोड़ने के बाद फिर से उसी पार्टी में शामिल होकर उन्होंने अपनी स्थिति हास्यास्पद कर दी है।

## शाह स्पोर्ट्स एकेडमी और चक्रधरपुर क्रिकेट कैंप ने दर्ज की जीत

### रोहन पासवान और रयान सपकोटा बने मैन आफ द मैच




खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** भारत भवन स्थित मिनी स्टेडियम में खेले जा रहे आल इंडिया देवेंद्र माझी मेमोरियल क्रिकेट लीग में शुक्रवार को दो मैच खेले गए। पहला मैच चक्रधरपुर क्रिकेट कैंप और स्पेशल क्रिकेट एकेडमी कोलकाता तथा शाह स्पोर्ट्स क्रिकेट एकेडमी चक्रधरपुर तथा बिलिव क्रिकेट एकेडमी चाईबासा के बीच खेला गया। पहले मैच में चक्रधरपुर क्रिकेट कैंप ने कोलकाता की टीम को रोमांचक मुकाबले में तीन रन से पराजित किया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए चक्रधरपुर क्रिकेट कैंप ने छह विकेट खोकर 81 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता की टीम तीन रन से पीछे रह गई।

वहीं दूसरे मैच में शाह स्पोर्ट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 109 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। डेविड सागर मुंडा व रयान सपकोटा ने बेहतरीन बल्लेबाजी की। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बीसीए की टीम निर्धारित ओवर में सात विकेट खोकर 47 रन ही बना सकी। शाह स्पोर्ट्स के रयान सपकोटा व चक्रधरपुर क्रिकेट कैंप के रोहन कुमार पासवान को मैन आफ द मैच घोषित किया गया।

इससे पूर्व पहले मैच का उद्घाटन देवेंद्र माझी स्पोर्ट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष जगत माझी ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

## अभाविप ने एसकेएमयू के दिवंगत पूर्व डीएसडब्ल्यू को दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई ने सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के पूर्व डीएसडब्ल्यू एवं अभाविप के प्रांत अध्यक्ष प्रो शेषनाथ राय के निधन पर शोकसभा का आयोजन शुक्रवार को किया। शोकसभा का अध्यक्षता नगर मंत्री अभिषेक गुप्ता ने स्थानीय जिला कार्यालय में किया। कार्यकताओं ने 2 मिनट का मौन धरण दिवंगत डॉ शेषनाथ राय संवेदना प्रकट कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। प्रदेश जनजाति कार्य प्रमुख मनोज सोरेन ने दिवंगत डॉ शेषनाथ राय के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ राय विश्वविद्यालय में विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए अभाविप के पूर्व प्रांत अध्यक्ष रहे हैं। प्रो राय स्नातकोत्तर मे राजनीतिक विज्ञान विभाग के विभाग अध्यक्ष रहे हैं।

## कुलपति ने दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का ब्रोशर किया रिलीज

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन होगा। सेमिनार 4 एवं 5 नवंबर को आयोजित होगी। सेमिनार का विषय एजुकेशन और इम्प्लॉयबिलिटी होगा। शुक्रवार को सेमिनार के पैट्रन कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह ने इस सेमिनार का ब्रोशर रिलीज किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ संजय कुमार सिन्हा, डॉ जैनेंद्र यादव, डॉ संजीव कुमार सिन्हा और डॉ अजय सिन्हा उपस्थित रहे। इस सेमिनार के कन्वेनर सामाजिक विज्ञान संकाय के डीन सह स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ जैनेंद्र



यादव होंगे। जबकि राजनीति विज्ञान के डॉ संजीव कुमार सिन्हा आयोजन सचिव और डॉ अजय सिन्हा कार्डिनेटर है। इतिहास विभाग की प्रो अमिता कुमारी संयुक्त आयोजन सचिव और भौतिकी के डॉ राजेश यादव कोषाध्यक्ष है। इसके अलावे सेमिनार के सफल आयोजन के लिए विभिन्न समितियां बनाई गई हैं। सेमिनार में पाठ्यक्रम संरचना, कौशल आधारित शिक्षा, व्यवसायी शिक्षा, सॉफ्ट स्किल, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति और रोजगार के अवसर, भारतीय ज्ञान परम्परा और रोजगार क्षमता जैसे अनेक विषय पर शोध पत्र आमंत्रित किए गये हैं। एब्स्ट्रैक्ट भेजने की अंतिम तिथि 15 अक्तूबर रखी गई है। सेमिनार का पूरा विवरण विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर दिया गया है। सेमिनार में रिसोर्स पर्सन के रूप में ना सिर्फ देश के प्रमुख शिक्षाविदों को, बल्कि उद्योग, सेना और वरिष्ठ सिविल सेवा के अधिकारियों को भी आमंत्रित किया जा रहा है।

### एसकेएमयू में सीनियर छात्रों के विदाई समारोह पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग के सेमेस्टर 2 के छात्रों ने सीनियर सेमेस्टर 4 के छात्र-छात्राओं को शुक्रवार को विदाई दी। कार्यक्रम के प्रारंभ में छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक नृत्य करते हुए लोटा पानी से विभाग के शिक्षकों का स्वागत किया। स्वागत छात्रा पुष्पालीना, सिसिला, सगुणशीला, अजय बेरोनिका, प्रेमी रोज आदि ने अतिथियों का स्वागत स्वागत गान से की। छात्र-छात्रा सोनलाल, अजय किस्कू, सुनील सोरेन,अजय हेम्ब्रम, खुशी, प्रियंका, मुस्कान,कंचन, पुस्पालीना बनलता, ज्योति टुडू,सुमन सोरेन, आसिफ आदि ने एकल एवं ग्रुप में कई संथाली, नागपुरी एवं पाश्चात्य नृत्य प्रस्तुत किया।

## ग्रामीणों ने पुल निर्माण में अनियमितता का किया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिले के मसलिया प्रखंड के न्याडीह पंचायत में संथाली बेदिया से आमजोरिया गांव के बीच बन रहे पुल निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने का मामला प्रकाश में आया है। जिसको लेकर शुक्रवार को पंचायत की मुखिया नमिता चौड़े व ग्राम प्रधान प्रकाश मरांडी व ग्रामीणों ने कार्यस्थल पर विरोध जताते हुए काम को बंद करा दिया। ग्रामीणों का कहना था कि पुल निर्माण में संथाली बेदिया के रैयत महादेव टुडु सीताराम टुडु व मुनिलाल टुडु का जमीन अधिग्रहण किया गया है। रैयत को इसकी सूचना तक नहीं दी गई है। वहीं ग्राम प्रकाश मरांडी ने कहा कि



गोचर जमीन में लगा पलाश का पेड़ काटकर उसपर छड़ रखने का काम किया जा रहा है। पुल का काम लगभग दो महीने से चल रहा है लेकिन प्राकलन का बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। आगे ग्रामीणों ने बाहर का मजदूर से काम लेने, बगैर भाईब्रेटर का ढलाई काम करने, 32 एमएम के छड़ में ओल्डिंग कर काम कराने, बगैर विभागीय जेई के उपस्थिति में ढलाई काम कराने एनजीटी के बावजूद अवैध बालू का उठाव कर प्रयुक्त करने आदि का आरोप लगाया। काम को रोकने की सूचना पाकर विभागीय कनीय अभियंता अनिल कुमार पंडित पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयत्न किया लेकिन लोग उनके जबाब से संतुष्ट नहीं हुए। कनीय अभियंता अनिल कुमार पंडित ने बताया कि पुल संथाली बेदिया व आमजोरिया गांव के लोगों के आवागमन में सुविधा के लिए बनवाया जा रहा है। यदि इसमें लोगों का जमीन जा रही है तो मुआवजा का भी प्रावधान है। इसके लिए अपने जमीन के कागजात विभाग को जमा करना होगा। बता दें कि यह पुल का निर्माण मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजनांतर्गत ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल दुमका की ओर लगभग तीन करोड़ की राशि से बननी है। पुल दो पियर व दो अवरमेंट का बनेगा। पंचायत की मुखिया नमिता चौड़े ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत यह भी थी कि स्थानीय मजदूरों को काम मिले और काम ठीक से हो। काफी लंबे समय के बाद पुल का निर्माण कार्य हो रहा है। सबका कहना है कि टिकाऊ पुल हो। लेकिन जब इसके बारे में संवेदक शुकदेब पंडित से बात किया तो कहा कि यह स्टेट से बनना है इसमें मुखिया का क्या काम। मुखिया को कोई सूचना देना नहीं है। मौके पर ग्राम प्रधान प्रकाश मरांड़ी, मुखिया नमिता चौड़े, महादेव टुडू, राजीव मरांडी, उरधा मरांडी, राजेश मुर्मू, हेमलाल मरांडी, बालदेव मुर्मू, मनोधन सोरेन, साजन मरांडी, दीवान मरांडी, राजीव हेम्ब्रम, प्रवीण मुर्मू, भुभनेश्वर मुर्मू, अरविंद मुर्मू, श्रीमंत मरांडी, सिताराम टुडू, दीवा मरांड़ी, दिनेश मरांडी, राजू सोरेन, शिवधन मरांड़ी, बागवान मरांडी आदि ने विरोध प्रदर्शन करते हुए काम को बंद करने की बात कही।

एक नजर में

## डिलीवरी ब्वॉय लूटकांड का पुलिस ने महज 36 घंटे में किया खुलासा

**सरैयाहाट।** दुमका जिला के सरैयाहाट के जियाजोर पानी टंकी के समीप ई कॉम एक्सप्रेस कंपनी के डिलीवरी बॉय के साथ हुई लूटपाट की घटना का शुक्रवार को पुलिस ने महज 36 घंटे के अंदर उद्भेदन करते हुए घटना में शामिल एक अपराधी मुकेश कुमार उर्फ खेसारी यादव ग्राम पतसर थाना सरैयाहाट को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार अपराधी के पास से पुलिस ने लूटा हुआ साड़ी, फ्रॉक, टीशर्ट, जींस, टॉप पायजामा, ट्राउजर, टैब कवर, कुर्ता पायजामा, हाफ जींस, कुरियर कंपनी का बैग सहित एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल और एक स्मार्ट फोन बरामद किया है। ज्ञात हो की बीते 4 अक्टूबर को ई कॉम हँसडीहा के डिलीवरी बॉय सत्यम राउत से पार्सल डिलीवरी के दौरान चार की संख्या में पहुंचे नकाबपोशों ने नगदी सहित सामान को लूट लिया था, जिसके बाद एसपी ने एसडीपीओ जरमुंडी अमोद सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया था। एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित टीम की सक्रियता से पुलिस ने महज 36 घंटे में उद्भेदन करने में कामयाब रही। कांड के उद्भेदन के लिए गठित एसआईटी में हँसडीहा सर्कल इंस्पेक्टर संजय सुमन, तालझारी थाना प्रभारी आनंद साहा, हँसडीहा थाना प्रभारी जीतेन्द्र साहू, एसआई सचिन मिश्रा, अनुसन्धानकर्ता कामता राम, एएसआई बाबुधन टूड्डू, सरजू टाना भगत, प्रदीप बाखला शामिल थे।

## ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**जामा।** थाना क्षेत्र के दुमका भागलपुर रेलवे लाईन पर लकडाप़हाडी.और माठाचक के बीच पोल संख्या 1079 के समीप गोड्डा-दुमका लोकल ट्रेन की चपेट में आने से 50 वर्षीय लखन राय की दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक माठाचक गांव का रहने वाला बताया जाता है।जानकारी के अनुसार मृतक गाय चरा रहा था। इस दौरान गाय रेलवे ट्रेक पर आ जाने से गाय को भगाने के क्रम में उक्त ट्रेन के चपेट में आ गया। इस घटना के बाद रेलवे सुरक्षा बल के जवान राहुल कुमार और जामा थाना एसआई सुमित कुमार ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया है। मामले में मृतक की पत्नी कजली देवी के बयान पर यूडी केस दर्ज किया गया है। इधर इस घटना के बाद स्थानीय मुखिया राजू पुजहर ने घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया और हर सम्भव सहायता करने का भरोसा दिया।

## मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों के लिए डालसा ने चलाया जागरूकता अभियान

**दुमका।** झालसा के निदेर्शानुसार 100 दिनों तक चलने वाले जागरूकता अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष के मार्गदर्शन पर शुक्रवार को काठीकुंड प्रखंड के सभागार में बीडीओ रजनीश कुमार के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## पेज एक का शेष

### केंद्र सरकार की ...

**संयुक्त प्रयास से 762 नक्सली धराये :** सीएम श्री सोरेन ने कहा कि केंद्र तथा राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से जनवरी 2022 से अगस्त 2023 तक कुल 762 नक्सलियों को गिरफ्तार किया किया गया है। 20 नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया है। इस अवधि में 37 नक्सलियों में पुलिस के समक्ष समर्पण किया है। राज्य में उग्रवाद की समस्या में काफी कमी आयी है, लेकिन, इसकी पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए राज्य में अर्द्धसैनिक बलों की प्रतिनियुक्ति जारी रखने की आवश्यकता है। राज्य में प्रतिनियुक्त अर्द्धसैनिक बल का कार्यकाल कम से कम तीन वर्ष रखा जाये। ताकि नक्सल निरोधी अभियान में तेजी बनी रहे।

**पीएम आवास योजना पर भी ध्यान आकृष्ट कराया :** सीएम ने प्रधानमंत्री आवास योजना की ओर भी केंद्र सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि झारखंड में अभी भी लगभग 8 लाख सुयोग्य लाभुक इस योजना के लाभ से वंचित है। परंतु केंद्र सरकार का ग्रामीण विकास मंत्रालय राज्य सरकार के बार-बार अनुरोध के बाद भी कोई सकारात्मक निर्णय इस संबंध में नहीं ले रहा है। आपसे अनुरोध है कि झारखंड के इन आठ लाख योग्य लाभुकों लाभों को को उनका हक दिलाया जाये।

### भारत ने हाकी में...

भारत का दमदार प्रदर्शन : फाइनल में शुरू से ही भारतीय हॉकी टीम ने दमदार खेल दिखाया। जापान के ऊपर 4-0 से बढ़त बना ली जिसके बाद जापान को एक पेनल्टी कॉर्नर चौथे क्वाटर में मिला, जिसे वह गोल में बदलने में सफल रहा। जापान के डिफेंडरों ने भारत को गोल करने से रोका, लेकिन भारत ने पेनल्टी कॉर्नर का बेहतरीन तरीके से उपयोग किया और पांचवा गोल दागा। जापानी खिलाड़ियों की गलती की वजह से भारत को 4 बार पेनल्टी कॉर्नर मिले। हालांकि, भारतीय टीम इसे भुनाने में सफल नहीं हुई। दूसरे क्वार्टर में भारत को पांचवीं बार पेनल्टी कॉर्नर मिला, तब कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने बेहतरीन ड्रैग-फ्लिकर की मदद गोल दागा। भारतीय टीम के गोलकीपर एस श्रीजेश ने अपने करियर की शुरुआत स्वर्ण पदक के साथ की थी। ये उनके जीवन का आखिरी खेल था। एशियाई खेलों के शुरू होने से पहले श्रीजेश ने कहा था कि मैं ये आखिरी मुकाबला खेलने उतरूंगा। मैं चाहता हूं कि जिस तरह से मैंने अपने खेल की शुरूआत स्वर्ण पदक से की थी उसी प्रकार से मैं अंत भी स्वर्ण पदक से करूं। उनका ये सपना पूरी हॉकी टीम मिल कर पूरा कर दिया। भारतीय टीम अब 1966, 1998, 2014 और 2023 में स्वर्ण पदक जीत चुकी है, जबकि नौ रजत और दो कांस्य भी जीते हैं।

### जेल में बंद ईरानी ...

पुरस्कार पानेवाली दूसरी ईरानी महिला : मोहम्मदी नोबेल शांति पुरस्कार जीतने वाली 19वीं महिला हैं और 2003 में मानवाधिकार कार्यकर्ता शिरीन एबादी के बाद यह पुरस्कार जीतने वाली दूसरी ईरानी महिला हैं। पुरस्कारों के 122 साल के इतिहास में यह पांचवीं बार है कि शांति पुरस्कार किसी ऐसे व्यक्ति को दिया गया है जो जेल में है या घर में नजरबंद है।

**31 साल जेल की सजा काट रही हैं :** महिलाओं के लिए आवाज बुलंद करने वाली नरगिस मोहम्मदी करीब 13 बार गिरफ्तार हो चुकी और 31 साल जेल की सजा काट रहीं हैं। वह डिफेंडर्स ऑफ ह्यूमन राइट्स सेंटर की उप निदेशक हैं। नरगिस के पास भौतिकी में डिग्री है और उन्होंने एक इंजीनियर के रूप में अपना करियर शुरू किया। पढ़ाई के दिनों के दौरान छात्र समाचार पत्र के लिए लिखते हुए समानता और महिलाओं के अधिकारों को उठाने वाली महिला के रूप में उभरीं। नरगिस मोहम्मदी ने कई सुधारवादी प्रकाशनों के लिए पत्रकार के रूप में काम किया और मृत्युदंड, महिलाओं के अधिकारों और विरोध के अधिकार के उन्मूलन के लिए अभियान चलाया। नरगिस ने 1999 में साथी कार्यकर्ता और लेखक ताघी रहमानी से शादी की। दोनों के जुड़वां बच्चे हैं जो फिलहाल फ्रांस में रहते है।

### जातीय गणना रिपोर्ट ...

जनवरी 2024 तक इस पर जवाब मांगा है। आगे तब कोर्ट इस मामले में विस्तृत सुनवाई करेगा। **लोगों ने उठाये थे कई सवाल :** जातीय गणना की रिपोर्ट पर आम लोगों ने कई सवाल उठाये थे। आरोप था कि किसी के घर सर्वे टीम नहीं गयी। ऐसे में यह आंकड़ा संदेह के घेरे में है। सरकार की ओर से जो आंकड़े जारी किये गये हैं, उसके मुताबिक राज्य की कुल आबादी 13 करोड़ से ज्यादा है। इनमें सवर्ण ( भूमिहार-2.89, राजपूत-3.45, ब्राह्मण-3.66 और कायस्थ-0.60) की आबादी 15.52 प्रतिशत है। 63 फीसदी ओबीसी, 19 प्रतिशत अनुसूचित जाति और 1.68 फीसदी अनुसूचित जनजाति की आबादी है। वहीं, बिहार में सबसे ज्यादा प्रतिशत यादवों का है।

## स्पीड न्यूज

### जलपाईगुड़ी में मोर्टार के गोले में विस्फोट से एक की मौत, पांच घायल

जलपाईगुड़ी। पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में तीस्ता नदी में बाढ़ के पानी में कथित तौर पर बह कर आए मोर्टार के एक गोले में विस्फोट होने से एक लड़के की मौत हो गई और पांच अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मोर्टार का यह गोला सेना का था और सिक्किम में बुधवार को बादल फटने एवं बाढ़ आने के बाद यह पहाड़ियों से पानी के साथ बहकर नीचे आ गया था। यह विस्फोट क्रांति ब्लॉक के चांपाडांगा गांव में गुरुवार को उस समय हुआ, जब एक व्यक्ति मोर्टार के गोले को कबाड़ में बेचने के लिए घर ले आया और उसने उसे खोलने की कोशिश की।

### पाक के सबसे बड़े एटमी प्लांट के पास विस्फोट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के डेरा गाजी खान में सबसे बड़े परमाणु संयंत्र के पास धमाका हुआ है। यह परमाणु प्लांट पिछले कुछ महीनों से पाकिस्तान में हमले कर रहा पिछले कई सालों से तहरीक-ए-तालिबान के निशाने पर है। हालांकि, इस हमले की अभी तक किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है। इस धमाके के पीछे ड्रोन हमले की आशंका जताई जा रही है। डीजी खान में पाकिस्तानी सेना की न्यूक्लियर फैसिलिटी में हुए धमाके के बाद स्थानीय लोगों के अनुसार बड़ी संख्या में सुरक्षा बल और एम्बुलेंस और अग्निशमन वाहन न्यूक्लियर फैसिलिटी की ओर बढ़ रहे हैं। विस्फोट स्थल से 50 किमी दूर तक लोगों ने धमाके की आवाज सुनी। भीषण विस्फोट से डीजी खान को भारी नुकसान होने की खबर है।

### सिक्किम में मृतकों की संख्या हुई 26

**गंगटोक।** सिक्किम में दक्षिण ल्होनाक झील के फटने के बाद तीस्ता नदी में आई विनाशकारी बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है। 142 लोग बाढ़ में लापता हो गए हैं। सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से शुक्रवार शाम जारी रिपोर्ट के मुताबिक मरने वालों की संख्या 26 हो गई है जबकि 142 लोग लापता हैं। बाढ़ की चपेट में आकर कुल 1173 घर गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। घटना के तीसरे दिन तक कुल 2413 लोगों को बचाया जा चुका है।

### मुंबई : इमारत में आग से छह की मौत, 40 घायल

**मुंबई।** मुंबई के गोरेगांव इलाके में शुक्रवार तड़के एक आवासीय इमारत में आग लगने से दो बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई और 40 अन्य घायल हो गए। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बीएमसी से एक अधिकारी ने कहा कि आग जय भवानी भवन में तड़के तीन बजे लगी। सात मंजिला यह इमारत गोरेगांव पश्चिम के आजाद नगर इलाके में स्थित है।

### अमृतसर में दवा फैक्टरी में आग से चार की मौत

**अमृतसर ।** पंजाब के अमृतसर के बाहरी इलाके में स्थित एक दवा फैक्टरी में बृहस्पतिवार रात भीषण आग लग गई जिसमें चार लोगों की झुलसकर मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि आग अमृतसर के बाहरी इलाके में मजीठा मार्ग पर नाग कलां गांव में दवा बनाने की एक इकाई में लगी। मजीठा के थाना प्रभारी बलविंदर सिंह ने बताया कि कुछ देर बाद आग पर काबू पा लिया गया।

### बंगाल : राजभवन के बाहर टीएमसी का धरना जारी

**कोलकाता।** टीएमसी के नेता अभिषेक बनर्जी की अगुवाई में पार्टी के कार्यकर्ताओं का, केंद्र द्वारा पश्चिम बंगाल का महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का बकाया कथित तौर पर रोके जाने के खिलाफ यहां राजभवन के बाहर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुक्रवार को भी जारी रहा। उन्होंने अपने प्रतिनिधिमंडल से राज्यपाल सी वी आनंद बोस के मुलाकात न करने तक धरना जारी रखने का आह्वान किया है।

## यूक्रेन के खार्किव में रूस का मिसाइल हमला, 51 की मौत



**कीव।** यूक्रेन में रूस की सेना के हवाई हमले में 51 लोगों की मौत हो गई। इनमें एक छह साल का बच्चा भी शामिल है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और शीर्ष अधिकारियों ने माना है कि रूस ने गुरुवार को मिसाइलें और रॉकेट दागे। रूस की सेना ने खार्किव के पास एक ग्रामीण कैफे और दुकान को निशाना बनाया। इस दौरान हुए विस्फोट में 51 लोग मारे गए। पिछले कुछ महीनों में यह सबसे घातक हमला है। खार्किव क्षेत्र के गवर्नर ओलेह सिनेहुबोव कहा कि खार्किव के कुपयांस्क जिले के ह्रोजा गांव में एक कैफे और एक दुकान पर हमला हुआ। विस्फोट के वक्त दोनों स्थानों पर बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे। विस्फोट इतना भीषण था कि कुछ इलाका जमींदोज हो गया। मलबे में अभी भी बहुत से लोगों के फंसे होने की संभावना है। संयुक्त राष्ट्र ने भी इसे भयानक हमला करार दिया है।

# यूएनएससी में भारत को मिले स्थायी सदस्यता : पुतिन

### रूसी राष्ट्रपति बोले- पीएम मोदी के नेतृत्व में हर दिन लगातार मजबूत हो रहा भारत

**एजेंसी**



**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पश्चिमी देश भारत के साथ रूस के रिश्तों में दरार पैदा करना चाहते हैं। काला सागर के पास सोची में दिए अपने भाषण में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने दोस्त भारत की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में दावेदारी का खुलकर समर्थन किया है। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत हर दिन लगातार मजबूत हो रहा है और उसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत जैसे देश संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के हकदार हैं। पुतिन ने यह भी कहा कि वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की जरूरत है। भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका निश्चित रूप से ज्यादा प्रतिनिधित्व के हकदार हैं। पुतिन ने आरोप लगाया कि पश्चिमी देश भारत के साथ रूस के रिश्ते में दरार पैदा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम देश हर उस देश के साथ दुश्मनी पैदा करना चाहते हैं जो उनके एकाधिकार से सहमत नहीं है। हर कोई खतरे में है, यहां तक कि भारत भी, लेकिन भारतीय नेतृत्व अपने देश के हितों के लिहाज से स्वतंत्र होकर काम कर रहा है। भारत को रूस से दूर करने का प्रयास बेकार है। पुतिन ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भी जमकर प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी को बुद्धिमान व्यक्ति बताते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास में काफी अच्छी प्रगति कर रहा है। पुतिन ने हाल ही में हुए जी-20 सम्मेलन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सफलता करार दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हुई बैठक सफल रही क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक में लिए गए फैसलों का राजनीतिकरण नहीं होने दिया।

### केंद्रीय गृह मंत्री ने की वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों की सुरक्षा की समीक्षा, कहा

# नक्सलवाद को उखाड़ फेकेंगे

## दो वर्ष में देश से पूरी तरह सफाया हो जायेगा उग्रवाद का : शाह

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि दो वर्ष में देश से वामपंथी उग्रवाद का पूरी तरह सफाया हो जाएगा। वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाह ने कहा कि वर्ष 2022 में पिछले चार दशकों में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हिंसा और मौतों की सबसे कम घटनाएं हुईं। उन्होंने कहा कि दो वर्ष में देश से वामपंथी उग्रवाद का पूरी तरह सफाया हो जाएगा। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद मानवता के लिए अभिशाप है और हम इसे इसके सभी स्वरूपों में उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

अधिकारियों ने कहा कि नक्सल प्रभावित राज्यों में हिंसक घटनाओं में 2010 के मुकाबले 2022 में 77 प्रतिशत की कमी आई है। समीक्षा बैठक में महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और झारखंड के मुख्यमंत्रियों ने भाग लिया। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी बैठक में भाग लिया। इनके अलावा ओडिशा, बिहार, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व राज्य के मंत्रियों ने किया। अधिकारियों ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में देश में वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से संबंधित सुरक्षा स्थिति में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। केंद्र सरकार ने 2015 में एलडब्ल्यूई से निपटने के लिए राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना को मंजूरी दी थी। अधिकारियों ने कहा कि नीति में एक बहु-आयामी रणनीति की परिकल्पना की गई है जिसमें सुरक्षा संबंधी उपाय, विकास संबंधी कामकाज, स्थानीय समुदायों के अधिकार और हकदारी सुनिश्चित करना आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस नीति के लगातार कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप देश भर में वामपंथी उग्रवाद की हिंसा में लगातार कमी आई है। उन्होंने कहा कि वामपंथी उग्रवाद से संबंधित हिंसक घटनाओं की संख्या में 2010 के उच्च स्तर के मुकाबले 2022 में 77 प्रतिशत की कमी आई है। वर्ष 2010 की तुलना में 2022 में सुरक्षा बलों और नागरिकों की मौतों की संख्या में भी 90 प्रतिशत की कमी आई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2004 से 2014 तक, वामपंथी उग्रवाद से संबंधित 17,679 घटनाएं हुईं और 6,984 मौतें हुईं। इसके विपरीत, 2014 से 2023 तक (15 जून 2023 तक) उग्रवाद से संबंधित 7,649 घटनाएं हुई हैं और 2,020 मौतें हुई हैं।



बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, आदिवासी कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा व अजित डोभाल।

**2022 में पिछले चार दशकों में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हिंसा की सबसे कम घटनाएं हुईं**

# मुफ्त की रेवड़ी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

- मप्र और राजस्थान सरकार से चार हफ्ते में मांगा जवाब
- केंद्र, निर्वाचन आयोग और रिजर्व बैंक को भी नोटिस

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश और राजस्थान में विधानसभा चुनावों से पहले मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का आरोप लगाने वाली जनहित याचिका पर दोनों राज्य की सरकारों से शुक्रवार को जवाब मांगा। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने जनहित याचिका पर केंद्र, निर्वाचन आयोग तथा रिजर्व बैंक को भी नोटिस जारी किया। याचिका में आरोप लगाया गया है कि दोनों राज्य की सरकारें मतदाताओं को प्रलोभन देने के लिए करदाताओं के पैसों का दुरुपयोग कर रही हैं। याचिकाकर्ता की पैरवी करने वाले वकील ने कहा कि चुनाव से पहले सरकार द्वारा नकदी बांटने से ज्यादा खराब और कुछ नहीं हो सकता। हर बार यह होता है और इसका बोझ आखिरकार करदाताओं पर आता है। पीठ ने कहा कि नोटिस जारी करिए। चार सप्ताह के भीतर जवाब दें। न्यायालय ने भट्टूलाल जैन की याचिका पर सुनवाई की और इसे लंबित एक अन्य याचिका के साथ नत्थी करने का आदेश दिया।

### महिला न्यायाधीशों की संख्या में हो रही बढ़ोतरी : सीजेआइ

नयी दिल्ली। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने महिला न्यायिक अधिकारियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि का जिक्र करते हुए शुक्रवार को कहा कि अब यह राष्ट्रव्यापी स्तर पर हो रहा है। प्रधान न्यायाधीश ने सुनवाई की शुरूआत में कहा कि हम एक खुशखबरी साझा करना चाहते हैं। पिछली पंक्ति में महाराष्ट्र के दीवानी न्यायाधीश कनिष्ठ प्रभाग के 75 न्यायाधीश बैठे हैं। कुल 75 न्यायाधीशों के इस समूह में से 42 महिलाएं और 33 पुरुष हैं। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रव्यापी स्तर पर हो रहा है। महिला न्यायाधीशों की संख्या अधिक है। इस दौरान न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ के साथ न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी पीठ में मौजूद थे।

## मेरा पिया घर आया 2.0 में नजर आयेंगी सनी लियोनी



**मुंबई।** माधुरी दीक्षित नेने की 1995 की ब्लॉकबस्टर फिल्म याराना का सुपरहिट गाना मेरा पिया घर आया के रीक्रिएटेड वर्जन में अभिनेत्री सनी लियोनी नजर आएंगी। मेरा पिया घर आया 2.0' का टीजर गुरुवार को जारी किया गया और गाना 8 अक्टूबर को रिलीज किया जाएगा। गाने को नीति मोहन ने गाया है। कोरियोग्राफर विजय गांगुली ने इस डांस नंबर को दोबारा बनाया, जिसमें अनु मलिक के सदाबहार संगीत के साथ माधुरी के कामुक आकर्षण का मिश्रण है, जो मूल रूप से प्रसिद्ध कोरियोग्राफर सरोज खान ने कोरियोग्राफ किया था। इस ट्रैक को मूल रूप से कविता कृष्णमूर्ति ने गाया था और संगीत अनु मलिक ने दिया था।


### सेंसेक्स 364 अंक चढ़ा

**मुंबई।** रजर्व बैंक ने शुक्रवार को नीतिगत दर रेपो पर यथास्थिति बनाए रखने का फैसला किया, जिसके बाद प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार दूसरे दिन तेजी आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 364.06 अंक या 0.55 प्रतिशत चढ़कर 65,995.63 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 464.24 अंक या 0.70 प्रतिशत उछलकर 66,095.81 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी 107.75 अंक या 0.55 प्रतिशत बढ़कर 19,653.50 अंकपर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व छह प्रतिशत, बजाज फाइनेंस चार प्रतिशत, टाइटन 2.98 प्रतिशत बढ़ा। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, आईटीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, टीसीएस और मारुति में भी उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल और एचडीएफसी बैंक में गिरावट हुई। ब्रेंट क्रूड 0.02 प्रतिशत गिरकर 83.94 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था।

## रेपो रेट लगातार चौथी बार 6.5 प्रतिशत पर बरकरार

- मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर इएमआइ में नहीं होगा कोई बदलाव
- रिजर्व बैंक ने खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को 5.4 % पर बरकरार रखा

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को लगातार चौथी बार नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। खुदरा मुद्रास्फीति के अब भी लक्ष्य से ऊंचा रहने के बीच केंद्रीय बैंक ने यह कदम उठाया है। केंद्रीय बैंक ने साथ ही महंगाई को लक्ष्य के दायरे में लाने के लिए जरूरी होने पर बॉन्ड बिक्री के जरिये बैंकों से अतिरिक्त नकदी निकालने की भी बात कही। रेपो दर के 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में कोई बदलाव नहीं होगा। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि एमपीसी के सभी छह सदस्यों ने परिस्थितियों पर गौर करने के बाद आम सहमति से रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर कायम रखने का फैसला किया। साथ ही एमपीसी उदार रुख को वापस लेने के लिए काम करती रहेगी। दास ने कहा कि उच्च मुद्रास्फीति वृहद आर्थिक स्थिरता और आर्थिक वृद्धि के लिये एक बड़ा जोखिम है। हमारा पूरा ध्यान टिकाऊ आधार पर मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के लक्ष्य पर लाने पर है। उन्होंने कहा कि हमने पूर्व में रेपो दर में जो 2.5 प्रतिशत की कटौती की है, उसका पूरा असर अभी नहीं हुआ। इसको देखते हुए एमपीसी ने बैठक में रेपो दर को यथावत रखते हुए उदार रुख को वापस लेने के रास्ते पर बने रहने का निर्णय किया है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में मुद्रास्फीति में तेजी के बावजूद चालू वित्त वर्ष के लिये खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को 5.4 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त महीने में सालाना आधार पर नरम होकर 6.83 प्रतिशत रही, जो जुलाई में 15 माह के उच्चस्तर 7.44 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। महंगाई का यह आंकड़ा आरबीआई के मुद्रास्फीति के चार प्रतिशत के लक्ष्य से अधिक है। दास ने कहा कि महंगाई को काबू में लाने के लिये जरूरी होने पर आरबीआई बैंकों से अतिरिक्त नकदी निकालने को बॉन्ड बिक्री पर विचार कर सकता है। दास ने कहा कि खाद्य मुद्रास्फीति पर पैनी नजर बनी हुई है। इसका कारण न केवल इसके दहाई अंक में होना है, बल्कि सामान्य से कम मानसून और धीमी बुवाई को देखते हुए भी यह जरूरी है।



### भारत दुनिया की वृद्धि का नया इंजन बनने को तैयार : शक्तिकांत दास

मुंबई। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि भारत दुनिया की वृद्धि का इंजन बनने के लिए तैयार है। गवर्नर ने कौटिल्य के महान ग्रंथ अर्थशास्त्र को उद्धृत करते हुए कहा कि देश की प्रगति के लिए वृहद-आर्थिक स्थिरता और समावेशी विकास बुनियादी तत्व हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कई तरह के और अप्रत्याशित झटकों से निपटने के लिए हमने जिस तरह का नीतिगत मेल किया है, उसने वृहद-आर्थिक एवं वित्तीय स्थिरता को मजबूती दी है उन्होंने कहा कि बाह्य क्षेत्र भी काफी हद तक प्रबंधन के लायक बना हुआ है। उन्होंने कहा कि दशक भर पहले के दोहरे बहीखाते के दबाव की जगह अब दोहरे बहीखाते के लाभ की स्थिति है जिसमें बैंकों एवं कंपनियों दोनों के खाते मजबूत हैं।

## बसों की गुणवत्ता में आयेगा सुधार

- बॉडी निर्माण के लिए अब नये मानक होंगे : गडकरी

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** यात्री बसों को सड़क सुरक्षा की कसौटी पर पूरी तरह फिट बनाने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भारत-एनसीएपी के तहत नए मानकों को अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। गडकरी ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट किया कि बस बाडी के निर्माण के लिए अब नए मानक होंगे और ये ओरिजनल इक्विपमेंट मैन्यूफैक्चर्स (ओईएम) तथा बस बाडी बनाने वाली कंपनियों, दोनों पर समान रूप से लागू होंगे।

गडकरी के मुताबिक बस दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए यह एक बड़ा कदम है, जो सड़क सुरक्षा के लिहाज से काफी कारगर साबित होगा। गडकरी ने अपनी पोस्ट में कहा है कि बस निर्माण के नए मानकों को अपनाने के साथ देश में बसों की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। ये इनमें सफर करने वाले लोगों को सुविधा और आराम का अहसास कराएंगी और इसके साथ ही उनकी सुरक्षा भी बेहतर तरीके से सुनिश्चित करेंगी।

**अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार बसों की गुणवत्ता में होगा सुधार:** गडकरी ने कहा कि नए मानकों का मुख्य उद्देश्य आपात स्थिति यानी दुर्घटना के समय यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। नए मानकों के लिए मानक अधिसूचना जल्द जारी की जाएगी। इस पर लोगों के सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। गडकरी ने उम्मीद जताई कि सभी पक्ष इस पहल का समर्थन करेंगे ताकि लोगों की सुरक्षा के सबसे अहम पहलू पर सबसे अधिक ध्यान दिया जा सके। गडकरी देश में बसों के स्तर पर पहले से सवाल खड़े करते रहे हैं। उन्होंने बस निमार्ताओं और ओईएम से लगातार यह अपील की कि वे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार बसों की गुणवत्ता में सुधार करें। देश की आटो इंडस्ट्री में ओईएम के पास अपार अवसर हैं, लेकिन प्रदर्शन बहुत खराब है।

## चंद्रयान-3 के लैंडर व रोवर के पुनः सक्रिय होने की कोई उम्मीद नहीं!

**बेंगलुरु।** चंद्रयान-3 के लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान के पुनः सक्रिय होने की अब कोई उम्मीद नहीं है।

यह बात शुक्रवार को एक जाने-माने अंतरिक्ष वैज्ञानिक ने कही, जो भारत के तीसरे चंद्र मिशन के संभावित अंत का संकेत है। मिशन से सक्रिय रूप से जुड़े रहे अंतरिक्ष आयोग के सदस्य एवं इसरो के पूर्व अध्यक्ष ए एस किरण कुमार ने कहा कि नहीं, नहीं, अब इसके फिर सक्रिय होने की कोई उम्मीद नहीं है। अगर यह होना होता, तो अब तक हो जाना चाहिए था। इसरो ने 22 सितंबर को कहा था कि नया चंद्र दिवस शुरू होने के बाद सौर ऊर्जा चालित विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर के साथ संपर्क स्थापित करने के प्रयास किए गए हैं ताकि उनके फिर से सक्रिय होने की संभावना का पता लगाया जा सके। इसने कहा था कि फिलहाल उनकी (लैंडर और रोवर) ओर से कोई संकेत नहीं मिले हैं और संपर्क स्थापित करने के प्रयास जारी रहेंगे। चंद्रयान-3 मिशन के साथ भारत ने 23 अगस्त को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में सॉफ्ट लैंडिंग कर इतिहास रच दिया था और ऐसा करने वाला यह दुनिया का पहला देश बन गया था। इसके साथ ही भारत चंद्रमा पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग के साथ अमेरिका, पूर्ववर्ती सोवियत संघ और चीन के बाद ऐसा करने वाला विश्व का चौथा देश बन गया था। इसरो ने चंद्रमा पर रात होने से पहले क्रमशः 4 और 2 सितंबर को लैंडर तथा रोवर को निष्क्रिय अवस्था (स्लीप मोड) में डाल दिया था, जिनके 22 सितंबर के आसपास अगले सूर्योदय पर फिर से सक्रिय होने की उम्मीद थी।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# भारत के पक्षी और उनके संरक्षण के प्रयास: संरक्षण योग्य एक पंख-युक्त विरासत



**श्री बिवाश रंजन,**
(अतिरिक्त वन महानिदेशक (वन्यजीव), पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय)

भारत पक्षियों के मामले में एक अनूठी विविधता वाला का देश है। यहां के विविध भौगोलिक इलाकों में पक्षियों की बहुरंगी प्रजातियां निवास करती हैं। उत्तर में बर्फ से ढके हिमालय से लेकर दक्षिण में पश्चिमी घाट के मनमोहक जंगलों तक, और पश्चिम में राजस्थान के शुष्क रेगिस्तानों से लेकर उत्तर-पूर्व की हरी-भरी आर्द्रभूमि तक, भारत का पक्षी जगत इसके भूगोल की तरह ही विविधताओं से भरा है। स्टेट ऑफ इंडियाज बर्ड्स (एसओआईबी) 2023 रिपोर्ट से यह पता चलता है कि यह देश पक्षियों की 1,300 से अधिक प्रजातियों का निवास-स्थान है और पक्षियों की वैश्विक विविधता के लगभग 12.40 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। पक्षियों की इन 1,353 प्रजातियों में से 78 प्रजातियां (5 प्रतिशत) इस देश में स्थानिक हैं। हालांकि, इस जीवंत झुंड का भविष्य तेजी से अंधकारमय हो रहा है क्योंकि इनके निवास स्थान के विनाश, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन उनके अस्तित्व को खतरे में डाल रहे हैं।*

इस क्षेत्र में पक्षियों को वर्तमान में कई प्रकार के खतरों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें से सबसे महत्वपूर्ण खतरा निवास स्थान की हानि और ह्रास है। इसके बाद मानव और वन्यजीवों के बीच का संघर्ष है। आवासों की क्षति एवं हानि के मूल कारण जटिल व आपस में जुड़े हुए हैं।

इन कारणों में शहरीकरण, ढांचागत विकास, वर्तमान कृषि पद्धतियां, अत्यधिक दोहन के कारण प्राकृतिक वन आच्छादन को खतरा, संसाधनों की उच्च विदेशी मांग और संरक्षण समर्थक नीतियों का अपर्याप्त कानूनी प्रवर्तन शामिल हैं। जलवायु परिवर्तन एक और मंडराता हुआ खतरा है - मौसम के बदलते ढर्रे (पैटर्न), प्रवासन के बदले हुए मार्ग और भोजन की उपलब्धता में व्यवधान पक्षियों की कई प्रजातियों के अस्तित्व को प्रभावित कर रहे हैं। बढ़ता तापमान पक्षियों के प्रजनन और घोंसला बनाने के पैटर्न को प्रभावित कर रहा हैह्न

परिणामस्वरूप, कई पक्षियों के लिए अनुकूलन करना चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। आक्रामक प्रजातियों का समावेश एवं प्रसार भी संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ाकर और इकोसिस्टम में परिवर्तन करके देशज पक्षियों की आबादी पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

इन खतरों से निपटने के लिए भारत ने पक्षियों के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित 10-वर्षीय योजना झ ह्लदेश में पक्षियों की विविधता, उनके इकोसिस्टम, आवास और भौगोलिक परिदृश्य के संरक्षण के लिए दूरदर्शी परिप्रेक्ष्य योजना (2020-2030)ह्व झ का उद्देश्य भारत में पक्षियों और उनके आवासों के संरक्षण से संबंधित कार्रवाई को आगे बढ़ाना है। यह कदम भारत की राष्ट्रीय वन्यजीव कार्य योजना (2017 से 2031 तक) के अतिरिक्त है। इस कार्य योजना में भी पक्षियों एवं उनके आवासों की सुरक्षा से जुड़े कई संरक्षण कार्य शामिल हैं। यह योजना पक्षियों की दुर्लभ एवं लुप्तप्राय प्रजातियों की रक्षा के लिए छोटी, मध्यम और दीर्घकालिक योजनाओं की एक श्रृंखला का प्रस्ताव करती है, गंभीर रूप से लुप्तप्राय प्रजातियों की पुनर्प्राप्ति के लिए कार्यक्रम शुरू करती है, उनकी घटती हुई आबादी को थामने के लिए भौगोलिक परिवेश से संबंधित दृष्टिकोण पेश करती है। यह योजना इस तथ्य को भी रेखांकित करती है कि ग्रीन हाउस गैसों (जीएचजी) के उत्सर्जन के स्तर में बढ़ोतरी करने वाली मानवजनित गतिविधियां वैश्विक स्तर पर पर्यावरण पर भी प्रभाव डाल रही हैं। और इसीलिए, वह पक्षिजात (एविफॉन) पर ऐसे प्रभावों को कम व नियंत्रित करने के लिए वैज्ञानिक उपायों का आहवान करती है।



**फोटो :ग्रेट इंडियन बस्टर्ड साभार तस्वीर: सह्याद्रि निसर्ग मित्र**



**साभार पतली चोंच वाला गिद्ध तस्वीर: एस. के. अरुण**

भारत ने पक्षियों के महत्वपूर्ण प्राकृतिक वासों की सुरक्षा के प्रयासों को हमेशा प्राथमिकता दी है। आर्द्रभूमि की बहाली, पुनर्वनीकरण पहल और जैविक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना कुछ ऐसी रणनीतियां हैं, जिनका उपयोग किया जा रहा है। इसके अलावा, भारत के पक्षियों की सुरक्षा के लिए अवैध शिकार एवं अवैध वन्यजीव व्यापार के खिलाफ सख्त कानून आवश्यक हैं। भारत ने 2016 में 2017-2031 की अवधि के लिए तीसरी राष्ट्रीय वन्यजीव कार्य योजना का अनावरण किया था, जिसमें वन्यजीवों के संरक्षण हेतु भविष्योन्मुखी रोडमैप का विवरण दिया गया है। यह कार्य योजना इस अर्थ में अनूठी है कि इसमें पहली बार भारत ने वन्यजीवों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से संबंधित चिंताओं को पहचाना गया है और इनकी रोकथाम एवं अनुकूलन के लिए आवश्यक कार्यों को वन्यजीव प्रबंधन योजना की प्रक्रियाओं में समन्वित करने पर जोर दिया है। यह कार्य योजना इकोलॉजी की दृष्टि से मूल्यवान सभी वन्यजीवों के संरक्षण हेतु ह्लभौगोलिक परिदृश्य से संबंधित दृष्टिकोण को अपनाती है।

भारत के पक्षियों की विविधता भरी आबादी इस देश की प्राकृतिक समृद्धि का प्रमाण है। हालांकि, इन खूबसूरत पक्षियों को निवास स्थान के नुकसान से लेकर जलवायु परिवर्तन जैसे कई खतरों का सामना करना पड़ रहा है। उनके भविष्य की सुरक्षा के लिए संरक्षण के प्रयास आवश्यक हैं। संरक्षित क्षेत्रों, कानूनी उपायों, आवास बहाली और जन-जागरूकता के माध्यम से, भारत अपनी पंखयुक्त विरासत की रक्षा के लिए अथक प्रयास कर रहा है।

प्रत्येक व्यक्ति इन प्रयासों को समर्थन देकर और उनमें भागीदारी करके अपना योगदान दे सकता है ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए भारत के आकाश में अनमोल रंग-बिरंगे पक्षियों और उनके कोलाहल का बने रहना सुनिश्चित हो सके।

## भारत ने पक्षियों के महत्वपूर्ण प्राकृतिक वासों की सुरक्षा



**मनोज शर्मा**

भारत ने पक्षियों के महत्वपूर्ण प्राकृतिक वासों की सुरक्षा के प्रयासों को हमेशा प्राथमिकता दी है। आर्द्रभूमि की बहाली, पुनर्वनीकरण पहल और जैविक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना कुछ ऐसी रणनीतियां हैं, जिनका उपयोग किया जा रहा है। इसके अलावा, भारत के पक्षियों की सुरक्षा के लिए अवैध शिकार एवं अवैध वन्यजीव व्यापार के खिलाफ सख्त कानून आवश्यक हैं। भारत ने 2016 में 2017-2031 की अवधि के लिए तीसरी राष्ट्रीय वन्यजीव कार्य योजना का अनावरण किया था, जिसमें वन्यजीवों के संरक्षण हेतु भविष्योन्मुखी रोडमैप का विवरण दिया गया है। यह कार्ययोजना इस अर्थ में अनूठी है कि इसमें पहली बार भारत ने वन्यजीवों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से संबंधित चिंताओं को पहचाना गया है और इनकी रोकथाम एवं अनुकूलन के लिए आवश्यक कार्यों को वन्यजीव प्रबंधन योजना की प्रक्रियाओं में समन्वित करने पर जोर दिया है। यह कार्ययोजना इकोलॉजी की दृष्टि से मूल्यवान सभी वन्यजीवों के संरक्षण हेतु 'भौगोलिक परिदृश्य से संबंधित दृष्टिकोण' को अपनाती है।



भारत में पक्षियों की विविधता भरी आबादी इस देश की प्राकृतिक समृद्धि का प्रमाण है। हालांकि, इन खूबसूरत पक्षियों को निवास स्थान के नुकसान से लेकर जलवायु परिवर्तन जैसे कई खतरों का सामना करना पड़ रहा है। उनके भविष्य की सुरक्षा के लिए संरक्षण के प्रयास आवश्यक हैं। संरक्षित क्षेत्रों, कानूनी उपायों, आवास बहाली और जन-जागरुकता के माध्यम से, भारत अपनी पंखयुक्त विरासत की रक्षा के लिए अथक प्रयास कर रहा है। प्रत्येक व्यक्ति इन प्रयासों को समर्थन देकर और उनमें भागीदारी करके अपना योगदान दे सकता है ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए भारत के आकाश में अनमोल रंग-बिरंगे पक्षियों और उनके कोलाहल का बने रहना सुनिश्चित हो सके। (लेखक संपादक ग्रीन रिवोल्ट सह रांची विवि पत्रकारिता विभाग से जुड़ें हैं।)

## पक्षियों का वास, बचाने की आस



**प्रियंका चंद्रा**

भारत पक्षियों के लिहाज से एक अनूठी विविधता वाला का देश है। यहां के विविध भौगोलिक इलाकों में पक्षियों की बहुरंगी प्रजातियां निवास करती हैं। उत्तर में बर्फ से ढके हिमालय से लेकर दक्षिण में पश्चिमी घाट के मनमोहक जंगलों तक, और पश्चिम में राजस्थान के शुष्क रेगिस्तानों से लेकर उत्तर-पूर्व की हरी-भरी आर्द्रभूमि तक। भारत का पक्षी जगत इसके भूगोल की तरह ही विविधताओं से भरा है। स्टेट ऑफ इंडियाज बर्ड्स (एसओआईबी) 2023 की रिपोर्ट से पता चलता है कि यह देश पक्षियों की 1,300 से अधिक प्रजातियों का निवास-स्थान है और पक्षियों की वैश्विक विविधता के लगभग 12.40 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। पक्षियों की इन 1,353 प्रजातियों में से 78 प्रजातियां (5 प्रतिशत) इस देश में स्थानिक हैं। हालांकि, इस जीवंत झुंड का भविष्य तेजी से अंधकारमय हो रहा है, क्योंकि इनके निवास स्थान के विनाश, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन उनके अस्तित्व को खतरे में डाल रहे हैं।

इस क्षेत्र में पक्षियों को वर्तमान में कई प्रकार के खतरों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें से सबसे महत्वपूर्ण खतरा निवास स्थान की हानि और ह्रास है।इसके बाद मानव और वन्य जीवों के बीच का संघर्ष है। आवासों की क्षति एवं हानि के मूल कारण जटिल व आपस में जुड़े हुए हैं। इन कारणों में शहरीकरण, ढांचागत विकास, वर्तमान कृषि पद्धतियां, अत्यधिक दोहन के कारण प्राकृतिक वन आच्छादन को खतरा, संसाधनों की उच्च विदेशी मांग और संरक्षण समर्थक नीतियों का अपर्याप्त कानूनी प्रवर्तन शामिल हैं। जलवायु परिवर्तन एक और मंडराता हुआ खतरा है। मौसम के बदलते ढर्रे (पैटर्न), प्रवासन के बदले हुए मार्ग और भोजन की उपलब्धता में व्यवधान पक्षियों की कई प्रजातियों के अस्तित्व को प्रभावित कर रहे हैं। बढ़ता तापमान पक्षियों के प्रजनन और घोंसला बनाने के पैटर्न को प्रभावित कर रहा है। परिणामस्वरूप कई पक्षियों के लिए अनुकूलन करना चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। आक्रामक प्रजातियों का समावेश एवं प्रसार भी संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ाकर और इको सिस्टम में परिवर्तन करके देशज पक्षियों की आबादी पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।



इन खतरों से निपटने के लिए भारत ने पक्षियों के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित 10 वर्षीय योजना 'देश में पक्षियों की विविधता, उनके इको सिस्टम, आवास और भौगोलिक परिदृश्य के संरक्षण के लिए दूरदर्शी परिप्रेक्ष्य योजना (2020-2030)' झका उद्देश्य भारत में पक्षियों और उनके आवासों के संरक्षण से संबंधित कार्रवाई को आगे बढ़ाना है। यह कदम भारत की राष्ट्रीय वन्यजीव कार्ययोजना (2017 से 2031 तक) के अतिरिक्त है। इस कार्ययोजना में भी पक्षियों एवं उनके आवासों की सुरक्षा से जुड़े कई संरक्षण कार्य शामिल हैं। यह योजना पक्षियों की दुर्लभ एवं लुप्तप्राय प्रजातियों की रक्षा के लिए छोटी, मध्यम और दीर्घकालिक योजनाओं की एक श्रृंखला का प्रस्ताव करती है। गंभीर रूप से लुप्तप्राय प्रजातियों की पुनर्प्राप्ति के लिए कार्यक्रम शुरू करती है। उनकी घटती हुई आबादी को थामने के लिए भौगोलिक परिवेश से संबंधित दृष्टिकोण पेश करती है। यह योजना इस तथ्य को भी रेखांकित करती है कि ग्रीन हाउस गैसों (जीएचजी) के उत्सर्जन के स्तर में बढ़ोतरी करने वाली मानवजनित गतिविधियां वैश्विक स्तर पर पर्यावरण पर भी प्रभाव डाल रही हैं। और इसीलिए, वह पक्षीजात (एविफॉन) पर ऐसे प्रभावों को कम व नियंत्रित करने के लिए वैज्ञानिक उपायों का आह्वान करती है।

भारत ने पक्षियों के महत्वपूर्ण प्राकृतिक वासों की सुरक्षा के प्रयासों को हमेशा प्राथमिकता दी है। आर्द्रभूमि की बहाली, पुनर्वनीकरण पहल और जैविक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना कुछ ऐसी रणनीतियां हैं, जिनका उपयोग किया जा रहा है। इसके अलावा, भारत के पक्षियों की सुरक्षा के लिए अवैध शिकार एवं अवैध वन्यजीव व्यापार के खिलाफ सख्त कानून आवश्यक हैं। भारत ने 2016 में 2017-2031 की अवधि के लिए तीसरी राष्ट्रीय वन्यजीव कार्य योजना का अनावरण किया था, जिसमें वन्यजीवों के संरक्षण हेतु भविष्योन्मुखी रोडमैप का विवरण दिया गया है।



यह कार्ययोजना इस अर्थ में अनूठी है कि इसमें पहली बार भारत ने वन्यजीवों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से संबंधित चिंताओं को पहचाना गया है और इनकी रोकथाम एवं अनुकूलन के लिए आवश्यक कार्यों को वन्यजीव प्रबंधन योजना की प्रक्रियाओं में समन्वित करने पर जोर दिया है। यह कार्ययोजना इकोलॉजी की दृष्टि से मूल्यवान सभी वन्यजीवों के संरक्षण हेतु 'भौगोलिक परिदृश्य से संबंधित दृष्टिकोण' को अपनाती है।

## भारत में डॉल्फिन और संरक्षण के प्रयास

**लीना नंदन**

डॉल्फिन एक अद्भुत प्रजाति है, जो अपनी बुद्धिमत्ता और करिश्माई आकर्षण केलिए जानी जाती है। भारत में यह विलक्षण जीव सांस्कृतिक और पारिस्थितिकीय दोनों रूपों में महत्वपूर्ण है। ये जीव अपनी चपलता और चंचल व्यवहार दोनों के लिए जाने जाते हैं, जिससे वे वन्य जीवन पर नजर रखने वालों के बीच लोकप्रिय हैं। भारत अपने तटीय और मीठे पानी वाले क्षेत्रों में रहने वाली डॉल्फिन प्रजातियों की समृद्ध विविधता से परिपूर्ण है। इंडो-पैसिफिक हंपबैक डॉल्फिन और गंगा नदी में पाई जाने वाली डॉल्फिन प्रजातियां सबसे मुख्य हैं। ये डॉल्फिन प्रजातियां अपने पयार्वास के आसपास पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। गंगा नदी में पाई जाने वाली डॉल्फिन प्रजाति अपने गुलाबी रंग और मीठे पानी के वातावरण के लिए अद्वितीय अनुकूलन के साथ, गंगा, ब्रह्मपुत्र और उनकी सहायक नदियों में पाई जाने वाली एक विशिष्ट प्रजाति है।



हालांकि, डॉल्फिन संरक्षण को पयार्वास विखंडन, जल प्रदूषण, मत्स्य पालन सहित मानवीय हस्तक्षेप, बांध और बैराज तथा जलवायु परिवर्तन जैसी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। भारत में डॉल्फिन संरक्षण के लिए प्राथमिक चुनौती उसके पयार्वास का क्षरण है। तेजी से शहरीकरण, औद्योगीकरण और अस्थिर कृषि पद्धतियों के कारण जल प्रदूषण, पयार्वास का विनाश होने के साथ-साथ नदियों और उनके मुहानों में जल का प्रवाह कम हो गया है। ये परिवर्तन उस नाजुक इको सिस्टम को नुकसान पहुंचाते हैं, जिस पर डॉल्फिन अपने अस्तित्व के लिए निर्भर हैं। कृषि के साथ-साथ औद्योगिक और घरेलू कचरे से होने वाला प्रदूषण डॉल्फिन के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है। प्रदूषण के घटक जल स्रोतों को दूषित करते हैं, इनके लिए खाद्य की उपलब्धता को प्रभावित करते हैं, और खाद्य में विषाक्त पदार्थों या जैवसंचय के माध्यम से डॉल्फिन को सीधे नुकसान पहुंचा सकते हैं।

डॉल्फिन भी अक्सर मछली पकड़ने के दौरान और समुद्र के औद्योगीकरण का अनजाने शिकार बन जाती हैं। वे मछली पकड़ने के जाल में फंस जाती हैं, जिससे वे घायल होती हैं या उनकी मृत्यु हो जाती है। नदियों पर बांधों और बैराजों के निर्माण से पानी का प्राकृतिक प्रवाह बाधित होता है और डॉल्फिन की आबादी अलग-थलग हो जाती है। यह विखंडन उनकी आनुवंशिक विविधता को कम करता है और उन्हें अंतः प्रजनन और स्थानीय तौर पर विलुप्त होने के लिए बाध्य करता है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, जैसे समुद्र के बढ़ते तापमान और समुद्र के जल स्तर में वृद्धि का डॉल्फिन की आबादी पर अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। मछलियों की अनियमित संख्या और महत्वपूर्ण पयार्वासों का नुकसान इनके संभावित परिणाम हैं।

इनके महत्व, पर्यावरणीय लाभ और मानव कल्याण में योगदान को ध्यान में रखते हुए, भारत समुद्री और नदियों में पाई जाने वाली दोनों डॉल्फिन के संरक्षण में अग्रणी है। भारत सरकार द्वारा 2020 में प्रोजेक्ट डॉल्फिन लॉन्च किया गया। प्रोजेक्ट डॉल्फिन में विशेष रूप से गणना और अवैध शिकार विरोधी गतिविधियों में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से जलीय और समुद्री डॉल्फिन और जलीय पयार्वास दोनों का संरक्षण शामिल है। यह परियोजना मछुआरों और अन्य नदी/समुद्र पर निर्भर आबादी को शामिल करेगी और स्थानीय समुदायों की आजीविका में सुधार करने का प्रयास करेगी। डॉल्फिन के संरक्षण के लिए ऐसी गतिविधियों की भी परिकल्पना की जाएगी, जो नदियों और महासागरों में प्रदूषण को कम करने में भी मदद करेगी।

इसके अतिरिक्त, गंगा नदी में पाई जाने वाली डॉल्फिन को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा भारत के राष्ट्रीय जलीय जीव के रूप में नामित किया गया है और केंद्र प्रायोजित 'वन्यजीव पयार्वासों का विकास' योजना के तहत राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 22 गंभीर रूप से लुप्तप्राय प्रजातियों में से एक के रूप में शामिल किया गया है। गंगा नदी के किनारे डॉल्फिन के महत्वपूर्ण पयार्वासों को विक्रमशिला डॉल्फिन अभयारण्य, बिहार जैसे संरक्षित क्षेत्रों के रूप में अधिसूचित किया गया है। नदी में पाई जाने वाली डॉल्फिन और जलीय पयार्वासों का हित सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक कार्ययोजना (2022-2047) विकसित की गई है और विभिन्न हितधारकों और संबंधित मंत्रालयों की भूमिका की पहचान की गई है।

इसलिए, भारत में डॉल्फिन का संरक्षण एक बहुआयामी प्रयास है, जिसके लिए सरकारी निकायों, गैरसरकारी संगठनों, स्थानीय समुदायों और जनता के बीच समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। पयार्वास क्षरण, प्रदूषण, मत्स्य पालन, ध्वनि प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन का समाधान करके, भारत अपने करिश्माई समुद्री डॉल्फिन के दीर्घकालिक अस्तित्व को सुनिश्चित कर सकता है और अपने समुद्री इको सिस्टम के स्वास्थ्य की रक्षा कर सकता है। भारतीय जल में इन उल्लेखनीय प्राणियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए संरक्षण के प्रयासों के प्रति निरंतर समर्पण आवश्यक है।